रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 7 जून 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-290 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### कृषि को बढ़ावा देने वाले दो अध्यादेश जारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केन्द्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में सुधारों को लेकर दो अध्यादेश जारी किये हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश 2020 और मूल्य आश्वासन पर किसान समझौता (अधिकार प्रदान करना और सुरक्षा) और कृषि सेवा अध्यादेश 2020 के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी ।

### कांकेर जिले में जवान ने की आत्महत्या

**कांकेर।** कांकेर जिले के पखांजुर इलाके में तैनात एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल की 157 वीं बटालियन के जवान कल सर्च और गश्त के लिए संगम से निकले थे। आज तड़के जवान सर्चिंग से कैम्प लौटे थे। कैम्प में आते ही सुरेश कुमार नामक एक जवान ने अपनी सर्विस रायफल ए के 47 से खुद पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

### नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिला अंतर्गत मैनपुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो दिन पहले माओवादी नक्सली गोबरा गांव में %जन चौपाल% लगा कर गेंदलाल यादव (55) को अपने साथ ले गए थे। उसके बाद कल उसकी हत्या कर शव को फेंक दिया। मैनपुर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### मार्च 2021 तक नहीं शुरू होगी नई योजना

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** मोदी सरकार ने चालू वित्त वर्ष में किसी भी नई योजना को शुरू करने पर रोक लगा दी है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने एक आधिकारिक परिपत्र जारी किया गया है जिसके अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए किसी नई योजना की शुरुआत पर रोक लगा दी गई है। ये रोक उन योजनाओं पर हैं जो स्वीकृत या मूल्यांकन श्रेणी में हैं। हालांकि, आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं पर रोक नहीं रहेगी।

# छत्तीसगढ़ में आज कोरोना से 4थी मौत संक्रमितों की संख्या पहुंची 923

### 5 मई को एम्स में भर्ती किया गया था

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में शनिवार को एक कोरोना रोगी युवती की मौत की पुष्टि के बाद अब एक युवक की उपचार के दौरान एम्स रायपुर में मौत हो गई है। इसकी पुष्टि एम्स प्रबंधन ने अपने ट्विटर हैंडल पर की है। एम्स के मुताबिक मृतक बिलासपुर निवासी है। 34 वर्षीय युवक को 5 मई को एम्स में भर्ती किया गया था। एम्स के तमाम प्रयासों के बाद उसे बचाया नहीं जा सका। 6 जून सुबह 11.30 बजे युवक की मौत हो गई। एम्स के मुताबिक युवक एचआईवी पॉजिटिव भी था। युवक की मौत के बाद यह छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीज की चौथी मौत है।




### एम्स के डायरेक्टर डॉ. नागरकर ने की मौत की पुष्टि

प्रदेश में कोरोना से एक और मौत हुई है। कोरोना संक्रमित एक पुरुष मरीज ने रायपुर एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। बातचीत में मौत की पुष्टि एम्स के निदेशक डॉ. नितिन एम नागरकर ने की है। उन्होंने बताया कि एक पुरुष मरीज की मौत हुई है। लेकिन वह कोरोना के साथ-साथ एचआईवी सं मित भी था। डॉ. नागरकर ने बताया कि जो लोग पहले से गंभीर बीमारियों से ग्रसित होते हैं, उनमें इम्यूनिटी कम होती है। जिनमें इम्यूनिटी कम होती है उन पर कोरोना बहुत ज्यादा बुरा असर करने लगता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति में इम्यूनिटी न के बराबर हो जाती है। डॉ. नागरकर ने बताया कि आगे और भी ऐसे पेशेंट आने का अनुमान है, जिसके लिए एम्स प्रबंधन प्लानिंग कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले एम्स में एक महिला की भी मौत हुई है, उसे कोरोना संक्रमण के साथ ही ब्लड कैंसर भी था। उल्लेखनीय है कि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक राज्य में अब तक कोरोना से 2 मरीजों की जान गई है। जबकि चर्चा इस बात की चल रही है कि शनिवार को मौत का मामला मिलाकर यह राज्य में चौथी डेथ है।

### रायपुर में 4 मरीज समेत प्रदेश में 23 नये मामले आये सामने

शनिवार की सुबह 18 नये मरीज के साथ कोरोना संक्रमण मरीजों की शुरूआत हुई है जो रात तक 23 मरीजों की पहचान हुई है, उसमें सर्वाधिक 14 मरीज बलौदाबाजार से मिले हैं, जबकि कोरबा से तीन और सूरजपुर से मिले हैं। वहीं 12 कोरोना मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है। एम्स में भर्ती एक युवती की कोरोना से मौत हुई है। इससे पहले कोरोना ने शु वार प्रदेश में सारे रिकार्ड तोड़ दिये थे। एक ही दिन में शु वार को प्रदेश में 129 नये कोरोना के मरीज मिले थे। अब एक्टिव मरीजों की संख्या अब बढ़कर 679 हो गयी है, वहीं कुल सं मितों का आंकड़ा अब 919 हो गयी है। इससे पहले प्रदेश में बुधवार को 86, गुरुवार को 93 मरीज, शु वार को 127 मरीज मिले थे। राजधानी में लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। रायपुर जिले में विगत दिनों से नए मरीजों की पहचान हो रही है। शनिवार को 4 लोगों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसकी पुष्टि एम्स प्रबंधन ने अपने ट्विटर हैंडल पर की है। एम्स से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर में 4 और पॉजिटिव मरीज की पहचान हुई है। इनमें से एक मरीज का उपचार पहले से ही एम्स में जारी है।

### विश्व में कोरोना से 67.59 लाख लोग संक्रमित

**बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली (वार्ता)।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड 19) से दुनिया भर में अब तक 67.59 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 3.95 लाख से अधिक की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस से दुनिया भर में अब तक 67,59,061 लोग सं मित हुए हैं तथा 3,95,461 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इस वायरस से संक्रमित 2,721,983 मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना वायरस से प्रभावित होने के मामले में अमेरिका विश्व भर में पहले और ब्राजील दूसरे तथा रूस तीसरे स्थान पर है। दूसरी तरफ इस महामारी से हुई मौतों के आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका पहले, ब्रिटेन दूसरे और ब्राजील तीसरे क्रम पर है।

## कोरोना संक्रमित विश्व में भारत पहुंचा छठे स्थान पर, एक दिन में 9887 मामले

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के सर्वाधिक 9887 मामले सामने आये हैं जिससे कुल संक्रमितों की संख्या 2.36 लाख हो गयी है तथा भारत विश्व में सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गया है। इस दौरान कोरोना संक्रमण से सर्वाधिक 294 लोगों की मौत हुई है जिससे मृतकों की संख्या 6642 हो गयी है। भारत संक्रमितों के मामले में इटली को पीछे छोड़ कर दुनिया भर में छठे स्थान पर पहुंच गया है। इटली में 234531 लोग इससे संक्रमित हैं तथा 33,774 लोगों की मौत हुई है।




केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंक?ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 9887 नये मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या बढ़कर संक्रमितों की संख्या बढ़कर 236657 हो गयी। इस दौरान 294 लोगों की मौत से मृतकों की संख्या 6642 हो गयी। देश में इस समय कोरोना के 115942 सक्रिय मामले हैं, जबकि 114073 लोग इस महामारी से निजात पाने में कामयाब हुए हैं। विश्व में कोरोना संक्रमण से प्रभावित देशों की सूची में अमेरिका पहले स्थान पर है , जहां इस महामारी से अब तक 1,897,239 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 1,09,042 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद ब्राजील (6.45 लाख) , रूस (4.50 लाख), ब्रिटेन (2.83 लाख) और स्पेन (2.41 लाख) और भारत(2.36 लाख) का स्थान है। महाराष्ट्र इस महामारी से देश में सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। राज्य में पिछले 24 घंटों में हालांकि संक्रमितों की संख्या में तुलनात्मक रूप से थोड़ी कमी दर्ज की गयी है और इस दौरान 2436 नये मामले दर्ज किये गये हैं और 139 लोगों की मौत हुई है जिसके साथ ही राज्य में इससे प्रभावित होने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 80229 तथा इस जानलेवा विषाणु से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2849 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 1475 लोग रोगमुक्त हुए है ➤शेष पेज 8 पर

## तीन साल बाद फिर उड़ी दाऊद इब्राहिम की मौत की अफवाह

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

तीन साल बाद एक बार फिर मीडिया में भारत के मोस्ट वॉन्टेड दाऊद इब्राहिम के मरने की अटकलें चरम पर हैं। सोर्स के हवाले से रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कोरोना संक्रमित होने के बाद दाऊद और उसकी पत्नी महजबीन उर्फ जुबीना जरीन को कराची मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और वहीं उसकी मौत हो गई। इस तथाकथित रिपोर्ट की कहीं से कोई पुष्टि नहीं हुई है और होने की उम्मीद भी कम है। वैसे, दाऊद के छोटे भाई अनीस ने शुक्रवार को ही दाऊद के संक्रमित होने की मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया था।

ऐसा नहीं है कि दाऊद इब्राहिम के मरने की अटकलें पहली बार आई हैं। तीन साल पहले यानी 2017 में भी अप्रैल महीने में दाऊद की मौत को लेकर ऐसी ही तेज अफवाह थी। खबर फैली थी कि दिल का दौरा पड़ने के बाद दाऊद



की मौत हो गई। हालांकि, मुंबई पुलिस और बाद में दाऊद के भाई छोटा शकील ने इन अटकलों को खारिज कर दिया था।

जब दाऊद को हार्ट अटैक आने और मौत की रिपोर्ट्स आ रही थीं, ठीक उसी दौरान वह 19 अप्रैल 2017 को जावेद मियांदाद के घर एक पार्टी में दिखे थे। मियांदाद के बेटे जुनैद और दाऊद की बेटी महरुख की साल 2005 में शादी हुई थी। हालांकि, अंडरवर्ल्ड के जानकार और दाऊद से मिल चुके कई वरिष्ठ पत्रकार यह मानते हैं कि पिछले कुछ सालों से उसे काफी बीमारियों ने घेर रखा है और उसकी तबीयत बहुत अच्छी नहीं रहती है। दाऊद को गैंगरिन जैसी खतरनाक बीमारी ने भी जकड़ रखा है।

### दाऊद की कहानी

दाऊद मार्च 1993 में हुए मुंबई बम ब्लास्ट का मास्टरमाइंड है। भारत छोड़ने के बाद उसने पहले खाड़ी देशों में और उसके बाद पाकिस्तान में जाकर पनाह ली। दाऊद इब्राहिम का जन्म 27 दिसंबर, 1955 को महाराष्ट्र के र ागिरी में हुआ था और उसके पिता शेख इब्राहिम अली कास्कर मुंबई पुलिस में हवलदार थे। दाऊद के गैंगस्टर बनने की शुरुआत हाजी मस्तान के साथ जुड़ने और डांगरी गैंगवार से हुई। समय के साथ-साथ दाऊद का क्रिमिनल रिकॉर्ड बढ़ता चला गया। हाजी मस्तान और अफगानिस्तान से आए प्रवासियों से बनी पठान गैंग के बीच हुई लड़ाई के बाद दाऊद काफी पावरफुल और खतरनाक होता चला गया।

## नकदी सहयोग नकार कर देश को बर्बाद कर रही है सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि कोरोना वायरस के



कारण पैदा हुए संकट के समय गरीब और एमएसएमई को नकदी में सहयोग नहीं देकर सरकार अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रही है। श्री गांधी ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि सरकार लोगों और सूक्ष्म, लघु तथा मझौले उद्योगों- एमएसएमई को नकद सहयोग नही देकर देश कीअर्थव्यवस्था को सक्रियता के साथ बर्बाद कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमे कहा गया है आज सभी लोग खरीदार और निवेशक हैं इसलिए अर्थव्यवस्था को बनाये रखने के लिए सबकी जेब मे नकदी डालना जरूरी है।

### 'लोगों की मदद न करना सरकार का अपराध'

राहुल ने इससे पहले कहा था कि संकट के इस दौर से गुजर रहे लोगों और उद्योगों को पैसा न देना सरकार की ओर से किया जा रहा अपराध है। उन्होंने यह भी कहा था कि लॉकडाउन पूरी तरह विफल रहा है। यह अपने मकसद को साबित नहीं कर पाया। उन्होंने शु वार शाम ट्विटर पर एक ग्राफिक्स शेयर कर यह बताने की कोशिश की थी। इसमें दुनिया के 4 सबसे प्रभावित देशों से भारत में सं मण के ब?ते मामलों की तुलना की गई थी।

## विष्णुदेव साय ने फिर सम्हाला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा के कद्दावर नेता विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार विधिवत ग्रहण कर लिया है,शनिवार को एकात्म परिसर रायपुर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करे नए पारी की शुरुवात पर बधाई दिया है। कार्यकर्ताओं सहित दिग्गज नेताओं ने पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया।जिसके बाद एकात्म परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार को पुनः बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी,इस समय वे विपक्ष पर हैं और दमदार विपक्ष का रोल अदा करते हुवे राज्य सरकार के वायदाखिलाफी व झूठों से राज्यवासियों को ➤शेष पेज 8 पर

### आज विधानसभा चुनाव हुए तो भाजपा की वापसी : साय

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं में गुटबाजी के आरोपों नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने नकार दिया। साय ने कहा कि हम सब एक हैं, आज छत्तीसगढ़ में चुनाव करा के देख लीजिए प्रदेश में भाजपा की फिर सरकार बन जाएगी। प्रदेश में आज चुनाव हो जाएं तो लोग कांग्रेस को नकार देंगे। भाजपा की विधानसभा चुनाव में हार पर साय ने कहा कि लगातार सत्ता में थे इतने समय सत्ता में रहने पर एंटी इनकम्बेंसी आ जाती है, इसके साथ ही कांग्रेस का लोकलुभावन घोषणा पत्र भी था आज एक भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश की जनता आज पछता रही है। विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दायित्व निभाना अब चुनौती है। सत्ताधारी दल के अध्यक्ष ➤शेष पेज 8 पर

**10 से कम और 65 साल से अधिक आयु वाले लोगों को दर्शन की अनुमति नहीं**

## 11 जून से कर पाएंगे तिरुपति बालाजी के दर्शन, हर घंटे में केवल 500 लोगों को मिलेगी अनुमति

एजेंसी ◄ तिरुपति
www.dailypioneer.com

देशभर में कोरोना वायरस लॉकडाउन के बाद आठ जून से धार्मिक स्थलों को फिर से खोलने की तैयारी चल रही है। तिरुपति बालाजी में भी यह तैयारी जोरों पर है। सरकारी दिशानिर्देशों के मुताबिक, आठ जून से तिरुपति बालाजी मंदिर के दरवाजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। बता दें कि तिरुपति बालाजी मंदिर 20 मार्च से बंद है।

आठ से 10 जून तक मंदिर के कर्मचारियों और उनके परिवार ही दर्शन कर पाएंगे। इसके लिए उन्हें भी ऑनलाइन टाइम स्लॉट बुक करना होगा।

11 जून से सुबह 6.30 से शाम 7.30 तक मंदिर में आम लोग दर्शन कर पाएंगे। दिशानिर्देशों के मुताबिक, एक दिन में केवल 6000 लोगों के दर्शन हो सकेंगे। हर घंटे में



केवल 500 लोगों को अनुमति मिल पाएगी। इस संबंध में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम् ट्रस्ट ने ये भी साफ किया है कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक 10 से कम और 65 साल से अधिक आयु वाले लोगों को दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंदिर में कोरोना के टेस्ट के लिए स्थायी कैंप होगा, जिसमें रोज 200 कर्मचारियों और श्रद्धालुओं का रैंडम टेस्ट होगा।

### मंदिर ने जारी किए दिशा निर्देश

- मंदिर के कर्मचारी 6 और 7 जून को इंट्रानेट के जरिए दर्शन की अनुमति ले पाएंगे। शुरुआती तीन दिन 8, 9 और 10 जून को मंदिर के कर्मचारी और उनके परिजनों को दर्शन की अनुमति रहेगी। मंदिर में कुछ 21 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं।
- 10 जून से लोकल दर्शनार्थियों के लिए टोकन काउंटर खुलेंगे। हर घंटे में केवल 500 लोगों को अनुमति मिल पाएगी।
- 11 जून से 3000 लोगों के लिए 300 रुपए वाले वीआईपी दर्शन टिकट उपलब्ध होंगे। इसकी बुकिंग ऑनलाइन ही होगी। इसके लिए ऑनलाइन कोटा 8 जून से ही शुरू हो जाएगा। लोग अपनी मनचाही तारीख के लिए टिकट बुक करा पाएंगे।
- गांवों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी ऑनलाइन अनुमति अनिवार्य होगी। इसके लिए पंचायत कर्मचारी ग्रामीणों की सहायता करेंगे।
- वीआईपी दर्शन सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक होंगे। इसके लिए भी वीआईपी को सेल्फ प्रोटोकॉल में ही जाना होगा। कोई सिफारिश पत्र नहीं दिया जाएगा।
- मंदिर में श्रीवारी हुंडी के नजदीक श्रद्धालुओं को हैंड सेनेटाइडर दिया जाएगा।
- मंदिर में मास्क लगाना, हैंड सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेंसिंग, थर्मल टैम्परेचर आदि चीजें अनिवार्य होंगी।
- मंदिर में श्रद्धालुओं को जो रूम धर्मशालाओं में अलॉट किया जाएगा वो एक बार खाली होने के बाद दोबारा किसी दूसरे को 12 घंटे बाद ही दिया जाएगा।

**शहरी नक्सली नेटवर्क का हुआ खुलासा**

## 695 राउंड कारतूस, एके 47 व एसएलआर बरामद, 4 गिरफ्तार

- बड़े नक्सली लीडर दर्शन पेद्दा से चारों का है संपर्क

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



4 जून को माओवादियों के लिए गोला बारूद एवं अन्य सामग्री के सप्लाई के संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर धमतरी निवासी मनोज शर्मा व बालोद जिले के गुंडरदेही निवासी हरिशंकर गेडाम को सुकमा एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन में सुकमा पुलिस ने मलकानगिरी चौक से घेराबंदी कर पकड़ा। इनके क़ब्ज़े से 395 राउंड कारतूस 303 व एसएलआर मिले है। पूछताछ में इनके पास और भी कारतूस होना बताया गया। जिसे आरोपियों ने धमतरी में छिपा कर रखा होना बताया। आगे की पूछताछ में बताया कि दुर्गकोंदल के गणेश कुंजाम व आत्माराम नरेटी ने उन्हें ये काम करने को कहा था और उन दोनों का सम्पर्क कांकेर के बड़े नक्सली लीडर दर्शन पेद्दा से है। जो प्रतापपुर एरिया कमेटी का सचिव है। कांकेर पुलिस की मदद से दोनों को दुर्गकोंदल से उक्त दोनों को भी गिरफ़्तार किया गया और इनके क़ब्ज़े से भी 70 राउंड आईएनएसएएस और 303 के मिले हैं। साथ ही पुलिस द्वारा धमतरी में रखे राउंड्ज़ को भी बरामद किया गया। कार्यवाही किये जाने तक तक 303, एके47, एसएलआर, आईएनएसएएस के कुल 695 राउंड्ज़ बरामद हुए हैं। सुकमा के कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 51/20 दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने की हैं।

# सीएम बघेल ने डिसइन्फेक्शन बॉक्स का किया लोकार्पण

## कोरोना संक्रमण की रोकथाम में होगा उपयोगी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने रायपुर निवास कार्यालय में डिसइन्फेक्शन उपकरण बॉक्स का लोकार्पण किया। यह बॉक्स कोरोना संक्रमण की रोकथाम में बेहद उपयोगी साबित होगा. इस उपकरण में किराना सामान, मास्क, चिकित्सकीय उपकरण, पीपीई किट, मोबाईल फोन, लेपटाप, लेपटाप बैग, करन्सी नोट और बहुत सी ऐसी चीजें रख सकते हैं, जिसे हम साबुन से नहीं धो सकते. यह उपकरण (यू.व्ही. प्योर) पैराबैगनी किरणों के माध्यम से इसके अंदर रखी गई वस्तुओं को डिसइन्फेंट करता है।

मुख्यमंत्री ने इस उपकरण की तारीफ की और इसे उपयोगी बताया। उन्होंने इस उपकरण को सार्वजनिक स्थानों, बड़े शापिंग माल, शो-रूम तथा अन्य निजी कार्यालयों और संस्थानों के लिए उपयोगी बताया।

यू.व्ही. प्योर बॉक्स को वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर डिजाईन किया गया है. इस उत्पाद की एक विशेषता यह है कि उसका 360 अंश डिजाईन यह सुनिश्चित करता है कि अंदर रखी वस्तु को चारों ओर से डिसइंफेक्ट करता है और किसी भी वस्तु को संक्रमित होने से रोक देता है। इस अवसर पर रायपुर स्थित स्टॉअप के सह संपादक आशीष हरलालका, गौरव अग्रवाल और गिरीश मिरानी ने मुख्यमंत्री को इस उपकरण की बारिकियों की जानकारी दी।

## परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो 15 तक मानसून देगा दस्तक

**रायपुर।** राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी का दौर अब थमने लगा है। इस सप्ताह राजधानी में हुई हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक के साथ पड़ी बौछारों से मौसम में काफी नरमी आई है। इधर आज से आषाढ़ मास भी प्रारंभ हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अब तेजी से आगे बढ़ रहा है, अनुमान है कि यह 15 जून तक प्रदेश में दस्तक दे देगा। इसके अलावा अब तीन-चार दिनों के भीतर प्री-मानसून की बौछारें भी शुरू हो सकती हैं।

राजधानी में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। इस सप्ताह के शुरूआत में हुई हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक के साथ पड़ी बौछारों ने भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को काफी राहत पहुंचाई है। यही हाल प्रदेश के विभिन्न शहरों का भी रहा, बीच-बीच में हुई बारिश ने नौतपा की तपिश को काफी कम कर दिया था। अरब सागर में उठे तूफान निसर्ग के चलते दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने में काफी मदद मिली और यह अपने निर्धारित समय पर आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि 15 जून तक यह प्रदेश में दस्तक भी दे देगा।

## मित्तल अस्पताल के पास,खपराभट्टी क्षेत्र में मिला कोरोना पॉजिटिव

कटेंटमेंट जोन में सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार जिला रायपुर में नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत मित्तल अस्पताल के पास ,खपराभट्टी क्षेत्र में 01 नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के फ्लस्वरुप उक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर ने पूर्व में बंद है, पश्चिम में बाबी मसीह के घर के सामने,शंकर नगर रोड,उत्तर में देवार डेरा के सामने खपराभट्टी और दक्षिण में मित्तल अस्पताल के सामने खपराभट्टी को कंटेंटमेंट जोन घोषित किया है।

इस कन्टेनमेंट जोन में प्रवेश अथवा निकास हेतु केवल 01 द्वार होगा। जिसमें तैनात पुलिस अधिकारी, फिजिकल डिस्टेंसिग सुनिस्चित करते हुए मेडिकल इमरजेंसी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेतु आवागमन करने वाले सभी व्यक्तियों का विवरण एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। कन्टेनमेंट जोन अंतर्गत सभी दुकानें, ऑफिस एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त पूर्णतः बंद रहेंगें। प्रभारी अधिकारी द्वारा कन्टेनमेंट जोन में होम डिलीवरी के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी हेतु विधिवत परिवहन अनुमति इंसीडेंट कमांडर द्वारा दी जाएगी। कन्टेनमेंट जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारण से कन्टेनमेंट जोन या मकान के बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। केवल मेडिकल इमरजेंसी की दशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर के द्वारा पास जारी कर इंसीडेंट कमांडर को सूचित किया जावे। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में संलग्न व्यक्ति फिजिकल डिस्टेंसिग तथा सेनिटाईजेशन सुनिश्चित करते हुये कन्टेनमेंट जोन में प्रवेश कर सकेंगें। अन्य किसी भी व्यक्ति को कन्टेनमेंट जोन से बाहर निकलना अथवा अन्दर आना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कन्टेनमेंट जोन में उपरोक्तानुसार लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने हेतु संबंधित थाना प्रभारी उत्तरदायी होगे।कन्टेनमेंट जोन में शासन की गाईडलाईन अनुसार व्यवस्था बनाये रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर के द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार कान्टेक्ट ट्रेसिंग, स्वास्थ्य निगरानी तथा सैम्पल की जांच इत्यादि आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

कटेंटमेंट जोन में प्रवेश अथवा निकास हेतु केवल 01 द्वार की व्यवस्था बेरिकेटिंग के लिए श्री अभिनव श्रीवास्तव,अनुविभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर मो.नं. 94241-20983, लोक निर्माण विभाग की मांग अनुसार बैरिकेडिंग हेतु बांस-बल्ली की आपूर्ति हेतु श्री विश्वनाथ मुखर्जी, उप वनामंडलाधिकारी रायपुर वनमंडल, रायपुर 90092-42222, कंटेंटमेंट जोन में सेनिटाइजेशन तथा आवश्यक वस्तुओ की आपूर्ति व्यवस्था हेतु अरुण कुमार साहू,जोन आयुक्त नगर पालिक निगम,जोन क्रमांक-03 रायपुर, मो नं. 81091-13933, घरो का एक्टिव सर्विलांस, स्वास्थ्य टीम को एसओपी अनुसार दवा, मास्क, पीपीई इत्यादी उपलब्ध कराने नियुक्त किया गया है।

## मस्जिदों में नमाज के लिए एडवाइजरी जारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने अनलॉक-वन के तहत धर्मस्थलों को खोलने का आदेश जारी किया है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें मस्जिदों में केवल फर्ज नमाजें अदा करने और परिसर की नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बुजुर्गों और बच्चों को मस्जिदों में आने से रोकने को भी कहा गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चैयरमेन सलाम रिजवी ने बताया कि सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत ही एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें मस्जिदों में फर्ज नमाजें ही पढ़ने और दूसरी नमाजें घर पर पढ़े जाने को कहा गया है। सलाम रिजवी ने बताया कि फर्ज नमाज जमात में एक साथ पड़ी जाती हैं, वहीं सुन्नत और नफिल नमाजें लोग अकेले पड़ते हैं। 8 जून से जारी होने वाली एडवाइरी में बच्चों और बुजुर्गों को मस्जिदों में आने से रोकने को कहा गया है।

गौरतलब है कि कोरोना के लॉक डाउन के चलते देश भर में धार्मिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही पर रोक लग गई थी, जहां हिन्दू समाज नवरात्रि की पूजा मंदिरों में नहीं कर सका, वहीं मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद और ईदगाहों में ईद की नमाज नहीं पढ़ सके। इसी बीच केंद्र सरकार द्वारा जारी अनलॉक-वन में धार्मिक स्थलों को छूट देने की घोषणा की गई।


## तमिलनाडु में फंसे मजदूरों की वापसी के लिए नेताम ने सीएम को लिखा पत्र



**रायपुर।** लॉकडाउन के दौरान तमिलनाडु के वेल्लूर जिले में छत्तीसगढ़ के मजदूरों को वापस लाने के लिए राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है। कोरोना वायरस के चलते देश के विभिन्न राज्यों में छत्तीसगढ़ के कामगर व मजदूर फंसे हुए हैं. बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 27 मजदूर तमिलनाडु के वेल्लूर जिले में फंसे हुए हैं, जिन्होंने राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम को फोन कर बताया कि उनके पास न तो राशन की व्यवस्था है, और न ही कोई मूलभूत सुविधा है. उन्होंने सांसद से राशन व्यवस्था कराने व छत्तीसगढ़ वापसी का आग्रह किया।

## जर्जर पानी टंकी ढही, एक मजदूर की दबने से मौत, दो गंभीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में शनिवार शाम को एक बड़ा हादसा हो गया. नगर निगम की जर्जर पानी टंकी तोड़ते समय स्लैब मजदूरों पर गिर गई. मलबे में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई. इसके साथ ही दो मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह घटना भाठागांव पानी टंकी की है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई. बचाव कार्य किया जा रहा है. मजदूर अभी भी मलबे में दबा हुआ है. जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के जर्जर पानी टंकी तोड़ने कई मजदूर लेकर चढ़े थे. हथौड़े से टंकी को तोड़ रहे थे. तभी अचानक स्लैब मजदूर के ऊपर भरभरा कर गिर गई. मलबे में दबने से एक मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

मृतक मजदूर का नाम संतोष साहू है. वे भाठागांव के ही रहने वाले थे. दो घंटे से बचाव कार्य जारी है. मौके पर पहुंचे महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि मामले में साफ लापरवाही दिख रही है. ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मृतक के परिजनों को मुआवजा दी जाएगी।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए गृह मंत्री ने चार आरक्षकों को दिया प्रशंसा पत्र



**रायपुर।** गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने कर्तव्य के साथ-साथ घुमन्तू और अनाथ बच्चों के लिए 'प्रयास' नाम से शैक्षणिक संस्था की स्थापना कर उन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए चार आरक्षकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। गृह मंत्री साहू ने रायपुर जिले में पदस्थ आरक्षक महेश नेताम, जितेन्द्र नाग, धनंजय गोस्वामी और सुनील पाठक द्वारा लगभग 200 घुमन्तू और अनाथ बच्चों के लिए किए जा रहे निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था को मानवीय दृष्टिकोण से उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित किया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भाजपा नेत्रियां धौंस दिखाकर कर्मचारियों-अधिकारियों पर कर रही हैं अत्याचार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



वैश्विक महामारी कोरोना से आज समूचा विश्व जूझ रहा है लेकिन भाजपा नेत्रियां गुंडा गर्दी करने में लगी है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा नेत्री के द्वारा मार्केटि कमेटी सचिव को जानवरों की तरह पीटा गया. भाजपा नेत्री आदमपुर मंडी में जाकर सरकारी कर्मचारी को चप्पल और थप्पड़ से पीटा और दूसरी तरफ केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह के द्वारा कोरोना काल में सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के साथ दादागिरी करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने यह भी धमकी दी कि अंधेरे कोठरी में बेल्ट निकालकर मुझे भी मारना आता है।

प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि आज कोरोना से लड़ाई में सरकारी, कर्मचारी, अधिकारी, मेडिकल स्टाफ और पुलिस के जवान अग्रिम पंक्ति के सिपाही की भूमिका निभा रहे है. अपने घर परिवार छोटे बच्चे, बुजुर्ग माता पिता से भी बढ़कर अपने काम को माना है। 24 घंटे काम में अधिकारी-कर्मचारी लगे हुए है. हमें अधिकारी कर्मचारी का हौसला बढ़ाना चाहिए. लेकिन भाजपा के नेता और नेत्रियां इस आपदा के समय में भी अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे. भाजपा नेत्रियां अपने पद की धौंस दिखा कर और सत्ता के घमंड में कर्मचारियों और अधिकारियों के ऊपर अत्याचार कर रही है जो निंदनीय है।

## दस्तावेज पंजीयन के लिए नया अपॉइंटमेंट सिस्टम लागू

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के बचाव तथा पक्षकारों की सुविधा को देखते हुए पंजीयक कार्यालय में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए अपॉइंटमेंट सिस्टम लागू रहेगा। दस्तावेजों के पंजीयन की संख्या में वृद्धि को देखते हुए विभाग द्वारा आज 6 जून से प्रत्येक आधे घंटे की अवधि में तीन पक्षकारों को अपॉइंटमेंट दिए जाने की व्यवस्था लागू की गई है। इससे पूर्व प्रत्येक आधे घंटे में मात्र दो पक्षकारों को दस्तावेजों के पंजीयन के लिए अपॉइंटमेंट दिया जा रहा था।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के उद्देश्य से पंजीयन विभाग में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए अपॉइंटमेंट व्यवस्था शुरू की गई है। इससे पक्षकारों को सुविधा होने के साथ ही दस्तावेजों के पंजीयन में आसानी हुई है। अभी भी कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

इसको देखते हुए पंजीयन कार्यालय में फिजिकल डिस्टेंसिंग के प्रावधानों का पालन करना आवश्यक है। अतएव पंजीयन कार्यालय में अपॉइंटमेंट व्यवस्था लागू रहेगी। विभाग द्वारा 6 जून से अपॉइंटमेंट व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया गया है। पहले हर आधे घंटे में दो अपॉइंटमेंट ग्रहण किए जा रहे थे, परंतु अब दस्तावेजों की संख्या अधिक होने के कारण प्रत्येक आधे घंटे में पंजीयन कार्यालय में दस्तावेज पंजीयन हेतु तीन अपॉइंटमेंट लिए जाएंगे।

## टेनिस एकेडमी के लिए जमीन आबंटित करने की प्रक्रिया शुरू



**रायपुर।** रायपुर में टेनिस एकेडमी के निर्माण के लिए तकनीकी बिंदुओं पर टेनिस संघ एवं फेडरेशन से समन्वय के लिए प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा को संघ का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

## तीर्थराज प्रयाग में अस्थियां प्रवाहित की गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेसानुसार लॉक डाऊन के दौरान प्रदेश मे मृतजनो की अस्थियाँ विसर्जित नही की जा सकी थी उनकी अस्थियाँ विसर्जन प्रयागराज मे कराने का निर्णय लिया गया था।

## साय की नियुक्ति से मरकाम को घबराहट, बेसिर पैर की बातें कर रहे : भाजपा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी और प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को लेकर की गई टिप्पणी को कांग्रेस का प्रलाप बताया और कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम भाजपा को अपनी कांग्रेस जैसे राजनीतिक चरित्र वाली पार्टी समझने की भूल कतई न करें। उसेंडी व कौशिक ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में साय की नियुक्ति से कांग्रेस नेताओं को अब अपना जनाधार खिसकने और भाजपा के राजनीतिक विस्तार का भय सताने लगा है और इसी घबराहट में कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम भी बेसिरपैर की बातें कर रहे हैं।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उसेंडी व नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम का यह कहना उनकी पार्टी के नितांत अलोकतांत्रिक राजनीतिक चरित्र का परिचायक है कि प्रदेश सरकार के कामकाज पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय सवाल कैसे कर सकते हैं? चुनावी हार-जीत और टिकट मिलने-न मिलने को किसी की राजनीतिक योग्यता का मापदंड मानना कांग्रेस की रीति-नीति रही है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम यह बात अच्छी तरह याद रखें कि भाजपा इन मापदंडों के बजाय अपने नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण, पुरुषार्थ और पराक्रम के बल पर राजनीतिक व संगठनात्मक योग्यता का सम्मान करती है। उसेंडी व कौशिक ने कहा कि दरअसल कांग्रेस के नेता प्रदेश सरकार की हर मोर्चे पर विफलता, प्रदेश के हर वर्ग के लोगों के साथ की गई और की जा रही वादाखिलाफी, दगाबाजी, भ्रष्टाचार के चलते यह बात अच्छी तरह समझ रहे हैं कि समय आने पर प्रदेश का प्रबुद्ध मतदाता छत्तीसग? में कांग्रेस को इतिहास के कड़ेदान में डाल देगा, इसीलिए वे तरह-तरह के विलाप-प्रलाप कर रहे हैं।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उसेंडी व नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि किसानों के साथ कर्जमाफी, दो साल के बकाया बोनस भुगतान, धान खरीदी के नाम पर किसानों की प्रताड़ना, पूर्ण शराबबंदी के नाम पर प्रदेश की जनभावनाओं से छलावा, बेरोजगारों के भविष्य को कुचलने, महिलाओं के साथ-साथ आम आदमी की दाँव पर सुरक्षा व आत्म-सम्मान, तेंदूपत्ता संग्राहकों का दो साल के बकाया बोनस का भुगतान, उनकी बीमा योजना और आदिवासी छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति बंद कर आदिवासियों की प्रताड़ना जैसे कर्मों वाली प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल के अपने शासनकाल में सिवाय केंद्र सरकार को कोसने और सियासी नौटंकियों के और कुछ तो किया नहीं है; अब कोरोना संक्रमण के खिलाफ जारी जंग में भी वह बुरी तरह विफल ही सिद्ध हो रही है। उसेंडी व कौशिक ने कहा कि आज भाजपा के उंगली उठाने पर विचलित होने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम यह बात नोट कर लें कि नए प्रदेश अध्यक्ष साय के नेतृत्व में भाजपा फिर अपना ऐसा राजनीतिक प्रभाव उत्पन्न करेगी कि प्रदेश का एक-एक मतदाता अपनी उंगली से कांग्रेस की इस नाकारा प्रदेश सरकार को सत्ता से ही बेदखल कर देगा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उसेंडी व नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि भाजपा क नए प्रदेश अध्यक्ष साय के राजनीतिक प्रभाव पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम उनके पूर्व कार्यकाल को याद कर लें जब भाजपा ने उनके नेतृत्व में न केवल सन 2008 के विधानसभा चुनाव और फिर सन 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को पटखनी दी थी।

## छोटे-बड़े 1429 कारखाने हुए शुरू : डहरिया

# 2.63 लाख श्रमिकों की वापसी, मनरेगा के तहत प्रवासी श्रमिकों को मिला रोजगार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसग? के लगभग 2 लाख 63 हजार श्रमिकों सहित अन्य लोग सकुशल वापस लौट चुके हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर अन्य राज्यों से लौटे इन प्रवासी श्रमिकों को राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है. प्रदेश में मनरेगा के तहत पंजीकृत और प्रवासी श्रमिकों सहित वर्तमान मं लगभग 23 लाख से अधिक मजदूरों को रोजगार मिल रहा है. यह बातें श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने कही. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में अन्य राज्यों में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित छत्तीसगढ़ वापस लाया जा रहा है. 4 जून की स्थिति में राज्य शासन द्वारा श्रमिक स्पेशल ट्रेनों, बसों और अन्य वाहनों के माध्यम से 2 लाख 63 हजार से अधिक श्रमिक तथा अन्य यात्री छत्तीसगढ़ लौट चुके हैं. अब तक 59 ट्रेनों के माध्यम से 81 हजार प्रवासी श्रमिकों को छत्तीसगढ़ वापस लाया जा चुका है. छत्तीसगढ़ भवन सन्निर्माण मंडल द्वारा ट्रेनों एवं बसों के लिए लगभग 3 करोड़ 98 लाख रूपए खर्च किए गए हैं. इसके अलावा मंडल द्वारा संकटापन श्रमिकों की सहायता के लिए जिला कलेक्टरों को 3 करोड़ 90 लाख रूपए जारी भी किए गए हैं।

डॉ. डहरिया ने बताया कि देश व्यापी लॉकडाउन के चलते अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के श्रमिकों, छात्रों एवं चिकित्सा की आवश्यकता वाले लोगों की वापसी को लेकर राज्य सरकार द्वारा कई अहम कदम उठाए गए. छत्तीसगढ़ के प्रवासी श्रमिकों और अन्य लोगों की वापसी के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर अन्य जिलों में फंसे 15 हजार 767 श्रमिकों को सकुशल उनके गृह जिला भिजवाया गया है, वहीं छत्तीसगढ़ में फंसे अन्य राज्यों के 28 हजार 450 श्रमिक सुरक्षित वापस उनके गृह राज्य भेजा गया है।

श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के 17 हजार 677 श्रमिकों को भोजन, राशन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था व तत्कालिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उनके खातों में 66 लाख 73 हजार रूपए जमा कराया गया है. राज्य शासन द्वारा छूट प्रदत्त गतिविधियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में एक हजार 429 कारखानों में पुनः कार्य प्रारंभ हुआ है तथा इनमें लगभग एक लाख 5 हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य के नोडल अधिकारी एवं श्रम सचिव सोनमणी बोरा और अन्य अधिकारियों द्वारा संबंधित राज्यों के अधिकारियों एवं नियोक्ताओं से लगातार सम्पर्क कर श्रमिकों की समस्याओं का निदान और छत्तीसगढ़ के श्रमिकों की सकुशल वापसी की व्यवस्था की जा रही है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. मनरेगा के तहत 23 लाख 3 हजार से अधिक मजदूरों को रोजगार मिल रहा है. राज्य कर्मचारी बीमा सेवाएं (ईएसआई) के द्वारा संचालित 42 क्लीनिकों के माध्यम से 78 हजार 822 श्रमिकों को निःशुल्क इलाज एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई है. प्रवासी श्रमिकों एवं नागरिकों की मदद के लिए राज्य स्तर पर 24 घंटे हेल्प लाइन सेंटर संचालित है. हेल्प लाइन नंबर 0771-2443809, 91098-49992, 75878-22800, 75878-21800, 96858-50444, 91092-83986 एवं 88277-73986 है।

# कोरोना के बढ़े प्रकोप के बीच राज्य में रहेगी सख्ती

## शॉपिंग मॉल नहीं खुलेंगे, नया गाइडलाइन जारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

सोमवार से पूरा देश खुल रहा है। केंद्र ने अपनी गाइडलाइन में मंदिर से लेकर रेस्टोरेंट तक और होटल से लेकर शापिंग मॉल तक खोलने की इजाजत दे दी है, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सख्ती को बरकरार रखने का फैसला लिया है।

राज्य में शॉपिंग मॉल अभी नहीं खुलेंगे, राज्य सरकार ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के लिए नियंत्रण के लिए घोषित किए गए लॉकडाउन में 8 जून से कंटेंनमेंट जोन को छोड़कर सार्वजनिक पार्कों, शहर के बाहर क्लबों, धार्मिक एवं पूजा स्थलों को खोलने की अनुमति जारी की गई है। इसी प्रकार होटल रेस्टोरेंट को कुछ बंदिशों के साथ अनुमति दी गई है। सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सार्वजनिक पार्क और उद्यान 8 जून से खुल सकेंगे। इसके साथ ही स्पोर्टिंग काम्पलेक्स एवं स्टेडियम में केवल बाहरी खेल गतिविधियां की जा सकेंगी। क्लबों में केवल बाहरी गतिविधियां संचालित होंगी। इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा जारी एसओपी के अनुसार धार्मिक एवं पूजा स्थल संचालित करने की अनुमति होगी। शापिंग मॉल खोलने और संचालन करने की अनुमति नहीं होगी।

# नारियल विकास बोर्ड का मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण, कोकोनट बोर्ड में रोपे नारियल के पौधे

- अधिक से अधिक कृषकों को नारियल कृषि के फायदे बताते हुए, उन्हें जोड़ने का प्रयास करें : मण्डल

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्य सचिव आरपी मण्डल आज मुख्यालय स्थित नारियल विकास बोर्ड पहुंचे, और लगभग सौ एकड़ में फैले नारियल फार्म का निरीक्षण किया। इस मौके पर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक बालाजी राव सोमावर, सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, एसडीएम पवन कुमार प्रेमी सहित राज्य शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि जिले में स्थित नारियल विकास बोर्ड द्वारा स्थापित इस नारियल फार्म से स्थानीय किसानो को नारियल के रुप में एक फलदार कृषि का विकल्प मिला है, चूंकि जिले की आबो हवा नारियल कृषि के अनुकूल है।

अतः अधिक से अधिक किसानो को नारियल उगाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। यह उनके आर्थिक विकास के लिए सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने पर्यावरण दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि पौध रोपण के तहत पौधे लगाना ही काफी नहीं है बल्कि रोपित पौधो के सही देखभाल एवं उसकी रक्षा भी जरुरी है। मौके पर कलेक्टर ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उन्नयन में नारियल कृषि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। चूंकि वृक्ष के अन्य उत्पाद जैसे सूखे नारियल फल, उनके छिलके एवं रेषा से विभिन्न प्रकार के घरेलू उपयोगी सामग्री बनाई जा सकती है। अतः ग्रामीणों को इसमें प्रषिक्षित कर रोजगार सृजन के नए अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास होंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव सहित कलेक्टर और अन्य अधिकारियों ने फार्म के परिसर में नारियल के पौधो का रोपण भी किया।





## 6 हजार नारियल पेड़ों से हो रहा फलों का उत्पादन

ज्ञात हो कि मुख्यालय के सीमावर्ती कोपाबेड़ा पारा में सन् 1987 में नारियल विकास बोर्ड द्वारा एक वृहद फार्म स्थापित किया गया था। जहां वर्तमान में 6 हजार नारियल पेड़ों से फलो का उत्पादन हो रहा है साथ ही स्थानीय कृषको को नारियल के पौधे 50 रुपये की दर पर उपलब्ध भी कराये जाते है। इस फार्म में अंतवर्तीय फसल के रुप में दालचीनी, कालीमिर्च, काफी, कोकोवा, लीची, आम, आंवला, अमरुद, काजू, कटहल के पौधे भी लगाये गए है और बोर्ड द्वारा जिले के किसानो को फसलो के साथ-साथ फलदार कृषि करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

# माओवादी दंपति ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

## सीआरपीएफ डीआईजी, एसपी ने 10-10 हजार की सहायता राशि प्रदान की

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पीएलजीए सदस्य के रूप में भर्ती गोपी उर्फ मंगल तथा भारती कट्टम उर्फ रामे सुकमा जिले के गोलापल्ली में एलओएस कमांडर के रूप में भर्ती दोनों माओवादियों दंपत्ति ने आज डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह तथा पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप के समक्ष आत्मसमर्पण किया। गोपी मोड़ियामी उर्फ मंगल गंगालूर एरिया कमेटी के सदस्य के ऊपर 5 लाख का इनाम घोषित था वही भारती कट्टम उर्फ रामे पर 2 लाख का इनाम घोषित था।

माओवादी संगठन में गोपी उर्फ मंगल ने 6 मार्च 2002 को पीएलजीए सदस्य के रूप में भर्ती होकर दिसंबर 2014 तक रह कर कई महत्वपूर्ण घटना में शामिल रहा जिसमें थाना बेदरे, मुरदंडा और तीमापुर के बीच यात्री बस को रोककर आगजनी ,2003 में गीदम थाना अटैक, 2004 में उड़ीसा के कोरापुट जिले के पुलिस लाइन थाना एवं प्रशिक्षण केंद्र पर अटैक, 2006 में मुरकीनार कैंप पर अटैक तथा दिसंबर 2006 में पामलवाया रास्ते में रोड ओपनिंग पार्टी पर एंबुश 2006 मोटरसाइकिल में निकली रोड ओपनिंग पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना 2007 में सलवा जुडूम अध्यक्ष बुधराम राणा और उसके पुत्र कमलेश्वर राणा की हत्या तथा बीजापुर कोकड़ा पारा मुर्गा बाजार में हमला ऐसे ही कई घटनाओं में शामिल माओवादी दंपतियों ने पुलिस अधीक्षक कश्यप तथा सीआरपीएफ डीजी कोमल सिंह के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

दोनों के खिलाफ बीजापुर के अलग-अलग थानों में कुल 73 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध और कुल 50 स्थाई वारंट लंबित है भारती कटम उर्फ गोपी प्लाटून नंबर दो की सदस्य वर्ष 2003 में माओवादी संगठन में शामिल होकर 2008 तक माओवादी संगठन में रही और बीजापुर के अलग-अलग थानों में कुल 4 अपराध पंजीबद्ध है तथा 6 स्थाई वारंट लंबित है।

माओवादी संगठन में कार्य करते हुए भारती द्वारा गोपी के साथ एक ही एरिया कमेटी में कार्य करने की इच्छा संगठन के समक्ष रखी गई जिससे माओवादी संगठन ने खारिज कर दिया और भैरमगढ़ एरिया कमेटी में अलग अलग रहकर कार्य करने हेतु कहा गया जिसे वह स्वीकार न करते हुए माओवादी संगठन छोड़ने का फैसला किया। माओवादी दंपत्ति के द्वारा आत्म समर्पण करने पर उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 10-10हजार नगद प्रोत्साहन राशि एसपी कमलोचन कश्यप तथा डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह के द्वारा प्रदान किया गया।

## तनुज ठाकुर राष्ट्रीय नमो सेना का जिलाध्यक्ष बने

**कांकेर।** राष्ट्रीय नमो सेना के गठन बाद अब इस संगठन को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी विस्तार किया जा रहा है , नमो सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रतापधर शर्मा जी के दिशानिर्देशन में राष्ट्रीय नमो सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह राठौड़ के द्वारा व महासचिव उमेश मिश्रा की अनुशंसा पर कांकेर जिले में संगठन विस्तार कर पदस्थापना की गई व तनुज सिंह ठाकुर को जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर जी को जिला संगठन मंत्री व सौरभ तिवारी जी को जिलाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) पद पर नियुक्त किया गया है ।



# गीदम जनपद में विदाई समारोह के दौरान हुई भीड़ को लेकर तहसीलदार ने नोटिस भेज मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता ◂ गीदम
www.dailypioneer.com

पायनियर फॉलोअप

जनपद कार्यालय में पूर्व जिला पंचायत सीईओ के विदाई समारोह के दौरान हुई भीड़ को लेकर गीदम तहसीलदार ने जनपद सीईओ को नोटिस भेज तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा है । बता दे कि दन्तेवाडा के पूर्व जिला पंचायत सीईओ का तबादला होने के बाद गीदम जनपद कार्यालय में उन्हें विदाई दी गई थी इस समारोह में कार्यालय के लोग समाजिक दूरी का पालन करना भूल गए थे वही कुछ लोगो ने मास्क भी नही लगाया था अगर कोई भी व्यक्ति यहां संक्रमित होता तो जिला पंचायत सीईओ समेत कई लोगो को यहां संक्रमण के खतरे की संभावना भी हो सकती थी । इसकी खबर पायनियर ने 30 मई को प्रकाशित की थी । इधर जनपद सीईओ ने इस मामले में सेनेटाइजर , मास्क , समाजिक दूरी समेत अन्य निदेशी का पालन करने की सफाई भी दी थी। वही खबर प्रकाशित होने के बाद गीदम तहसीलदार ने जनपद सीईओ को नोटिस भेजा है । तहसीलदार प्रीति दुर्गम ने बताया कि फोटो में भीड़ तो दिख रही है आखिर यह किन परिस्थितियों में हुआ इसे लेकर नोटिस भेज तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है , संतुष्टि पूर्वक जवाब नही मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

# गीदम में मनाई गई कबीरदास जयंती, मास्क व सोशल डिस्टेंस के साथ की वट वृक्ष की पूजा

पायनियर संवाददाता ◂ गीदम
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गीदम में कबीर दास जयंती मनाई गई। संत कबीर की राह पर चलने का संकल्प लिया गया। हालांकि लॉकडाउन के चलते आमतौर की तरह इस बार यह आयोजन नही किया गया । समाजजनों ने अपने-अपने घरों में ही पूजा अर्चना की धार्मिक आयोजन किए । मास्क व सामाजिक दूरी का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए कम संख्या में समाज की महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की । समाजजनो की माने तो हर वर्ष की भांति इस वर्ष लॉकडाउन के चलते सामूहिक पूजा व शोभा यात्रा समेत अन्य धार्मिक आयोजन प्रभावित हो गए ।



# केरिपुबल 199 वाहिनी ने ग्रामीणों को बांटे दैनिक उपयोग की वस्तुएं

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com




केरिपुबल 199 वी वाहिनी द्वारा ग्राम करेंमारका थाना जांगला जिला बीजापुर में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में ग्राम डिंडोडी, धुसावड, करेंमारका, के ग्रामीण पुरुष महिलाएं छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए इस अवसर पर ग्रामीणों को साड़ी 123 धोती 55 फावड़ा 75 गति गेती 50 टोकरी 15 इत्यादि सामानों का वितरण किया गया इसके अतिरिक्त लगभग 350 से 400 ग्रामीणों को खाना भी वितरित किया गया, उपरोक्त के अलावा ग्रामीणों को मौसम संबंधी बीमारियों एवं क्षेत्र से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूक करते हुए कोविड-19 जैसी भयानक बीमारी के बारे में ग्रामीणों को विशेष रूप से जानकारी देते बीमारी में क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, के बारे में जागरूक किया, बटालियन की ओर से आयोजित किए गए प्रोग्राम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही इस अवसर पर मुख्य अतिथि यादव कमांडेंट 199 बटालियन, श्री मोहम्मद गालिब मुस्तफा चौधरी सहायक कमांडेंट उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक ई-क्लास का संचालन

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com



वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते देश में लाकडाउन होने की वजह से सभी शिक्षण संस्थाएं बंद है।इस दौरान डिजिटल शिक्षण पद्धति का उपयोग करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में विगत अप्रैल माह से कम्प्यूटर और मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन क्लास का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। प्राचार्य पी एल वर्मा के निर्देशन में कक्षा शिक्षकों द्वारा कक्षावार वाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। प्राचार्य के द्वारा गूगल मीट ऐप के माध्यम से कक्षा अध्यापक,विषय शिक्षक एवं बच्चों का समय समय पर बैठक लिया जाता है। शिक्षक अजय कुमार झा,कम्प्यूटर टीचर अनूप सोनी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा विशेष योगदान दी जा रही है।जिसमें एक समय में 100 लोग जुड़ सकते है। इसके अलावा गूगल फार्म के माध्यम से टेस्ट परीक्षा भी आयोजित होती है।साथ ही गूगल डाक,गूगल स्प्रेडशीट,जेम बोर्ड,गूगल मीट,लाइव क्लासेस, स्टैरिक वीडियो, माइक्रोसॉफ्ट टीम पावर पॉइंट स्लाइड के माध्यम से पढाई करवाई जा रही है।जिसका शिक्षकों द्वारा रिकॉर्ड मेन्टेन भी किया जा रहा है। इस ई शिक्षा में लगभग सभी विद्यार्थी कक्षावार जुड़े हुए है।

सारे विषयों के लिए विद्यालय के शिक्षकों को टाइम टेबल बनाकर ट्रेनिंग दी जा रही है छ. ग. क्षेत्र के प्रशांत कुमार क्षेत्रीय अधिकारी ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर एवं एस के मिश्रा डी ए वीं छतीसगढ़ फोन क्लस्टर हेड के द्वारा लगातार शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दी जा रही है। इस डिजिटल शिक्षा पद्धति का पालक एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।


## लैब टेक्नीशियन के 10 पदों पर होगी संविदा नियुक्ति

**कोण्डागांव।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन कोविड-19 अंतर्गत लैब टेक्नीषियन के 10 पदो के लिए अस्थाई संविदा नियुक्ति (तीन माह हेतु) वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया गया है। इसके लिए अभ्यर्थियों के लिए 12वीं पास और डीएमएलटी या बीएमएलटी कोर्स (छतीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल बोर्ड द्वारा पंजीकृत) अर्हता रखी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के समस्त नियम और शर्तें इसमें नियमानुसार लागू रहेंगी। इस संबंध में उक्त पदो हेतु आवष्यक अर्हताधारी आवेदक दिनांक 15 जून 2020 को इस वॉक-इन-इंटरव्यू में शामिल हो सकते है। रिक्त पदो के विरुद्ध अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में आगामी दिनांक (जिसकी सूचना बाद में दी जावेगी) को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जायेगा।

### ईच्छापुर में स्थापित होगा हर्रा प्रोसेसिंग केन्द्र

# मर्दापोटी का आश्रम बनेगा मॉडल, कलेक्टर, डीएफओ ने किया स्थल निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com





विकासखण्ड कांकेर के मर्दापोटी क्लस्टर अंतर्गत ग्राम ईच्छापुर में हर्रा प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किया जायेगा, जिसके लिए कलेक्टर श्री के.एल. चैहान और डीएफओ अरविंद पी.एम. ने आज ग्राम ईच्छापुर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया एवं प्रसंस्करण स्थापना हेतु आवश्यक अधोसंरचना निर्माण के लिए वन विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि मदापीटी अंचल के 13 गांव वन बाहुल्य हैं, जहॉ के जंगलों में हर्रा, बेहड़ा, आंवला, चार, महुआ, धंवई फुल, कुसुम, भेलवा इत्यादि लघु वनोपज पाये जाते हैं, जिसके संग्रहण एवं प्रसंस्करण से क्षेत्र के लोग आर्थिक रूप से लाभान्वित हो सकते हैं, जिससे उनके जीवन स्तर मे बदलाव आ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्राम ईच्छापुर में हर्रा प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित करने की योजना बनाई जा रही हैं।

**बालक आश्रम मदापीटी बनेगा मॉडल :** ग्राम मदापीटी स्थित बालक आश्रम को मॉडल आश्रम के रूप में विकसित किया जायेगा, जहॉ पर लाईब्रेरी, कम्प्यूटर रूम सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर श्री के.एल चैहान और आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त विवेक दलेला ने आज अधिकारियों के साथ ग्राम मदापीटी पहुंचकर बालक आश्रम को मॉडल आश्रम के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए अधोसंरचना निर्माण के संबंध में आदिवासी विकास विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मदापीटी का होगा जीर्णोद्धार

कलेक्टर श्री के.एल.चैहान ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मदापीटी का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा वहॉ उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री चैहान ने अस्पताल की विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया और प्रसव कक्ष को बढ़िया बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता यू.के. मेश्राम एवं अनुविभागीय अधिकारी विग्नेश कुमार को निर्देशित किया। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र मे चिकित्सक आवास हेतु एक नग भवन का भी निर्माण किया जायेगा, जिसके लिए शासन द्वारा 10 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कांकेर उमाशंकर बंदे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री पाण्डे, वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री नाग और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री जैन भी मौजूद थे।

# नपा परिसर में की गई पौधारोपण



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद् एवं आर्सेलर मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से नपा परिसर में पौधा रोपण की गई।जिसमें 30 छायादार एवं 10 फलदार वृक्ष आम, अमरुद, लीची तथा मौसम्बी की पौधे लगाई गई। इस दौरान नपा अध्यक्ष मृणाल राय,नपा सीएम्ओ आर पी नेताम,आर्सेलर मित्तल से सतीश,डॉ तेजप्रकाश,श्रीनू एवं सभी पार्षदगण शामिल थे।

इसके अलावा ग्राम पंचायत कोड़ेनार में ग्लोबल वार्मिंग को कम करने साथ ही पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने तथा पंचायत क्षेत्र में शुद्ध वातावरण के लिए सरपंच मीना मंडावी तथा तपन दास द्वारा पौधारोपण किया गया।

# केशोडार में भूतेश्वर हर्बल वन धन केन्द्र में तैयार चूर्ण को सीएम ने किया लांच

## कोरोना वायरस से बचाव में सहायक होगा यह चूर्ण : मुख्यमंत्री

■ महिला समूहों द्वारा तैयार विभिन्न आयुर्वेदिक उत्पादों को भी किया गया लॉन्च

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले के केशोडार में भूतेश्वर हर्बल वन धन केन्द्र की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 10 जड़ी बूटियों को मिलाकर तैयार किया गया का?ा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में लॉच किया। आयुर्वेदिक सर्वज्वरहर चूर्ण काढ़ा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि इम्युनिटी बढ़ाकर ही कोरोना वायरस से बचा जा सकता है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया यह आयुर्वेदिक सर्वज्वरहर चूर्ण कोरोना वायरस से बचाव में काफी मददगार होगा। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज और अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा कोरोना महामारी से निपटने के लिए लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु वितरित किए जा रहे आयुर्वेदिक काढ़े की सराहना भी की।

गरियाबंद के महिला समूह द्वारा यह चूर्ण सौंठ, काली मिर्च, पीपली, लौंग, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, दाल चीनी, जायफल, जावित्री एवं तुलसी पत्र के मिश्रण से तैयार किया गया है। इस चूर्ण का उपयोग करने के लिए 10 मिली लीटर पानी उबालने के बाद उसमें डेढ ग्राम चूर्ण मिलाकर पानी उबालना बंद कर 10 मिनट के लिए रखने के बाद इसे छानकर पिया जा सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए इस चूर्ण का न्यूनतम तीन दिनों का तक सेवन करना होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भूतेश्वर हर्बल वन धन केन्द्र गरियाबंद द्वारा वन औषधियों और जड़ी बूटियों से तैयार उत्पादों की केटलाग का विमोचन किया। इस वन धन केन्द्र की महिलाओं द्वारा अश्वगंधा से तैयार नवायष चूर्ण, पुनर्नवा चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, सतावरी चूर्ण, कौंच चूर्ण, तुलसी चूर्ण, महाविषगर्भ तेल, भृंगराज तेल जैसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। केटलाग में इन उत्पादों के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि इम्युनिटी बढ़ाकर कोरोना से बचा जा सकता है। जड़ी बूटियों के मिश्रण से केशोडार में भूतेश्वर हर्बल वन धन केन्द्र की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार यह चूर्ण इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

इस संकट के समय में भंवर लाल दुगर आयुर्वेद विश्व भारती, महाविद्यालय की रसायन शाला ने इसे प्रमाणित किया है। आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अनुसार यह कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होगा। यह नुस्खा 800 वर्ष प्राचीन आयुर्वेद की परिवार परंपरा से मिला है। यह सर्वज्वरहर चूर्ण मियादी बुखार सहित सभी प्रकार के बुखार, भूख की कमी, सिरदर्द, स्वांस में संक्रमण, दुर्बलता, कफ एवं खांसी में बहुत लाभकारी है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।

इस अवसर पर राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वन मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विनोद वर्मा, राजेश तिवारी, रूचिर गर्ग, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, पीसीसीएफ एवं प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला, राज्य योजना आयोग के सदस्य के.सुब्रमण्यम और सदस्य सचिव राजेश राणा, वनमण्डाधिकारी मयंक अग्रवाल भी उपस्थित थे।

# सीसी रोड निर्माण का पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने किया भूमि पूजन



■ भूमि पूजन होते हैं तत्काल प्रारंभ हुआ निर्माण कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक तीन में आज सीसी रोड निर्माण का पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन समेत पार्षदों ने किया भूमि पूजन । भूमि पूजन बाद ठेकेदार ने किया कार्य चालू । वार्ड नंबर 3 की गली कच्ची होने के कारण वहां के लोग लंबे समय से सीसी रोड की मांग कर रहे थे पालिका के अध्यक्ष कथा पार्षदों ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज भूमि पूजन करते कार्य प्रारंभ करवाया ताकि बारिश के पूर्व सीसी रोड बनकर तैयार हो जाए इसीलिए मटेरिया आदि पहले ही डम कर दिया गया था पूजा पाठ के बाद भूमि पूजन संपन्न कराया गया खास बात या रहा की भूमि पूजन में मोहल्ले तथा नगर के कई वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए पालिका अध्यक्ष के साथ उन्होंने कुदाली चलाई पालिका अध्यक्ष ने भूमि पूजन के बाद ठेकेदार तथा इंजीनियर से गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए लोगों की सुविधा अनुरूप सीसी रोड बनाने का निर्देश दिए । इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके विशेष रुप से उपस्थित थे वही नगर के गणमान्य नागरिक मुर्तुजा खान अधिवक्ता रामकुमार वर्मा सभापति आसिफ मेमन वंश गोपाल सिन्हा वार्ड नंबर तीन के पार्षद श्रीमती विमला साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरू यादव ओम राठौर राजेश साहू टिंकू ठाकुर आशीष शर्मा पालिका सीएमओ संध्या वर्मा इंजीनियर हरीश मांझी अश्वनी वर्मा भूपेंद्र कश्यप सहित मौहल्ले वासी उपस्थित थे ।

## जिला में 14 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि

**भाटापारा।** जिला में 14 नये संक्रमित मरीजों की पुष्टि जिला प्रशासन ने किया है। सभी 14 मरीज बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम धाराशिव के है। सभी मरीज क्वारेंटाइन सेंटर के ही है। इनमें 4 बच्चे सहित अन्य 10 लोगों की उम्र 20 वर्ष से अधिक है।सभी को रायपुर ले जाने के स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गयी है। इन सभी का कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा रहा रहा है।

# संजीवनी रक्तदाता संघ ने माक्स वितरण कर कोरोना की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



संजीवनी रक्तदाता संघ ने ग्राम जावा में निःशुल्क मास्क वितरण किया। कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्य रवि शंकर निषाद ग्राम बंगोली व रामविलास निषाद द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा करने के उपरांत ग्राम जावा में जाकर वहां के नागरिकों एवं बच्चों को कोरोना वायरस से बचाने के उद्देश्य से हमारे समिति के सदस्य रवि शंकर निषाद स्वयं के पैसे से कपड़ा खरीद कर अपने घर में सिलाई मशीन के माध्यम से मास्क निर्माण कर गांव गांव जाकर निशुल्क वितरण किया जा रहा है। इसी बीच आज ग्राम जावा के नागरिकों को मास्क वितरण किया एवं सोशल डिस्टेंस का पालन भी किया गया व लोगों से अनुरोध किया गया की भीड़-भाड़ से बचे एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करें तथा अपने हाथों को बार बार साबुन से धोएं लगातार सेनेटाइजर का इस्तेमाल करें रवि शंकर निषाद द्वारा अब तक अनेकों गांव में निशुल्क मास्क वितरण किया जा चुका है । जिसमें मुख्य रुप से केजू निषाद, पुराणिक, मुकेश कुमार, तोरण, चंद्रहास, मोरधज, नरसिंभा आदि लोग उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# जंगल से भटक कर हिरण मोहल्ले में पहुंचा, कुत्तों ने किया घायल

पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com



जंगल से भटकते भटकते हिरण आज बसना नगर के वार्ड क्रमांक 3 में देखा गया। हिरण देखने की खबर नगर वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचित की। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम उक्त स्थान पर पहुंचकर हिरन की खोज करने लगी। हिरण वार्ड क्रमांक 3 जगदीशपुर रोड से दौड़ते हुए हाई स्कूल मार्ग होते हुए वार्ड क्रमांक 1 और 2 में उथल पुथल करने लगी थी। इसी दौरान नगर के आवारा कुत्तों ने हिरण को दौड़ा दौड़ा कर हाथ व पैर में काट दिए थे। काटने से हिरन को चोट गंभीर आई है। गंभीर हालत में हिरन को देखकर वन विभाग की टीम द्वारा बचाकर विभागीय कार्यालय में लाकर उपचार करवाया और खाने के लिए सामग्री एकत्रित की। इस दौरान वन विभाग के रेंजर आर. एल. बेवहार ने बताया कि नगर में हिरण देखी जानी की सूचना मिलने के बाद हमारी टीम उक्त स्थान पर पहुंचकर हिरण को ढूंढने लगी। जब हमारी टीम को हिरण मिली तभी हिरन को आवारा कुत्तों द्वारा घायल कर दिया गया था। घायल हिरण को वन विभाग के कार्यालय लाकर पशु चिकित्सको द्वारा उपचार करवाया गया। और वर्तमान में हिरण सुरक्षित है। बेवहार आगे बताते हुए कहा कि हिरण जब तक पूर्ण रूप से सुरक्षित न हो जाये तब तक बसना में ही रखा जाएगा। उसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दूसरे स्थान पर छोड़ा जाएगा।

## लायसेंस बनवाने में समय सारणी किया गया परिवर्तन

**बलौदाबाजार/भाटापारा।** जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा ने कोरोना वायरस के चलते लाइसेंस सम्बंधित टेस्ट एवं बायोमेट्रिक करने का नया समय निर्धारित किया गया हैं। अब यह समय ड्रायविंग लायसेंस के लिए सुबह 9 बजे से 11 बजें तक एवं लर्निंग लायसेंस के लिए दोहपर 12 बजे से 2 बजें तक टेस्ट एवं बायोमेट्रिक का कार्य किया जाएगा। सभी जिलावासियों जो ड्रायविंग एवं लर्निंग लायसेंस के लिए आनलाईन आवेदन करने के पश्चात जिस दिन का स्लॉट दिया जाता है। वह उसी दिन ही कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित देवे। साथ ही कोरोना से बचाव सम्बंधित सभी नियम जैसे मास्क, रुमाल, गमछा, एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करें। इन नियमों का पालन नही करने पर आवेदकों के आवेदक को ख़ारिज भी किया जा सकता है। अतः सभी अनिवार्य रूप से इन नियमों का पालन करें।

# छत से गिरकर राजमिस्त्री की मौत, ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ अभनपुर
www.dailypioneer.com

अभनपुर थाना क्षेत्र के उरला के वार्ड नं. 15 में एक निर्माणाधीन भवन में काम करते समय एक राजमिस्त्री की छत से गिरने से मौत हो गयी थी। पुलिस ने लापरवाही पूर्वक काम कराने के आरोप में ठेकेदार के खिलाफ धारा 304 (अ) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

प्रधान आरक्षक भागीरथी बंजारे ने बताया कि रायपुर रोड स्थित बिहार पटना ढाबा के पास माहेश्वरी कलेक्शन वाले के निर्माणाधीन भवन में ग्राम बकतरा अभनपुर निवासी डामेश्वर तारक उर्फ रूंगू पिता नीलकंठ तारक (27)प्लस्तर का काम कर रहा था। भवन में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण दूसरी मंजिल से भू-तल में गिरने के कारण डामेश्वर की ईलाज के दौरान रायपुर के एक नीजि अस्पताल में मौत हो गयी थी।

इस मामले में ठेकेदार संतोष बंजारे के खिलाफ लापरवाही पूर्वक काम कराने के आरोप में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

ज्ञात हो कि इसी भवन में उक्त घटना के एक माह पहले भी ग्राम केन्द्री एक श्रमिक की छत से गिरकर मौत हो गयी थी लेकिन इस मामले में ठेकेदार तथा मकान मालिक दोनों के खिलाफ अभनपुर पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

## शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा हटाने की मांग

**अभनपुर।** अभनपुर तहसील के ग्राम पचेडा पहनं 26 के शासकीय भूमि पर गांव के रसूखदार लोगों द्वारा बेजा कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने तत्संबंध में कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचेडा के कुछ लोगों द्वारा यहॉ खाली पडे शासकीय भूमि खसरा नं. 1181 रकबा 0.81 हे. शासकीय भूमि पर कब्जा करने के नियत से भूमि पर मिट्टी डाला जा रहा है। गांव के सरपंच मनोज मिश्रा सहित पंचो व ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एस.डी.एम. व तहसीलदार से कर अतिक्रमण हटाकर भूमि को बेजा कब्जा मुक्त करने की मांग की है। इस संबंध में नायब तहसीलदार अभनपुर चन्द्रकांत राही ने बताया की ग्राम पचेडा में शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा करने की शिकायत की है। हल्का पटवारी से प्रतिवेदन मांगी गयी थी। रिपोर्ट मिल गयी है। नियमानुसार कार्यवाही कार्यवाही की जावेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर समिति के सदस्यों ने पौधारोपण किया

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ इकाई ग्राम पंचायत भरुवाडीह कला के सदस्यों एवं गांव के युवा साथियों के द्वारा मिलकर गांव के तालाब किनारे मैदान और चौक चौराहों एवं अन्य जगह पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया। और समिति के सदस्यों द्वारा संकल्प लिया है की पेड़ को बड़ा होने तक देखभाल भी करेंगे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रूप से सदस्य गण गजेंद्र साहू, तेजराम यादव, तरुण निषाद, कपिल ध्रुव, ओम प्रकाश ध्रुव, राजाराम निषाद, योगेश निषाद और समस्त ग्रामवासी लोग उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अथक प्रयास किया। नेक कार्य के लिए समस्त संजीवनी परिवार और ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत



भरुवाडीह कला के सरपंच इश्वरी कपिल निषाद ने सभी सदस्यों का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित की।

## पत्थरों पर आठ साल पहले लगाए पौधे, बन गए पेड़

**महासमुंद।** आप में अगर कुछ कर गुजरने की जज्बा, मेहनत जूनून हो तो नामुमकिन को मुमकिन किया जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है वन विभाग ने। करीब आठ साल पहले चट्टानों पर हरियाली पैदा करने की योजना बनाकर पत्थरों पर जो पौधे लगाए गए थे वे अब पेड़ का रूप ले चुके हैं। यहां विभिन्न प्रजातियों के करीब सौ से अधिक पौधे रोपे गए थे जो पेड़ हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक साल 2012 में प्रदेश में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत वन विभाग ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना के तहत मुख्यालय से करीब 8 किमी दूर ग्राम कौंदकेरा की चट्टानी भूमि पर हरियाली लाने की योजना बनाई। चट्टानी भूमि पर टपक विधि से बरगद, पीपल और अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। इसका परिणाम भी सार्थक रहा।

स्वच्छ भारत मिशन में गड़बड़ घोटाला

# शौचालय निर्माण स्टीमेट के हिसाब से नहीं बना, अधूरा छोड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद/कोपरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत कोपरा के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत शौचालय का निर्माण करवाया गया हैं। लेकिन कुछ एक दो व्यक्ति शासन के द्वारा जारी शौचालय निर्माण गाइड लाइन के स्टीमेट के हिसाब से नहीं बना कर अपने हिसाब से बनाने के चलते अधूरा पड़ा है । वहां भी सरपंच द्वारा शौचालय जल्द बन जाये कर स्टीमेट से अधिक शौचालय निर्माण के लिए मटेरियल भी दिया लेकिन संबंधित व्यक्ति द्वारा आज तक शौचालय निर्माण को पुरा नही किया है और शौचालय अभी तक पुर्ण नही करने का आरोप सरपंच सचिव पर लगा रहे है।

सरपंच डाली साहू ने बताया कि वार्ड नं तीन के निवासी ठाकुर राम यादव , सन्तोष यादव दोनों भाई का मनरेगा के तहत शौचालय पास हुआ था दोनों अपने रजामंदी से अपने हिसाब से बनाने का निर्णय लेकर स्वयं शौचालय निर्माण कार्य चालू किया और स्टीमेट के हिसाब से ना बनाकर अपने हिसाब से बडा बना रहा था लेकिन समय पर पुर्ण नही होने पर पंचायत द्वारा दोनों को और मटेरियल दिया गया था और तीन साल पहले शौचालय निर्माण पूर्ण हो चुका था दोनों पूर्णतः प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर किए है और वह जनपद में जमा है यदि शौचालय अधूरा था तो तीन साल पहले पंचायत या जनपद में शिकायत करना चाहिए था ।

सरपंच डाली साहू ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिकायत कर्ता का आवास पास हुआ है आवास अधुरा पडा है और पैसा निकाल कर खर्च कर डाला है जनपद से बार बार आवास पूर्ण करने नोटिस पंचायत के माध्यम से जा रहा तो शौचालय का आड लेकर पंचायत को बदनाम कर रहा है। यदि शौचालय अधूरा था तो तीन साल तक शिकायत क्या नहीं किया और शौचालय खुद बनवाया है पंचायत द्वारा मात्र मटेरियल दिया गया है अधुरा है तो उसका जिम्मेदार वो स्वयं है।

वहीं वार्ड नं तीन के निवासी ठाकुर राम यादव का कहना है कि 1 हजार ईंट, 5 बोरी सिरमेंट व सन्तोष यादव को 1हजार ईंट, 1 बोरी सिरमेंट, सीट, टीना की लंबाई कम होने के कारण उसके जगह शौचालय के ऊपर खदर का निर्माण किये है । बारिश के मौसम में बहुत ही परेशानी होती हैं। हर वर्ष खदर का रिपेयरिंग कार्य करते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। भाजपा नेता रितेश श्रीवास्तव, भाजयुमो नेता द्वय भीषम कश्यप, शुभम दुबे तथा भाजपा नेता राजेश वर्मा के नेतृत्व में तमाम फ लदार, छायादार पौधे सीताफ ल, अशोक, कटहल, आंवला का रोपण करते हुए पर्यावरण सुरक्षा में भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर भाजपा नेता श्रीवास्तव ने कहा कि लॉकडाउन के बीच भाजपा हाईकमान ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करने के निर्देश पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए थे और पार्टी हाईकमान के निर्देश पर सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जिले में बूथ स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आइए आज हम सभी भी यह संकल्प लें कि हम एक पेड़ जरूर लगाएं व उसका देखभाल करें और अपने आने वाले पीढ़ी को शुद्ध पर्यावरण उपहार स्वरूप दें।

# माता-पिता समेत एक साल की बच्ची पॉजिटिव, जिले में कोरोना के मरीज हुए 75, 10 हुए ठीक

## शुक्रवार को बगीचा विकासखंड से आए चार नए मामले, दहशत में लोग

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना पीड़ितों का आंकड़ा अब तीन अंकों को छूकर सतक की ओर पहुंचने वाला है। जल्द ही कोरोना पॉजिटिव केस का शतक जिले में पूरा हो जाएगा। देश के अलग-अलग राज्यों से आए 4000 प्रवासी मजदूरों में से 75 कोरोना को चपेट में आ चुके हैं। वहीं नियमित सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद से यह आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिले में मरीजों की शुरूआत होने की देर थी कि अचानक 4 से लेकर 8 और 16 व 19 मामले एक-एक दिन में सामने आने लगे हैं। शुक्रवार की रात रायगढ़ से आई रिपोर्ट में बगीचा विकासखंड के क्वारंटीन सेंटर में रह रहे 4 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से लोगों में हड़कंप मच गया है। जशपुरवासियों की चिंता बढ़ती जा रही है। दरअसल बगीचा विकासखंड में सामने आए मामलों में तीन मरीज एक ही परिवार से हैं। इनमें माता-पिता और उनकी एक साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

पायनियर अपडेट




### 10 मरीज हुए स्वस्थ

सीएमएचओ डॉ. पी सुथार ने बताया कि जिले में 75 पॉजिटिव केस मिले जिसमें 10 मरीज ठीक हो चुके हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वहीं अब एक्टिव केस की संख्या 65 है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस एक साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है उसे माता-पिता के साथ रायपुर भेजा गया है।

### कहां कितने मिले पॉजिटिव

| | |
|---|---|
| पत्थगलगांव | - 17 |
| फरसाबहार | - 04 |
| कांसाबेल | - 06 |
| कुनकुरी | - 05 |
| दुलदुला | - 19 |
| बगीचा | - 19 |
| जशपुर | - 04 |
| मनोरा | - 01 |
| **कुल** | **- 75** |

> जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 75 है। इनमें से 10 मरीज ठीक हो चुके हैं। अब एक्टिव केस की संख्या 65 है।
>
> **डॉ. पी सुथार,** सीएमएचओ जशपुर

### मुंबई से लौटे थे दंपती

कोरोना पॉजिटिव मामलों के बारे में जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ. पी सुथार ने बताया कि शुक्रवार को बगीचा विकासखंड से चार नए केस सामने आए हैं। इनमें एक माता-पिता के साथ उनकी एक साल की बच्ची भी है। और इसके आलाव एक अन्य मजदूर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने यह भी बताया कि पॉजिटिव रिपोर्ट आने वाली दंपती महाराष्ट्र के मुंबई से लौटी थी। वे क्वारंटीन सेंटर में रह रहे थे जहां जांच के लिए उनका सैंपल बाहर भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

# अधेड़ उम्र में एक तरफा प्रेम में आरोपी ने युवती की कर दी हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर/कांसाबेल
www.dailypioneer.com

कांसाबेल विकासखंड के बहुचर्चित कल्पना भगत हत्याकांड का आखिर खुलासा हो ही गया। इसे लेकर ग्रामीण आंदोलन पर उतारू थे। संदेही बताया जा रहा निर्मल खलखो ही युवती का हत्यारा निकला। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 201 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कांसाबेल थानांतर्गत ग्राम फरसाजुडवाईन निवासी सबल साय की पुत्री कल्पना भगत की बीते दिनों संदेहास्पद मौत हो गई थी। वह 27 फरवरी की रात से लापता थी। बताया जाता है कि वह गांव के ही रामचरण मिंज के घर उसकी पुत्री के छट्ठी समारोह में शामिल होने गई थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा उसकी यहां-वहां खोजबीन की जा रही थी। उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उसके पिता सबल साय ने 1 मार्च को कांसाबेल थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 2 मार्च की सुबह उसकी लाश उसके ही घर के कुएं में तैरती हुई पाई गई।

### दबाव में खुले राज



हत्या का आरोपी 45 वर्ष का यह व्यक्ति मृतका के ही गांव का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। मामले का खुलासा होने से पुलिस ने भी राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि इस मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए ग्रामीण थाने का दो बार घेराव करने के साथ ही अधिकारियों को बंधक तक बना चुके हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शंकर लाल बघेल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उनैजा खातून अंसारी तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष कुंवर को मामले को सुलझाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इनके मार्गदर्शन में कांसाबेल थाना के कर्मचारियों के साथ ही तपकरा थाना प्रभारी बीएन शर्मा ने सघन जांच करते हुए मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

> हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।
>
> **अमरनाथ शुक्ला,** सहायक उपनिरीक्षक थाना कांसाबेल

### बेहोशी में फेंका लाश

आरोपी मृतका के ही गांव फरसाजुड़वाईन का रहने वाला है। पुलिस की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है कि वह मृतका के साथ विवाह करना चाहता था। बताया जाता है कि रामचरण मिंज के यहां छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मृतका अपने घर के लिए निकली थी। इस दौरान उसकी एक सहेली राजकिशोरी भी उसके साथ थी। रात करीब 8.30 बजे उसने राजकिशोरी को उसके घर पर छोड़ा। यही वह जगह थी जहां मृतका को आखरी बार देखा गया था। इसके बाद वह किसी को दिखाई नहीं दी। पुलिस की पड़ताल के दौरान निर्मल खलखो के उपर ग्रामीणों द्वारा संदेह जताया गया था। पुलिस ने उससे कई बार पूछताछ की। पहले तो वह पुलिस को बरगलाने की कोशिश करता रहा परंतु आखिर उसके झूठ की कलई खुल गई। उसने पुलिस को बताया कि मृतका के घर के रास्ते में उसने उसे रोककर विवाह का प्रस्ताव उसके सामने रखा। हालांकि मृतका की पहले ही सगाई हो चुकी थी। मृतका के इंकार करने पर उसने तैश में आकर मृतका को कई झापड़ मारे।

# सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट सिंह और नवपदस्थ, मनोरा चौकी प्रभारी डीआर भगत ने लगाया पौधे



### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिकारियों ने हरियाली की ली शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मनोरा विकासखंड मुख्यालय में स्थित रेस्ट हाउस की पहाड़ियों पर सीआरपीएफ 81वीं वाहिनी बटालियन के सहायक कमांडेंट कुंवर सिंह और मनोरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक डीआर भगत के नृतत्व में ई सीआरपीएफ के जवानों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण में कटहल, आम, करंज, अमरूद आदि फलदार वृक्षों के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण गांव वालों के भविष्य के लिए किया गया ताकि उन्हें स्वच्छ हवा मिल सके और यह दिन हमेशा के लिए यादगार बना रहे। सहायक कमाडेंट कुंवर सिंह और चौकी प्रभारी डीआर भगत ने सरपंच तुलसी भगत को और सचिव को विनम्रता के साथ सन्देश दिया।

इस वृक्षारोपण को अगर खुली अवस्था में छोड़ दिया जाए तो पौधे नष्ट भी हो सकतें है। इसलिए सरपंच व सचिव को इसकी देखरेख अनिवार्य रूप से करना होगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मैत्रीबाग में किया गया वृक्षारोपण

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन एस के दुबे तथा विशेष अतिथि के रूप मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन पी के घोष उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक नगर अभियाँत्रिकी विभाग एम देशपांडेय भी मौजूद थे। उप महाप्रबंधक (उद्यानिकी) डॉ एन के जैन ने इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के संयोजन में उगेखनीय भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुबे ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वृक्षारोपण में औषधीय पौधे जैसे कि आंवला, तुलसी, हर्रा, सतावर, एलोवेरा, गिलोय, हर श्रृंगार, बेहरा आदि के पौधे लगाये गये। साथ ही मसाला पौधे जैसे कि अजवाइन, लौंग, कालीमिर्च, तेजपत्ता, इलायची, दालचीनी आदि लगाये गये। इस मसाला व औषधीय उद्यान का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस के दुबे ने किया। इसी क्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन पी के घोष ने भी पौधा लगाकर वृक्षारोपण की इस कड़ी को और अधिक सुदृढ़ किया। अभियान के तहत बोटिंग एरिया में उच्च क्वालिटी के सेब, संतरा, मौसम्बी, चीकू स्ट्राबेरी, नाशपाती, हाइब्रिड जाम, अनानास, पपीता, नीलगिरी आम, सीताफ्ल, नींबू तथा जामुन के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में लीला राम, ललित, आरिफखान, के नरसैय्या, नवल दास तथा राजेश शर्मा ने अहम् योगदान दिया।

# बीएसपी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया कई कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज 5 जून को समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत कर्मचारियों द्वारा संयंत्र के विभिन्न विभागों में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा बैनरों और डिजिटल संदेशों के माध्यम से कार्मिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता जगाया गया और ऑनलाइन क्रिज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस-2020 के लिए थीम टाइम फॉर नेचर स्लोगन के साथ जैव विविधता है- जो तेजी से बढ़ती प्रजातियों के नुकसान और प्राकृतिक दुनिया के क्षरण से निपटने के लिए कार्रवाई के लिए एक संदेश है। भारत सरकार के प्रतिबंधों और दिशा निर्देशों के मद्देनजर वर्तमान महामारी कोविड के कारण सामूहिक समारोहों से बचने एवं मुख्य रूप से विभागीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यस्थल के आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया।

इस समारोह की कड़ी में कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) बी पी सिंह ने यूनिवर्सल रेल मिल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएँ दीं और संयंत्र और टाउनशिप को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में उनसे सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने हरियाली की रक्षा के महत्व पर जोर दिया है, क्योंकि यह क्षेत्र की जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) अरविन्द कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (पॉवर फेसिलिटिज़) एस एस एस मूर्ती, मुख्य महाप्रबंधक (यूआरएम) मुरूगेशन, महाप्रबंधक प्रभारी (पर्यावरण प्रबंधन) आर जी गुप्ता एवं संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, और उन्होंने भी पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी एकजुटता दिखाई। वृक्षारोपण के इस कड़ी में सेक्टर-2 में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीएसपी के अधिकारियों, सेक्टर के नागरिकों और क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट द्वारा कॉरपोरेट एनवायरनमेंट रिस्पांसबिलिटी के तहत पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में लगी हुई एक एनजीओ पर्यावरण मित्र मंडल को ट्री प्लांटिंग मशीन प्रदान की।

# पर्यावरण दिवस पर बाल सम्प्रेषण गृह और जेल में हुआ वृक्षारोपण

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाल सम्प्रेषण गृह पुलगांव एवं केन्द्रीय जेल दुर्ग में वृक्षारोपण किया गया।

वृक्षारोपण में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराते हुए उपस्थितों को सेनेटाईजर लगाया गया। वृक्षारोपण रामजीवन देवांगन, कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीष दुर्ग, अजीत कुमार राजभानू प्रथम अपर जिला न्यायाधीष, मोहन सिंह कोर्राम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव राहुल शर्मा के द्वारा किया गया। वृक्षारोपण में न्यायाधीशगण के अतिरिक्त बाल संप्रेशण गृह के परिवीक्षा अधिकारी अलोक साहू, प्रियंका महलवार, काउंसलर नर्मदा साहू, हाउस मदर मालती देशमुख, तुलेश्वरी देशमुख, हाउस फादर सागर ताम्रकार उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गरियाबंद पुलिस ने किया वृहद पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस पर गरियाबंद पुलिस ने किया वृहद पौधारोपण। वृक्षारोपण मे गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू हुए शामिल। गरियाबंद पुलिस का अभिनव प्रयास - पुलिस मित्र गांव, हरियर छांव। शहिदों के स्मृति में उनके गांव में किया वृक्षारोपण । जिले के सभी ग्राम पंचायतों में लगाया गया पुलिस का पौधा। जिले में पुलिस द्वारा लगाया गया लगभग 850 पौधे।

05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश में वृहद वृक्षारोपरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे पुलिस मित्र गांव, हरियर छांव नाम देकर सफल क्रियांनवयन किया गया। जिले के शहीद जवानों के स्मृति एवं सम्मान में शहीद जवानों के गांव में वृक्षारोपण किया गया साथ ही जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय के गांवों में सरपंच,सचिव,कोटवार, गांव के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से पुलिस द्वारा वृक्ष लगाया गया।



राजिम क्षेत्र के भ्रमण में पंहुचे राज्य के गृह मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू भी वृक्षारोपण अभियान में शामिल हुये और राजिम, फिंगेश्वर मार्ग में स्थित पुन्नी रिसाट में वृक्षारोपण किया। गृह मंत्री ने जिला पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पुलिस मित्र गांव, हरियर छांव अभियान की सराहना की । राजिम थाने में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, अनुविभागीय अधीक्षकारी पुलिस संजय ध्रुव, थाना प्रभारी विकास बघेल एवं रक्षित निरीक्षक उमेश राय की उपस्थिति में थाना परिसर राजिम में वृक्षारोपण किया गया । इसके अलावा थाना राजिम के ग्राम सुरसाबांधा, श्याम नगर जेंजरा, बेलटुकरी, किरवई, कोमा, लफंदी, भैसातरा, कोदेकेरा, चौबेबांधा इत्यादि ग्रामों में वृक्षारोपण किया गया।

थाना छुरा क्षेत्रांतर्गत शहीदों के ग्राम कोसमबुडा में शहीद स्व. महेन्द्र ध्रुव, ग्राम भैसामुड़ा में शहीद स्व. होमेश्वर ठाकुर, ग्राम कामराज में शहीद स्व. कृष्ण कुमार निर्मलकर की स्मृति एवं सम्मान में अति. पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, छुरा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति टुकेश्वरी मांझी, थाना प्रभारी राजेश जगत के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। थाना क्षेत्र के अन्य ग्राम तुमगांव, लोझर, दुल्ला, सरागांव, रानीपरतेवा, खडमा, मुडागांव सहीत लगभग 40 ग्राम पंचायतों में पुलिस द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 24 जून और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय

**बालोद।** प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 9 जून 2020 को होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। आदिवासी विकास विभाग की उपायुक्त श्रीमती माया वारियर ने बताया कि प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा 24 जून 2020 दिन बुधवार प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक जिला स्तर पर किया जाना है। साथ ही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 11 जून 2020 को होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है।प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा 26 जून 2020 दिन शुक्रवार प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक जिला स्तर पर किया जाना है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ईमामी सीमेंट में पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



ईमामी सीमेंट लिमिटेड संयंत्र के यूनिट हेडअनंत कुमार महोबे तथा टेक्निकल हेड दिलीप कुमार शर्मा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर यूनिट हेड अनंत कुमार महोबे तथा टेक्निकल हेड दिलीप कुमार शर्मा सहित सभी विभागाध्यक्ष तथा अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सोसल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए संयंत्र प्रमुख श्री अनंत महोबे ने पर्यावरण दिवस पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सर्वप्रथम बधाई दी तथा पर्यावरण के महत्व को बताते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने की आग्रह की। इसके उपरांत पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली गयी । इसी तारतम्य में ईमामी द्वारा ग्राम रिसदा को पौधारोपण हेतु छायादार पौधे प्रदान किए तथा ग्राम पंचायत रिसदा में भी पर्यावरण दिवस मनातें हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पौधारोपाण किया गया ।

इस अवसर पर सरपंच जितेन्द्र खुंटे, उपसरपंच परेश वैष्णव, पंचगण कौशिल्या वर्मा, जितेन्द्र धुरंधर, संतोष साहू, श्रीमती भगवती जायसवाल, चित्रेखा वर्मा, रेखा वर्मा, हेमलता वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा अवस्थी तथा अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रिसदा ने ईमामी सीमेंट को सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो ईमामी सीमेंट संयंत्र के यूनिट हेड अनंत कुमार महोबे ने संयंत्र परिचालन के साथ ही पर्यावरण, स्वच्छता एवं नशामुक्ति को सर्वोपरि मानते हुए इसके शतप्रतिशत् परिपालन हेतु सीधे निर्देश दिये है। वे स्वयं इन गतिविधियों का सीधे फ ालोअप करते है तथा हर माह होने वाले गेट मिटिंग में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत प्रदान कर मनोबल बढाते है।

## शिक्षकों पालक एवं बच्चों को व्हाट्सएप, टेलीग्राम और गूगल फार्म के द्वारा विषय आधारित सामान्य ज्ञान की दे रहे जानकारी

# नवाचारी शिक्षक समूह इंद्रधनुष, विविध माध्यमों से बच्चों को जोड़ा रहा शिक्षा से

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागॉव
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते जहां देश मे लाकडाउन की स्थिती के चलते राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थाएं बंद करनी पड़ी ऐसी स्थिति में बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए कोंडागांव के नवाचारी शिक्षक समूह इंद्रधनुष के शिक्षकों ने पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी घर बैठे मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसमें जिले के शिक्षकों पालक एवं बच्चों को व्हाट्सएप, टेलीग्राम और गूगल फार्म के द्वारा विषय आधारित सामान्य ज्ञान की जानकारी देते हुए प्रदत्त कार्य दिया जाता है। टीम इंद्रधनुष के शिक्षक शिवचरण के








अनुसार बच्चे लाकडाउन का पालन करते हुए सीखने सिखाने की प्रक्रिया से हमसे जुड़े हुए हैं समय-समय पर बच्चों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करते हुए हम उनके संज्ञानात्मक और सहसंज्ञानात्मक, रचनात्मक क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए घर में रहकर पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा कर बच्चों को मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई से संबंधित विषय आधारित जानकारी और गृह कार्य दिया जाता है जिसे बच्चे घर पर ही पूर्ण करते हैं और अपना गृह कार्य को पूरा कर हमें मोबाइल में संदेश के माध्यम से मस्ती की पाठशाला ग्रुप में साझा करते हैं। इस प्रकार बच्चे हमसे ऑफलाइन और ऑनलाइन इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं।

### बच्चे हमेशा मोबाइल से ना जुड़े रहे इसका भी रखा जाता है विशेष ध्यान

हुए गतिविधि को पूरा करने के लिए तीन दिन का समय भी निर्धारित किया है, प्रदत्त कार्य के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा, पर्यावरण जागरूकता ,बेजुबान पशु पक्षियों के लिए गर्मी में दाने पानी की व्यवस्था, शारीरिक व्यायाम, योगासन, स्थानीय खेल गतिविधियां, सामग्री से रंगोली, चित्रकारी, मिट्टी के कार्य, पतंग बनाने संबंधी गतिविधि बच्चों को घर पर ही रहते हुए करने के लिए दिया जाता है साथ ही मस्ती की पाठशाला से जुड़े पालको एवं शिक्षकों को राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं ऑनलाइन शिक्षक प्रणाली पढ़ाई तुम्हर द्वार से भी सिस्को वेबैक्स मीटिंग द्वारा ऑनलाइन कक्षा में शिक्षक एवं बच्चे जुड़ रहे हैं जिसका लाभ लॉकडाउन के समय में शिक्षक एवं बच्चों तक पहुंच रहा है। टीम इंद्रधनुष कोंडागांव जिले के नवाचारी शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बनाया गया समूह है जिसमें शिक्षक हीरालाल, नीरज ठाकुर, पीला दाऊ, अखिलेश शुक्ला, गोविंद राज ,सतीश जनगाम, शिवचरण, हिना, सुषमा ठाकुर, सुर ज्योति, लक्ष्मी, मनोज कुशवाहा आकाशदीप, हरीश, रूपेंद्र कौशिक, कमलेश, शैलेंद्र, रामानंद द्वारा सक्रिय रूप से मस्ती की पाठशाला में सहयोग प्रदान कर रहे हैं शिक्षक शिवचरण ने मस्ती की पाठशाला में जुड़कर इस कार्य म को सफल बनाने वाले सभी बच्चे कर्ण सिंह, हिमांशी, जयश्री कुंवर हितेश, पंकज,प्राची, हिमानी स्नेहा नेताम चंद्रप्रभा, विवेक, रोहिणी, दोनिया पटेल, देवअंश, उमेश्वरी,ग्रेसी पुजारी, लवण्या ,दक्ष ,गुंजन, अभिलेखा, रितिका, रोशन, साक्षी अभिनव, युवराज, अभिषेक और पालक एवं शिक्षकों साथी जिला प्रशासन जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी संकुल समन्वयक को इंद्रधनुष टीम कोंडागांव की ओर से आभार व्यक्त किया है।

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड बीज भवन, जी.ई.रोड, तेलीबांधा, रायपुर-492006
फोन-0771-4240501, फैक्स-4094472 email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.samb.cg.gov.in
क्र/बी-6/निविदा/29-2/धमतरी मंडी/20-21/1040 रायपुर, दिनांक 6.6.2020
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in, Sub Portal ; http://samb.eproc.cgstate.gov.in
छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र अ'' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
(अमानत राशि तथा निविदा की फीस दोनों ही ऑनलाईन ली जावेंगी।)

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषि उपज मंडी समिति धमतरी जिला धमतरी के नवीन मंडी प्रांगण श्यामतराई में सी.सी. रोड निर्माण। | 531.00 | 29.06.2020 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।
फिजिकल सबमिशन हेतु चाहे गये अभिलेख पंजीकृत डाक से छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, बीज भवन, जी.ई.रोड़, तेलीबांधा, रायपुर को नियत तिथि तक प्रेषित करना अनिवार्य होगा।
contractor can contact Help Desk for any clarification of their doubts, regarding for process of Electronic Procurement system Help Desk at M/s injunction services Raipur - 492001 on Toll Free no. 18004199140 or email - helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
(अभिनव अग्रवाल)
प्रबंध संचालक
संवाद-25601/3

## संपादकीय

# गांवों में कोरोना संक्रमण, निपटने की कठिन चुनौती

**खतरनाक** सुर्खियां समाप्त होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले कोरोनावायरस ने अनेक लोगों का जीवन व आजीविका छीनी, फिर समुद्री तूफान अम्फन ने भारी तबाही मचाई, इसके बाद रेगिस्तानी टिड्डियों ने हजारों एकड़ फसल नष्ट कर दी। सौभाग्य से निसर्ग तूफान ने भारतवासियों को बख्श दिया। अब प्रवासी श्रमिकों के पलायन का अर्थ गांवों में संक्रमित लोगों की वापसी हो गया है। हालांकि, वायरस के सामुदायिक संक्रमण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, पर इसके संकेत दिखने लगे हैं। जिन ग्रामीण कस्बों में अब तक वायरस के छिटपुट मामले थे, अब वहां संक्रमण बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में पलायन करने वाले श्रमिकों के राज्यों में पिछले तीन सप्ताह में कोविड-19 तेजी से बढ़ा है। देश में 2.5 प्रतिशत या लगभग 2,147 सक्रिय मामले असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा व मध्य प्रदेश से सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश व बिहार में सर्वाधिक प्रवासी वापस आए हैं। उत्तर प्रदेश में मुंबई से लौटे 75 प्रतिशत दिल्ली से लौटे 50 प्रतिशत प्रवासियों में संक्रमण की भारी संभावना थी। बिहार में दिल्ली से लौटे 26 प्रतिशत श्रमिक संक्रमित पाए गए। यदि ग्रामीण भारत में महामारी फैलती है तो रोज नए मामलों में भारी वृद्धि हो सकती है। इससे निपटने की अनेक चुनौतियां हैं। देश में 7,10,761 बिस्तरों वाले 23,582 सरकारी अस्पतालों में से ग्रामीण क्षेत्रों में 19,810 अस्पताल हैं जिनमें 2,79,588 बिस्तर हैं। इस प्रकार ग्रामीण भारत में प्रति 10,000 लोगों पर केवल 3.2 सरकारी अस्पतालों के बिस्तर हैं। यहां उन विशेषज्ञों, इकाइयों व उपकरणों की कमी है जो शहरों में असाधारण समस्या से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। कुल जनसंख्या का 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में है, ऐसे में वहां संक्रमण फैलने पर स्वास्थ्य ढांचे पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध लोगों की संख्या अधिक है जिसके कारण संकट बढ़ जाता है।

इससे नियोजन की एक और गलती सामने आती है। प्रवासियों को भोजन व पैसा देकर कार्यस्थलों पर बनाए रखना या लाकडाउन लागू होने से पहले उनको व्यवस्थित तरीके से हटाना चाहिए था। दूसरा, पलायन करते श्रमिकों के लिए इन क्षेत्रों में आइसोलेशन स्थल, शिविर व चिकित्सकीय परीक्षण इकाइयां स्थापित करनी चाहिए थीं। केन्द्र ने इस बारे में पहले ही राज्यों को सतर्क कर दिया था ताकि बीमारी फैलने से रोकी जा सके। आदर्श रूप से स्थानीय अधिकारियों को लौटने वाले संक्रमित लोगों की पहचान कर उनके स्वास्थ्य का समय-समय पर परीक्षण करना चाहिए था क्योंकि ऐसा न होने पर पूरे समुदाय पर असर पड़ना अवश्यंभावी था। लेकिन प्रवासियों द्वारा ट्रेनों से जंजीर खींच कर भाग जाने की अनेक घटनायें सामने आईं क्योंकि वे 14 दिन के अनिवार्य क्वारंटीन से बचना चाहते थे। सरकार का ध्यान पूरी तरह लाकडाउन के दौरान महानगरों में तैयारी मजबूत करने पर केन्द्रित था, लेकिन अब यह केन्द्र बदलने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टेस्टिंग कर कंटेनमेंट के लिए क्षेत्रों की पहचान की जानी चाहिए। अधिकांश स्वास्थ्य प्रदाताओं की भारत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, अतः ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित कोरोनावायरस संक्रमण के विस्तार के बारे में उनको कम से कम समुचित मूलभूत प्रशिक्षण देना जरूरी हो गया है। ग्रामीण जनता को भी वायरस संक्रमण के बारे में स्पष्ट रूप से समझाने की आवश्यकता है ताकि उनमें कोई संक्रमित व्यक्ति मिलने पर घबराहट न पैदा हो और वे शांति बनाए रखें। इसके लिए केन्द्र से राज्यों व जिला स्तर तक संचार व समन्वय मजबूत करना होगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर कोविड-प्रबंधन रणनीतियां बनाने तथा स्थानीय स्वयंसहायता समूहों का गठन व उनका सशक्तीकरण जरूरी हो गया है। यदि हम ग्रामीण भारत को कोरोनावायरस संक्रमण से वास्तव में बचाना चाहते हैं तो अब राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए।


विश्व एक नए शीत युद्ध की ओर


# दुनिया महामारी का समाधान ढूंढने की जगह शीत युद्ध की ओर क्यों बढ़ रही

## चीन-अमेरिका ने राष्ट्रवाद और संप्रभुता को अपना हथियार बनाया



**कुमार रमेश**
अपराधशास्त्री, विदेशी मामलों के जानकार एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर







**भारत** के चाणक्य नीति की तरह चीन के झोऊ राजवंश के फौजी जनरल सून-जू ने छठवीं सदी में अपनी प्रसिद्ध पुस्तक द आर्ट ऑफ वॉर में यह बताया था कि किस तरह बिना लड़े ही दुश्मन को जंग में हराया जा सकता है, और आज कुछ इसी टैक्टिक्स का प्रयोग करते हुए चीनी सरकार ने ग्लोबल टाइम्स के जरिए भारत को धमकी देते हुए कही है- कि वह चीन और अमेरिका के बीच कोल्ड वॉर में अमेरिका का प्यादा ना बने, वरना भारत के पास पाने के लिए तो बहुत कम चीजें होंगी लेकिन वह खो बहुत कुछ देगा। देखा जाए तो 2020 की शुरुआत से ही दुनिया एक नए मोड़ पर पहुंच चुकी है, अब विश्व एक नए ध्रुवीकरण, नए सुपरपावर, नए वैश्वीकरण, नए आत्मनिर्भरता और शायद नए देशों के जन्म पर जाकर खत्म हो। यकीनन इसमें दशकों का वक्त लगेगा और हथियारों की प्रतिस्पर्धा भी बढ़ जाएगी, लेकिन अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध से शुरू होकर कोरोनावायरस के माध्यम से जो परिस्थितियां आज दुनिया झेल रही है उसमें जियोस्ट्रेटजी, जिओपॉलिटिक्स, एकाधिकारवाद, नवसम्राज्यवाद और वॉर टेक्टिक्स भी शामिल है। इसने दो महाशक्तियों को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है, एक तरफ अमेरिका है जिसने शक्तियों का प्रयोग करके कई देशों पर प्रतिबंध लगाए साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय संधियों से खुद को बाहर भी कर लिया; तो दूसरी तरफ चीन है जिसने सिर्फ़ एक अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र जांच कराने के प्रस्ताव को अपनी अस्मिता से जोड़कर अपने पड़ोसियों पर आक्रामक राजनयिक व सैन्य उत्पीड़न करने में लगा है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि दोनों ही राष्ट्रप्रमुख इस हार-जीत में अपना चेहरा बचाने में लगे हुए हैं जिसके लिए इन्होंने राष्ट्रवाद और संप्रभुता को अपना हथियार बनाया है। समझने वाली बात यह है कि जब मामला कोरोनावायरस का था तो सैन्य गतिविधियां क्यों प्रारंभ हुई, और भारत, जापान, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देश इन मामलों में कैसे फंस गए। इसके दो कारण है पहला यह कि वर्तमान में उपर्युक्त सभी देश अमेरिकी गुटों के करीब आ चुके हैं और दूसरा यह कि सभी देशों के चीन से सीमा विवाद हैं। लेकिन इस परिदृश्य में ताइवान, हांगकांग और तिब्बत के आजादी की मांग भी पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। चूंकि इसमें किसी को शक नहीं कि चीन एक मजबूत देश है और वह एक सुपरपॉवर के रूप में उभर रहा था, लेकिन कोरोना महामारी ने उसकी साख को तगड़ा झटका दिया है। हालांकि इससे दुनिया का कोई भी देश फायदे में नहीं है लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान और खामियाजा अगर किसी को भुगतना पड़ रहा है तो वह चीन है।

फिलहाल सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि दुनिया महामारी का समाधान ढूंढने की जगह शीत युद्ध की ओर क्यों बढ़ चली है, तो इसका कारण है चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वकांक्षा। एक वह भी दौर था जब 1949 में चीन को कोई मान्यता तक नहीं दे रहा था, उस समय माओत्से-तुंग तो राष्ट्रध्यक्ष के रूप में सशस्त्र क्रांति के साथ चीनी सत्ता को संभालने में लगे रहे लेकिन दूसरे देशों से राजनयिक संबंध स्थापित करने, 1950 में तिब्बत को कब्जाए जाने के बाद प्रतिबंधों से बचने, 1972 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से लेकर सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता पाने के पीछे जो नीतियां थीं, उसके नीतिनिर्माता थे प्रधानमंत्री झोउ-एनलाई। जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर पूरी विदेश नीति संभाली और चीन को अकेला होने से बचाया। इस परंपरा को सत्तर के दशक में सांस्कृतिक क्रांति लाने वाले चीनी राष्ट्रपति डेंग-शियाओ-पिंग ने भी नहीं बदली जिनके राज में चीन साम्यवाद से पूंजीवाद की ओर मुड़ गया था। लेकिन जब से शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति की कमान संभाली है तब से उन नीतियों में अप्रत्याशित उलटफेर किया है, उन्होंने जीवनपर्यंत सत्ता चलाने के लिए खुद को संविधान में भी सम्मिलित करा दिया है अब सारा खेल इसी शी डॉक्ट्रिन का है। क्योंकि चीन को महाशक्ति बनाने के लिए शी ने जो 10 महान सपने बनाएं हैं अब उनमें दरारें आने लगी हैं। चीन के नजरिए से देखें तो दुनियाभर में खराब होती आर्थिक सेहत की वजह से वह राष्ट्र पति शी जिनपिंग के सपने को पूरा करने पर फोकस नहीं कर पा रहा है। जबकि यही एक पार्टी के शासन वाले चीन में शी जिनपिंग की वैधानिकता का एकमात्र स्रोत है। इसलिए शी के सपने को पूरा करने की बजाय अब चीन राष्ट्र वाद और संप्रुभता जैसे मुद्दों को हवा दे रहा है, और चीन के रुख में यह बदलाव अमेरिका के बढ़ती उसकी प्रतिद्वंद्विता की वजह से आया है।

चीन अब तक 595 बिलियन डॉलर बेल्ट एंड रोड परियोजना में ख़र्च कर चुका है और कोरोनावायरस पर जानकारी छुपाने के लिए ट्रिलियन डॉलर्स की जो परियोजनाएं रद्द हुईं, वो अलग। हाल ही में इस्राएल द्वारा 5 बिलियन डॉलर का डिसेलिनेशन प्रोजेक्ट और ऑस्ट्रेलिया द्वारा 3 बिलियन डॉलर का विनार्मण प्रोजेक्ट रद्द कर देना इसी में शामिल है। ये सारे नतीजे चीन को डराने वाले हैं इसमें सबसे बड़ा झटका तो अफ्रीकन देशों ने दिया है। इतना सब होने के बाद भी शी जिनपिंग ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को अधूरा नहीं छोड़ा है इसलिए वे सभी चीजों से ध्यान भटकाने और अपने चेहरे को बचाने के लिए पूरे देश में संप्रभुता और राष्ट्रवाद का सहारा ले रहे हैं ताकि उनके प्रतिद्वंदी और चीनी जनता में कोई आक्रोश उत्पन्न ना हो। उन्होंने सबसे पहले ताइवान के प्रतास द्वीपसमूह को सैन्य कार्यवाही से चीन में मिलाने की योजना पर काम किया, तत्पश्चात हांगकांग में सुरक्षा कानून लागू कर एक देश - दो विधान की नीति को रौंदते हुए उसकी स्वायत्तता खत्म कर दी। तिब्बत की भी स्वायत्तता खत्म करने के लिए चीन वहां अलगाववादी प्रोपेगेंडा चला रहा है। जब इतने से कुछ नहीं हुआ तो उन्होंने भारत के साथ सिक्किम और लद्दाख में सीमा विवाद शुरू करके उसे दबाव में लाना प्रारंभ किया। चीन भले ही भारतीय सीमा पर स्थिति को स्थिर और नियंत्रण योग्यस बता रहा हो लेकिन यह पिछले कई सालों में दोनों देशों के बीच सबसे बड़े सैन्यो जमावड़े में से एक है। वास्तविक रूप में देखें तो यह उस बात की खीझ है, जिसके तहत भारत ने चीन से आने वाले एफडीआई और एफपीआई पर रोक लगा दी है। चीन इस बात से भी चिढ़ा हुआ है कि भारत अमेरिका के साथ रिश्ते मजबूत करने के साथ उसके सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रीक्चर प्रॉजेक्ट बीआरआई का विरोध कर रहा है और दलाई लामा को शरण भी दी है, इसलिए सभी पड़ोसियों धमकाकर चीनी राष्ट्रपति देश की नजरों में हीरो बनने की कोशिश कर रहे हैं। इतने में ही महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई तो शी यह भी उम्मीद कर रहे हैं कि अपने देश में कोरोनावायरस को पूरी तरह रोकने के लिए दुनिया सज़ा देने की जगह उनकी तारीफ़ करे।

अब जब इतना सब कुछ हो रहा है तो प्रत्युत्तर आना निश्चित था। एकतरफ अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत को स्वतंत्र देश घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तो दूसरी ओर वन चाइना पॉलिसी को किनारे रखकर ताइवान को संप्रभु देश के रूप में मान्यता देने की कोशिश, तीसरी तरफ हांगकांग की व्यापार संबंधी स्पेशल स्टेटस को खत्म करते हुए अधिकारियों पर प्रतिबंध, और अंत में अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने के ट्रंप के फैसले ने दुनियाभर को चौका दिया है। जल्द ही अमेरिका कंप्रिहेंसिव न्यूक्लियर टेस्ट बन ट्रीटी से भी अलग होने जा रहा है ताकि 1992 के बाद फिर से परमाणु परीक्षण करके अपना सामर्थ्य दुनिया को दिखा सके। लेकिन यह सब यहीं नहीं रुकने वाला है अमेरिका चीन को रोकने के लिए जी7 समूह का विस्तार करना चाहता है, जिसमें भारत भी शामिल किया जा सके। इसके अलावा ब्रिटेन भी एक डी10 यानी डेमोक्रेसी 10 समूह बनाने का प्रस्ताव लाया है इसमें भी भारत को शामिल किए जाने की वकालत की गई है, जिसका उद्देश्य चीन की 5जी टेक्नोलॉजी को रोकना है। इधर भारत चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना को काउंटर करने के लिए वन सन-वन वर्ल्ड-वन ग्रिड की कार्ययोजना पर विचार कर रहा है जिसके तहत इंटरनेशनल सोलर एलाइंस से जुड़े सभी देशों को एक पॉवर ग्रिड से जोड़ा जा सके, जिसका प्रमुख लाभार्थी अफ्रीका महाद्वीप होगा। हाल ही में ऑस्ट्रलिया के साथ कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप और नेवल लॉजिस्टिक पैक्ट की घोषणा भी महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत चीन को रोकने के लिए भारत कोकोस द्वीपसमूह का इस्तेमाल कर सकेगा। क्वॉड और जय समूह के द्वारा भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया पहले से ही चीन की घेराबंदी में लगे हुए हैं। इसलिए मेरा सुझाव है कि शी जिनपिंग को अपनी नीतियों में बदलाव करना चाहिए वरना उन्हें अर्थव्यवस्था के अलावा सामरिक हितों से भी नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अगर उन्होंने लद्दाख से अपनी सेनाओं को वापस हटाया तो चीन में ही उनके प्रति नकारात्मकता फैलेगी, जिससे उनके सत्ता परिवर्तन का अवसर बढ़ जाएगा, और अगर उन्होंने सेना नहीं हटाई तो यकीनन भारत सभी समूहों से जुड़ते हुए अमेरिका के और करीब चला जाएगा, इसलिए शी जिनपिंग अब फंस चुके हैं और दुनिया एक नए कोल्ड वॉर की ओर मुड़ चुकी है। हालांकि इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि कोरोनावायरस और नस्लीय हिंसा ने न सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप बल्कि अमेरिका की जड़ें भी हिला कर रख दी हैं। बहरहाल हम देखेंगे कि यह छद्म विवाद कितनी दूर तक जायेगा।

# चीन का डटकर मुकाबला करे भारत

“ भारत को चीनियों का वैसा तुष्टीकरण नहीं करना चाहिए जैसा चैम्बरलिन ने हिटलर का किया था बल्कि विंस्टन चर्चिल की तरह दृढ़तापूर्वक सामना करना चाहिए। ”



**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं)

**हाल** ही में भारतीय भूक्षेत्र में लद्दाख के गलवान इलाके में चीनी सेना लगभग चार किलोमीटर तक अंदर घुस आई थी। भारत में बहुत से लोग यह सोचते होंगे कि ऐसा केवल दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर गलतफहमी के कारण हुआ था मगर ऐसा नहीं है। यह घटना चीनियों के व्यापक साम्राज्यवादी हथकंडों का हिस्सा है। 1930-40 के दशक में, ब्रिटिश अथवा फ्रांसीसी साम्राज्यवाद नहीं बल्कि नाज़ी जर्मनी साम्राज्यवाद दुनिया के लिए वास्तविक खतरा बना हुआ था। ऐसा इसलिए था क्योंकि जर्मन साम्राज्यवाद बढ़ रहा था और विस्तार कर रहा था इसलिए एक आक्रामक किस्म का साम्राज्यवाद था जबकि ब्रिटिश तथा फ्रांसीसी साम्राज्यवाद रक्षात्मक प्रकृति के थे। यद्यपि ये दोनों देश केवल अपने उपनिवेश बनाकर रखना चाहते थे, नाज़ी अन्य देशों पर कब्जा करके उन्हें अपना गुलाम बनाना चाहते थे। इसलिए नाज़ी उस समय दुनिया के लिए बड़ा खतरा थे। उसी तरह, आज दुनिया को असली खतरा अमेरिका से नहीं बल्कि चीन से है, क्योंकि चीनी विश्व में आक्रामक विस्तारवाद के मार्ग पर चल रहे हैं। अपनी वस्तुओं के लिए उद्योग तलाशती बाजारों एवं 3.2 खरब डॉलर के विशाल विदेशी मुद्रा भंडार के बल पर मुनाफा अर्जित करने योग्य निवेशों के साथ, चीनी आज आक्रामक साम्राज्यवादी बन गए हैं और दुनिया के समक्ष खतरा पैदा कर रहे हैं। यह सच है कि वे नाज़ी जर्मनी की तरह सैन्य बल से विस्तार नहीं कर रहे लेकिन वे विश्व के कई देशों में प्रविष्ट होकर तथा अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाकर आर्थिक रूप से विस्तार कर रहे हैं।

पिछले दशक में, चीनी विदेशी निवेशों में गगनचुंबी उछाल आया है। आज चीनी एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका व अमेरिका तथा यूरोप सब जीह विद्यमान हैं। उनकी बेल्ट एंड रोड पहल सड़कों, रेलमार्गों, तेल पाइपलाइनों, विद्युत ग्रिडों, बंदरगाहों एवं अन्य अवसरंचना परियोजनाओं का संजाल है जो चीन को शेष दुनिया से जोड़ता है। इसका उद्देश्य अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए अवसंरचना सुधार करना तथा चीन तथा शेष यूरेशिया के बीच संपर्क रेखा बनाना है। चीन की दृष्टि प्रायः महत्वपूर्ण ढांचगत संरचनाओं यथा बंदरगाहों, उदाहरण के लिए पाकिस्तान के ग्वादर, ग्रीस के पाइरेयस तथा श्रीलंका के हंबनटोटा, पर रहती है जिसके पीछे उद्देश्य इन देशों में सामरिक पहुंच स्थापित करना है।

आधे से भी कम कीमत पर वस्तुएं बेचकर जिस पर अमेरिका अथवा यूरोपीय विनिर्माता ऊंचे श्रम मूल्यों के चलते बेच नहीं सकते, चीनियों ने बहुत से अमेरिकी व यूरोपीय उद्योगों को नष्ट किया है। अब चीनी अल्पविकसित देशों में बहुत कम कीमत पर वस्तुएं मुहैया करा कर स्थानीय बाजारों को अप्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाजारों तथा कच्चे माल पर आधिपत्य जमाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान सस्ती चीनी वस्तुओं से भरा पड़ा है।

विदेशी बाजारों पर कब्जा करते हुए, चीनी ऊंचे टैरिफ लगाकर अपने उद्योगों का संरक्षण कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने चीनियों को दगाबाज कहा और रूखे स्वर में चीनियों को बताया कि यह रणनीति नहीं चलेगी। आप चीन में आटोमोबाइल के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगा सकते जब अमेरिका अपने क्षेत्र में कारों के आयात पर केवल 2.5 प्रशित टैरिफ लगाता है। ट्रंप ने कुछ चीनी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया है और भविष्य में और लगाने को कहा है। इस पर चीन ने प्रतिकारी टैरिफ लगाए हैं मगर इससे अमेरिका को ज्यादा चोट नहीं पहुंचेगी। यह सभी जानते हैं कि चीनियों में कोई नैतिक बिजनेस मानक नहीं हैं और यही कारण है कि बहुत सी अमेरिकी तथा यूरोपीय कम्पनियां मुख्यभूमि चीन से लोगों को रखने से परहेज करती हैं क्योंकि वे प्रायः जासूसी करते हैं और औद्योगिक गोपनीय दस्तावेज चुरा लेते हैं।

अब भारत के साथ चीन के आर्थिक संबंधों पर दृष्टि डालते हैं। जैसा कि सभी जानते हैं, 1947 तक भारत ब्रिटेन का उपनिवेश था और ब्रिटिश नीति भारत को गैर-औद्योगीकृत देश बनाए रखने की थी। हालांकि, स्वतंत्रता पश्चात, भारत में कुछ हद तक औद्योगीकरण हुआ था और हमने उन वस्तुओं को बनाना प्रारम्भ किया जो हम पहले आयात करनी पड़ती थीं। अब चीनी, कुछ हद तक हमारे घरेलू उद्योगों की कीमत पर हमारी बाजार में घुस गए हैं। इकोनामिक टाइम्स में छपे एक लेख में कुछ रोचक विवरण दिए गए थे कि किस तरह चीनी कम्पनियां भारत को उसके ही पिछवाड़े में मात दे रही हैं। भारत-चीन व्यापार काफी मात्रा में चीन के पक्ष में झुका हुआ है। भारत चीन को 16 अरब डॉलर का अधिकतर कच्चा माल निर्यात करता है। लेकिन चीन से किए जाने वाले आयात 68 अरब डॉलर के हैं, जिनमें अधिकतर मोबाइल फोन, प्लास्टिक, बिजली संबंधी वस्तुएं, मशीनरी व उसके हिस्सों जैसे मूल्स वर्धित उत्पाद शामिल हैं। यह एक उपनिवेश और साम्राज्यवादी के बीच का विचित्र रिश्ता होता है। चीनी कम्पनियां ऊंचे दाम, राज्य सब्सिडियों, संरक्षणवादी नीतियों एवं सस्ते वित्तीयन का इस्तेमाल करती हैं। कुछ उद्योगों में, चीनी कम्पनियां भारतीय बाजारों पर प्रभुत्व रखती हें, उदाहरण के लिए दूरसंचार क्षेत्र, जिसका 51 प्रतिशत हिस्सा चीनियों के कब्जे में है। भारत में घर चीनी सामानों से भरे पड़े हैं। भारत के नागरिकों एवं सरकार को चीनी साम्राज्यवाद का गंभीरता से विरोध करना होगा। इसका अनदेखी करने का अर्थ शुतुरमुर्ग प्रवृत्ति अपनाना होगा, जिस तरह नेवाइल चैम्बरलिन ने किया था जो तब तक यही सोचता रहा कि एडोल्फ हिटलर उसके लिए खतरा नहीं है जब तक बहुत देर नहीं हो गई।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## भारत-आस्ट्रेलिया संबंध

**कोरोनावायरस** में पूरी दुनिया में दस्तक दी है परंतु इसी बीच भारत भी अपने द्विपक्षीय वार्ताएं लगातार कर रहा है। जो कि उसके लिए बहुत ही लाभदायक है। अभी पीएम मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरीसन ने आभासी बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक का मुख्य विषय भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा संबंधों को मजबूत करना, इंडो- पेसिफिक रीजन में अपनी मजबूती बढ़ाना, कोविड-19 से बचाव के बेहतर विकल्प की तलाश करना और डब्लूएचओ में आवश्यक सुधारों पर बल देना था। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों बहुत लंबे समय से एक-दूसरे से बहुत मजबूत संबंध बनाए हैं। बताते चलें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया ने कई दशकों में क्रमिक रूप से एक-दूसरे के प्रति रणनीतिक विश्वास का निर्माण किया है। 2008 में भारत-ऑस्ट्रेलिया विधिक सहायता और प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों के बीच संबंध इन संबंधों को और मजबूत बनाने में यह द्विपक्षीय वार्ता काम करेगी। इससे पहले वर्ष 2016 में ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने सिविल न्यूक्लियर ट्रांसफर टू इंडिया बिल पारित किया जो यह सुनिश्चित करता है कि नागरिक उपयोग के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया यूरेनियम की आपूर्ति का अनुबंध सुनिश्चित किया जाए।

**- सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमता

# अंग्रेजी हुकूमत की तरह बढ़ रहा है कोरोना, रोकना होगा आत्मबल से

**रमेश कुमार झा**
सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित रायपुर



वैश्विक महामारी कोरोना बीमारी ने जिस तरह से विश्व में सभी देशों को कमोबेश अपने आगोश में लिया है उससे पुराने जमाने की एक कहावत याद आती है जिसमें अंग्रेजी हुकूमत के बारे में कहा जाता था की अंग्रेजी हुकूमत का सूर्य कभी अस्त नहीं होता। कोरोना वायरस ने दुनिया के सभी देश, गोरों का हो या कालों का बिना भेदभाव के सबको जकड़ा है । भारत के मध्यकालीन इतिहास में अंग्रेजी साम्राज्य का हिंदुस्तान में फैलाव के अध्ययन से कोरोना वायरस के फैलाव की कहानी मिलती-जुलती प्रतीत होती है।

अंग्रेजी साम्राज्य ईस्ट इंडिया कंपनी के रूप में सर्वप्रथम राजाओं के दरबार में पहुंचा व्यापार की अनुमति प्राप्त की, सुरक्षा हेतु सेना रखने की अनुमति प्राप्त की और देश के सभी वर्गों के ऊपर अपना प्रभाव एवं दबाव डालना शुरू किया। अंततः इस देश का कोई भी व्यक्ति गोरे हुकूमत के प्रभाव से अछूता नहीं रहा एवं इस हुकूमत ने अपने निर्दयता से जन-जन को त्रस्त कर दिया।

इसी प्रकार कोरोना वायरस सर्वप्रथम उन लोगों के पास गया जो समृद्ध हैं, दुनिया के सभी देशों में व्यापार करते हैं, आवागमन करते हैं, उनसे अनुमति प्राप्त कर उनसे जुड़े मजदूर ड्राइवर सेवक पारिवारिक सदस्य, नाते रिश्तेदार सब में फैल गया एवं सभी के ऊपर अपना आधिपत्य जमा लिया। इस वायरस के निर्दयता से देश के हर वर्ग एवं उम्र के लोग त्रस्त हैं।

गोरी हुकूमत के अत्याचार के विरुद्ध हमारे देश के गरम दल एवं नरम दल के नेताओं ने समय-समय पर एक से बढ़कर एक आंदोलन, क्रांति एवं सत्याग्रह किया। बहुत सी महिलाओं ने अपने सुहाग खोए, माताओं ने अपने लाडले खोए, राज्यों ने राजाओं को खोया, बहनों ने भाई खोए, बहनें बेवा हुई, परंतु हर आंदोलन एवं सत्याग्रह का अंग्रेजों ने तोड़ निकाल कर इस देश की जनता पर 200 साल से अधिक समय तक राज किया।

इस देश से अंग्रेजी हुकूमत का अंत जनजागरण से हुआ। इस देश का हर व्यक्ति जब जागा एकजुट हुआ एवं महात्मा गांधी के सुझाव हुए सत्याग्रह के रास्ते को अपनाकर गोरी हुकूमत के विरुद्ध खड़ा हुआ तो इस देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई ।

कोरोना वायरस के हमले से भी इस देश के माओ ने बेटे खोए, बहनों ने भाई खोया, बच्चों के सर से माता-पिता का साया हटा, बहनें बेवा हुई, महिलाओं ने सुहाग खोए। समय-समय पर कुछ-कुछ दवाएं, उपचार, मास्क, सैनिटाइजर, पीपीई किट, सामाजिक दूरी बनाने की सलाह जैसे सुझाव आ रहे हैं परंतु कोरोना वायरस इन सब का तोड़ निकाल कर किसी न किसी तरीके से अपने साम्राज्य को बचाता हुआ विस्तार दे रहा है मानो अंग्रेजी हुकूमत का साम्राज्य अपना आकार ले रहा है।

इस बीमारी से स्वतंत्रता भी जनजागरण से ही मिलेगी । जब इस देश का हर नागरिक भारत शासन को महात्मा गांधी मानकर उनके सुझाए रास्तों को आत्मसात कर इस वायरस के विरुद्ध एकजुटता का प्रदर्शन करेगा तभी इस देश को इस वायरस के गुलामी के जंजीरों से स्वतंत्रता प्राप्त होगी एवं मां भारती को पुनर्जीवन मिलेगा । देश में खुशियां वापस आएगी हर व्यक्ति वैचारिक एवं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगा एवं देश पुनः समृद्ध होगा। जय हिंद, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

# गिलहरी अभियान में आज 6 सरपंचों सहित 92 पंचों ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया दान : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री राहत कोष में फंड जुटाने के लिए चालू किये गए अभियान में 6 सरपंचों सहित 92 पंचो ने 19800 रुपये जमा कराए, सभी सरपंचो ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के आवास पहुचकर गिलहरी अभियान के लिए योगदान देते हुए सह्योगकर्ता पंचो की सूची सौपी, प्रज्ञा निर्वाणी ने आये सरपंचों को समझाइस देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के जितने भी विकास कार्य है उनका निर्माण और ठेका पंचायत के स्थानीय युवकों और क्वारेन्टीन सेंटर से बाहर आये श्रमिक कारीगरों को ही अनिवार्य रूप से दे ,किसी बाहर के व्यक्ति या शहरी ठेकेदार से काम न कराए, क्योंकि जो लखनऊ ,कानपुर,दिल्ली और पूना जा के बहुमंजिला इमारत बना सकते है,बड़े बड़े होटल और माल बना सकते हैं क्या गांव के गलियों और नालियों को नही बना सकेंगे, इससे उनको गांव में ही रोजगार उपलब्ध होगा और मेरा दावा है कि अगर गांव के श्रमिक खुद अपने गांव के लिए काम करेंगे तो उसकी गुणवत्ता निश्चित रूप से बेहतर ही होगी, साथ ही साथ अब हमें जब तक कोरोना के लिए वैज्ञानिकों के द्वारा कोई टीका विकसित नही कर लिया जाता तब तक सावधानियों के साथ ही जिना होगा, गिलहरी अभियान में योगदान देने वालो में ग्राम पंचायत बालसमुंद के सरपंच गायत्री साहू पंच हीरा लाल साहू,पार्वती साहू,संतोष साहू,रुक्मणि साहू,पुन्नी बाई साहू,रेखा साहू,कमल नारायण साहू,राजा राम साहू,रुक्मेश कुर्रे,राजू यादव,गोदावरी बंजारे, मीना देहरे,पिपरभट्ठा के सरपंच रवेन्द्र वर्मा,पंच ललित कुमार, भीखू यदु,भागेश्वर दुबे, बिहारी यदु, शिव प्रसाद, मालति चेलक, कल्याणी वर्मा, पूर्णिमा वर्मा,जंत्री वर्मा ,बीरसिंह, लेखराम वर्मा ,डिगेश्वरी,ढारा के सरपंच उर्मिला साहू पंच सरिता साहू,सवाना बाई, कैलास राम साहू,लल्लू राम साहू,अमर साहू,सेवती बाई साहू,लक्ष्मी बाई यादव,कंजू बाई खरे,नीतू बंजारे,वेद प्रकाश चतुर्वेदी, प्यारे लाल बंजारे सहित पंचायत सदस्यों ने अपना योगदान किया।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में किया गया कोविड के साथ भी, कोविड के बाद भी विषय पर वेबिनार

**भिलाई।** कोविड के इस जंग में एक बात सामने आई है, इस जंग को जारी रखते हुए हमें जीना पड़ेगा...जीवनशैली मे परिवर्तन लाना होगा। ताकि हम कोविड के शिकार न बने। सावधानी के तहत -सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क - नए जीवन शैली के अभिन्न अंग हो जायेंगे। ये विचार अनिर्बान दासगुप्ता, निदेशक परियोजनाएं तथा बिसिनेस प्लानिंग एवं सी.ई.ओ. भिलाई इस्पात सयंत्र, ने नरकास स्तरीय वेबिनार के उद्घाटन सत्र में, अपने उद्बोधन मे रखी। इस दौरान, श्री दासगुप्ता ने इस कठिन दौर में कैसे सभी सुरक्षा मापदंडो को ध्यान मे रखते हुए कार्य को अंजाम दिया गया, उस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की सभी कार्मिकों को हैण्ड सेनीटैजेर, मास्क का वितरण किया गया एवं सोशल डिस्टेन्सिंग को पालन करते हुए उत्पादन को बनाया रखा। इस वेबिनर का आयोजन सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सेट), भिलाई उप केंद्र ने किया था।

वेबिनर का विषय था कोविड के साथ भी, कोविड के बाद भी अनिर्बान दासगुप्ता, इस नरकास स्तरीय वेबिनर के मुख्य अतिथि थे। इस वेबिनर की अध्यक्षता जगदीश अरोरा, कार्यपालक निदेशक, सेट, ने की। श्री हरीश सिंह चौहान, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। वेबिनर के अध्यक्ष जगदीश अरोरा ने अपने संबोधन में बताया की सेट द्वारा कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन को चुनौती की तरह लेते हुए कार्यों को सुगमतापूर्वक निर्वहन करने के लिए विभिन्न उपाय किये गए।

## क्विक न्यूज

### जिला कांग्रेस प्रभारी ने ली बैठक



**बेमेतरा।** जिला संगठन की बैठक लेने पहुचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री एवं जिला प्रभारी जितेंद्र साहू इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओ से कोरोना संक्रमण से लोगो का बचाव एव सहायता करने की बात कही साथ ही जिला स्तर पर संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा किये। इस अवसर पर उपस्थित बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेसजनों से इस संक्रमण में लोगो की अधिक सहायता करने की बात कही विधायक जी ने बेमेतरा में कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान किये गए कार्यो की जानकारी दी।

### मंत्री ने नल जल विस्तार कार्य व नवीन पानी टंकी निर्माण की स्वीकृति दी

**दल्लीराजहरा/कुसुमकसा।** डोंडी लोहारा की विधायिका व छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं की मांग पर ग्राम पंचायत कुसुमकसा में हैडपम्प खनन व गुंडराटोला में नल जल विस्तार कार्य हेतु 5 लाख रुपये व नवीन पानी टँकी निर्माण गेरेजपारा में 5 लाख रुपयों की स्वीकृति दी है शिवराम सिन्द्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ,शब्बीर खान ,नितिन जैन ,एस पी यादव ,प्रेमचंद जैन ,विष्णु मसियारे ,तुलाराम पटेल ,सरजू मंडावी ,राजू सिन्हा ,सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने अनिला भेड़िया का आभार व्यक्त किये।

### विधायक व अधिकारी-कर्मचारी ने आवास कॉलोनी में रोपे पौधे

**बेमेतरा।** नवागढ़ विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर सुकुलपारा शासकीय अधिकारी कर्मचारी आवास कॉलोनी में नवागढ़ विधानसभा विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शक्तिधर दीवान, तहसीलदार रेणुका रात्रे, नायाब तहसीलदार कुसुम साहू नवागढ़ पटवारी प्रमोद ठाकुर सहित समस्त कॉलोनी वासियों ने मिलकर छाएदार और फल दार पौधे लगाए गए, और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी ने प्रण लिया कि अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे।

# बालोद जिले के ग्राम दिघवाड़ी में महिला समूह कर रही इमली ब्रिक्स का निर्माण

**डीएफओ सतोविशा के मेहनत का परिणाम की....जिले में वनोपजों का हो रहा सही उपयोग**

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com







प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल और वनमंत्री मोहम्मद अकबर के सपनों को साकार करने में बालोद वनमंडल पूरी तरह जुट चुका हैं। जिसका परिणाम है कि जिले में अब ग्रामीणों को वनोपज से रोजगार मिल रहा है और ग्रामीण मजदूर से मालिक बन रहे हैं। डीएफओ सतोविशा समाजदार के मेहनत का परिणाम है कि जिले में वनोपज का सही उपयोग हो रहा है और यही वनोपज अब ग्रामीणों के रोजगार का साधन बन चुका हैं।महुआ से आचार, एलोविरा से साबुन, पलाश के फूल से सिंदूर और अब इमली से ब्रिक्स याने की चपाती बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डौंडी के ग्राम पंचायत चिहरो के आश्रित ग्राम दिघवाड़ी में इन दिनों बिहान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह वन विभाग के मार्गदर्शन में इमली ब्रिक्स याने चपाती का निर्माण कर रही हैं। जिसे अब जिले के वन विभाग की संजीवनी के माध्यम से बेचा जाएगा। साथ ही बाजारों में भी समूह के द्वारा इसे विक्रय किया जाएगा। लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए वनमंडलाधिकारी सतोविशा समाजदार के द्वारा वनोपजों को विभिन्न तरीकों से स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को रोजगार दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिहरो के आश्रित ग्राम दिघवाड़ी में बिहान से जुड़ी एकता महिला स्व सहायता समूह द्वारा इमली से चपाती बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। इमली ब्रिक्स (चपाती) निर्माण करने में बस्तर के बाद बालोद प्रदेश का दूसरा जिला बन गया हैं। गुरुवार से इस पहल की शुरुआत की गई हैं। 2 दिनों में समूह की महिलाओं द्वारा 100 से अधिक पैकेट का निर्माण कर लिया गया हैं। इस पहल से लोगों को अब अपने ही गांव में रोजगार मिलने लगा है।

### डीएफओ सतोविशा बनी पहली खरीददार

शनिवार को वनमण्डलाधिकारी श्रीमती सतोविशा समाजदार ग्राम दिघवाड़ी पहुची। जहां उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा निर्माण किये जा रहे इमली ब्रिक्स याने चपाती का अवलोकन कर निरीक्षण किया। निर्माण से संबंधित विशेष दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर ही श्रीमती समाजदार ने समूह की अध्यक्ष कविता देवी मण्डावी से 6 पैकेट इमली ब्रिक्स के खरीदे। इस तरह एकता महिला स्व सहायता समूह से इमली चपाती के पैकेट्स खरीदने वाली पहली ग्राहक खुद वनमण्डाधिकारी सतोविशा समाजदार बनी।

### समूह की 13 सदस्य कर रही इमली चपाती निर्माण का कार्य

एकता महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष कविता देवी मण्डावी ने बताया समूह में कुल 13 सदस्य हैं।हम लोग पहले तो लोगों के घरों में जाकर इमली की खरीदी निर्धारित समर्थन मूल्यों में किये फिर कुछ इमली वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। इमली से चपाती कैसे बनाना है। इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों ने हमें बस्तर के वनधन केंद्र घोटिया ले जाकर प्रशिक्षण दिलाया। उसके बाद डीएफओ सतोविशा समाजदार व डौंडी वन परिक्षेत्र के अधिकारियों के द्वारा हमें मशीन उपलब्ध कराई गई।

### वन उपज से ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिले और वो मजदूर से मालिक बने : सतोविशा

जिले की वनमण्डलाधिकारी सतोविशा समाजदार ने पायनियर को चर्चा में बताया कि इस साल इमली का संग्रहण जिला यूनियन बालोद द्वारा किया गया हैं। जिसमें जिले के पांचों रेंज में इमली के संग्रहण किये गए हैं। पहले आती इमली उसके बाद फूल इमली। श्रीमती समाजदार ने आगे बताया कि जितना आप वनोपज को वैल्यू एडिशन करते है। प्रोसेसिंग करते है। उससे जो समूह होते है। उनका लाभ ज्यादा होता हैं। समूह के लोग ज्यादा से ज्यादा इनकम कर सकते हैं।

# बेमेतरा में 8 वर्ष की छात्रा के साथ अनाचार के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग एबीवीपी ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

2 जून की रात को बेमेतरा से कवर्धा रोड पर स्थित ग्राम कारेसरा से 8 वर्ष की बच्ची को आधी रात में सोई अवस्था में अगवा करके उसके साथ अनाचार जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया तत्पश्चात उसे अचेत अवस्था में उसके ग्रह ग्राम से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम मटका में छोड़ दिया गया । दूसरी सुबह स्थानीय व्यक्तियों द्वारा लड़की के अचेत अवस्था में मिलने की सूचना पुलिस को देने पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा तुरंत छात्रा को जिला अस्पताल परीक्षण हेतु भेजा गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण पश्चात छात्रा के साथ अनाचार होने की पुष्टि की इसके बाद से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से दोषियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं । इसी निमित्त 6 जून दिन शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिलाधीश से मिलकर राज्यपाल के नाम 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें पहला बिंदु इस घटना की जांच उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर किया जाए एवं दोषियों को कठोर से कठोर कार्यवाही कार्यवाही करने । दूसरा बिंदु बेमेतरा में हर चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए एवं जहां पूर्व से ही सीसीटीवी कैमरा लगे हैं और बंद है उसे तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए।

तीसरा बिंदु जिला प्रशासन एक ऐसा अभियान चलाएं जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो उपरोक्त मांगों को लेकर एबीवीपी के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की मुलाकात के बाद अभाविप के विभाग सह संयोजक मनोज वैष्णव ने दोषियों के ऊपर कठोर कार्यवाही ना होने पर आगे भी छात्रा को न्याय दिलाने के लिए अपना संघर्ष जारी रखने की बात कही साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश वर्मा एवं जिला छात्रा प्रमुख पूजा साहू ने सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रा के न्याय हेतु आवाज उठाने की बात जिले के समस्त युवा वर्ग से कहीं । इस दौरान नगर सह मंत्री बादल पाटिल, मुस्कान कोठारी, आफताब खान, लव कुश आदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने ली रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में बैठक और अंग्रेजी माध्यम के स्कूल प्रारंभ किए जाने की तैयारी की समीक्षा




पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले में विकासखण्ड स्तर पर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईटीआई के साथ समन्वय कर व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाने के संबंध में शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक ली।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, आईटीआई और उद्योग विभाग के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर कहा कि वे इस संबंध में कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने जिले में संचालित आईटीआई की संख्या, कुल सीटें तथा ट्रेड आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड स्तर पर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईटीआई के साथ समन्वय स्थापित करके ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाए, जिससे रोजगार मिलने में सहूलियत हो।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर, महाप्रबंधक उद्योग एमएस उईके जिला मिशन समन्वयक पीसी मरकले, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### अंग्रेजी माध्यम के स्कूल प्रारंभ किए जाने तैयारी की समीक्षा की

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आयोजित बैठक में जिले में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल प्रारंभ किए जाने तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक की व्यवस्था तथा अन्य कर्मचारी, फर्नीचर आदि की उपलब्धता, लायब्रेरी तथा विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने की तैयारी आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों पर सेवा संघ ने किया वृक्षारोपण



**बेमेतरा।** सेवा संघ जिला बेमेतरा ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं वट पूर्णिमा व कबीरजी जयंती के उपलक्ष्य पर विभिन्न जगहों में किया वृक्षारोपण। युवा सेवा संघ जिला बेमेतरा के अध्यक्ष सोनू साहू ने बताया पीपल का वृक्ष दमानाशक, हृदयपोषक, ऋण-आयनों का खजाना, रोगनाशक, आह्लाद व मानसिक प्रसन्नता का खजाना तथा रोगप्रतिकारक शक्ति बढानेवाला है। बुद्धू बालकों तथा हताश-निराश लोगों को भी पीपल के स्पर्श एवं उसकी छाया में बैठने से अमित स्वास्थ्य-लाभ व पुण्य-लाभ होता है। पीपल की जितनी महिमा गायें, कम है। पर्यावरण की शुद्धि के लिए जनता-जनार्दन एवं सरकार को बबूल, नीलगिरी (यूकेलिप्टस) आदि जीवनशक्ति का ह्रास करनेवाले वृक्ष सडकों एवं अन्य स्थानों से हटाने चाहिए और पीपल, आँवला, तुलसी, वटवृक्ष व नीम के वृक्ष दिल खोलके लगाने चाहिए। इससे अरबों रुपयों की दवाइयों का खर्च बच जायेगा। ये वृक्ष शुद्ध वायु के द्वारा प्राणिमात्र को एक प्रकार का उत्तम भोजन प्रदान करते हैं। खुद वृक्ष लगाना और दूसरों को प्रेरित करना भी एक सेवा होगी। जिसमे प्रदीप साहू, शिद्धान्त चौहान, कुश कश्यप, हेमलाल साहू, महेश, रेवाराम, राधेश्याम, सुमन साहू, अनूप, खेमलाल ,प्रह्लाद साहू, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धान की कीमत 25सौ प्रति क्विंटल करने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस बेमेतरा कि ओर से धान की कीमत 53 रुपए केद्र सरकार की बड़ाया उसके विरोध में व भूपेश बघेल जी दिये जा रहे 2500 प्रति क्विंटल धान की कीमत देने के लिए नरेन्द्र मोदी पी एम को ज्ञापन सौंपा कलेक्टर बेमेतरा को अध्यक्ष बंशी पटेल उपाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ललित विश्व कर्मा विकास भूवाल नन्द साहू पुन्नी दास आदि लोग मौजूद रहे।

# लैब टेक्नीशियन के अस्थायी संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 15 जून तक

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत लैब टेक्नीशियन के अस्थायी संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन 15 जून 2020 तक कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से शाम 5 बजकर 30 मिनट तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन सीधे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पुराना जिला अस्पताल परिसर में मंगाए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि तत्संबंध में लैब टेक्नीशियन हेतु विज्ञापन प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के बेबसाईट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी विज्ञापन का प्रारूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल में या बालोद जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन में देख व डाउनलोड कर सकते हैं।

**आमजन भी अब बरत रहे लापरवाही, मॉस्क का नहीं कर रहे उपयोग**

# कोरोना के बड़े संक्रमितों के बीच गतिविधियों में दी जा रही छूट

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



देश में कोरोना के जब हजार के आकड़ों में केस थे, तो लॉक डाउन 1 से लेकर लॉक डाउन 4 के तहत एडवायजरी जारी कर सख्ती बरती गई और लोगों से इसे कड़ाई से पालन भी करवाया गया। किंतु देश मे अब कोरोना केस 2 लाख से पार हो गए है, तो वही लॉक डाउन में और सख्ती बरतने के बजाय अनलॉक के तहत विभिन्न गतिविधियों को शुरू किया गया हैं। प्रदेश में भी लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा हैं। जिले में भी 25 कोरोना पॉजिटिव मरीज एक्टिव है। तो वही जिले का कुल आंकड़ा 37 तक पहुच गया है। लगातार कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने से हड़कंप की स्तिथि बनी हुई हैं। बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा अब कड़ाई व सख्ती बरतने के बजाय गतिविधियों में छूट दी जा रही हैं। जबकि शासन-प्रशासन को अभी कड़ाई व सख्ती बरतनी चाहिए। लेकिन विभिन्न गतिविधियों में छूट प्रदान करने से बाजारों में अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही हैं। सोशल डिस्टसिंग की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कुछ लापरवाह लोग अब मॉस्क का उपयोग भी नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से कोरोना संक्रमण का खतरा और भी बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। हालांकि अब तलक जिले में जो भी कोरोना संक्रमित मरीज मिले है, सभी प्रवासी हैं। थोड़ी राहत भरी खबर यह भी हैं कि स्थानीय तौर पर अभी तलक एक भी कोरोना संक्रमित मरीज नही मिला हैं। कोरोना को पूरी तरह हराने लोगों को सतर्कता और सावधानी बरतना बेहद ही ज्यादा जरूरी हैं।

### फुटकर तथा बड़े व्यापारी नही कर रहे मास्क का उपयोग

शासन-प्रशासन द्वारा लॉकडाउन में थोड़ी छूट देने के बाद जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार में सब्जी पसरा लगाने वाले छोटे, फुटकर व्यापारी व किराना व्यापारी मास्क का इस्तेमाल नही कर रहे है। अधिकांश दुकानदार मॉस्क का उपयोग नही कर रहे हैं। इतना ही नही सोशल डिस्टेसिंग की भी जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। गतिविधियों में थोड़ी छूट मिलने के बाद से फुटकर व किराना व्यापारी मॉस्क को नजरअंदाज कर रहे है। वही दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ा रहे हैं। दुकानों व सब्जी पसरा में लोगो की भारी भीड़ नजर आती है।

### नगरपालिका प्रशासन भी हो गई सुस्त

जिला प्रशासन ने लॉकडाउन-1 से लेकर लॉकडाउन-4 के तहत सख्ती बरती और लोगो से इसका कड़ाई से पालन भी करवाया गया। पालन नही करने वालो पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलानी कार्यवाही भी की गई। लेकिन अब नगर पालिका प्रशासन भी सुस्त नजर आ रहा है। शहर के सड़कों, बाजारों तथा दुकानों में बढ़ रहे भीड़ और बिना मास्क के बेवजह घूम रहे लोगो पर किसी प्रकार कार्यवाही नही की जा रही है। जिससे लोग भी बेफि होकर घूमते नजर आ रहे हैं। जैसे कोरोना का खतरा टल चुका हो। जिला प्रशासन को चाहिए कि गतिविधियों में छूट के साथ नियमो का पालन नही करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाए। अभी तक जितने भी कोरोना संक्रमित मरीज मिले है सभी प्रवासी है, जिन्हें क्वारेंटाइन सेंटरों में रखा गया हैं, यहां पूरी तरह से सख्ती बरती जा रही हैं, क्वारेंटाइन सेंटरों में किसी भी प्रकार की छूट नही दी जा रही हैं, सामान्य गतिविधियों में छूट दी गई है, आगे रेस्टारेंट खोलने की भी अनुमति दी जाएगा, लेकिन सभी को नियम के दायरे में ही रहकर छूट प्रदान ई गई हैं, लोगो को चाहिए कि बाहर जाते समय मॉस्क का उपयोग करे और सोशल डिस्टेसिंग बनाकर रखे। हमारे द्वारा समय-समय पर निरीक्षण और कार्यवाही भी की जाती हैं, ध्यान रखा जाता है कि 7 बजे के बाद कोई दुकाने खुली न हो।

**जनमजेय महोबे,** कलेक्टर, बालोद

# कलेक्टर महोबे ने बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा से बचाव संबंधी दिए विशेष दिशा-निर्देश

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले में आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि प्रतिदिन वर्षा मापक यंत्रों के सही संचालन हेतु संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ एवं राहत के संबंध में अपने कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित कर चौबीस घंटे संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं कंट्रोल रूम की जानकारी को भी उपलब्ध करा। वर्षा ऋतु में मौसमी नालों एवं तांदुला डेम के ओव्हर फ्लो से संभावित बाढ़ एवं तटवर्ती नदी के किनारे के ग्राम प्रभावित होते हैं, अतः उन ग्रामों में अस्थायी राहत केम्प हेतु शाला भवनों, पंचायत भवनों एवं अन्य शासकीय भवनों का निरीक्षण कर चिन्हांकित कर लें। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर अस्थायी राहत कैम्प में चॉवल की व्यवस्था हेतु खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। खाद्य अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, तहसीलदार और पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम तैयार कर जिले के समस्त होटलों, ढाबों, सब्जी, फल एवं मिठाई आदि सामग्री का निरीक्षण करें। विषाक्त खाद्य सामग्री से जनहानि न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुँओं और हैण्डपम्प आदि में ब्लीचींग पावडर आदि सुनिश्चित कर ली जाए। नगरीय क्षेत्रों में नालियों की सफाई करा ली जाए ताकि रहवासी इलाकों में नालों का पानी घरों में घुसने संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। टूटे-फूटे नालियों एवं पुल-पुलियों का मरम्मत भी करा लें। हैण्ड पम्प के आसपास गंदे पानी का जमाव न हो इसकी व्यवस्था करें। तैराकों की सूची तथा नाव की व्यवस्था और उनकी जानकारी तैयार रखें एवं जिला कार्यालय के नियंत्रण कक्ष में सूची, दूरभाष क्रमांक सहित उपलब्ध कराए। बाढ़ से बचाव संबंधित जो भी साधन उपलब्ध हो उनकी दुरूस्ती आदि कराकर तुरंत उपयोग हेतु तैयार रखें।

## क्विक न्यूज

### पर्यावरण दिवस पर सीईओ ने कछार में किया पौधा रोपण



**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल शासकीय प्राथमिक शाला कछार में जिला पंचायत सीईओ ग चा प्रकाश चौधरी ने काजू का एक पौधा लगाया। इसी तरह राजीव गांधी शिक्षा मिशन के आरके देवांगन ने सीताफल, सभापति स्वच्छता स्थाई समिति जिला पंचायत रायगढ़ ने बेहरा का पौधा, दिलीप पटेल ने करंच का पौधा एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने एक-एक पौधा लगाया। आशीष रंगारी ने पौधे के उचित देखभाल के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था कराया। पौधरोपण कार्यक्रम में सरपंच पन्नम निराला, सचिव ईश्वरी चौधरी, शाला समिति अध्यक्ष गुलाब पटेल, इंदर पटेल, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, स्कूल के शिक्षक तीर्थानन्द, सुरेश, गौरीशंकर, गजेंद्र, टीकम उपस्थित रहे। पौधों के लिए खाद, नया मिट्टी एवं गढ्डे की खुदाई संस्था के स्वीपर सनत बानी एवं घुरवा यादव ने श्रमदान कर सहयोग प्रदान किया।

### चक्रधर नगर चौक की दो दुकानों का शटर तोड़कर हजारों की चोरी



**रायगढ़।** बीती रात अज्ञात चोरों ने रेलवे क्रासिंग के बगल में स्थित निगम काम्पलेक्स के दो दुकानों का शटर तोड़कर कीमती टीवी सहित हजारों रुपए का माल पार कर दिया है। इन दुकानों में पहले भी चोरियां हो चुकी है। जो कहीं न कहीं पुलिस की रात्रि गश्त पर सवालिया निशान खड़ा करती है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात चक्रधरनगर क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दो दुकानों का शटर तोड़कर नगदी सहित हजारों रुपयों का माल पार कर दिया है। चोरी की उक्त घटना रेलवे लाइन के ठीक बगल में स्थित मटन मार्केट में हुई। चोरों ने बंगाल जलपान सेंटर और उसके बगल में स्थित गगा किराना दुकान को निशाना बनाया। गगा दुकान से 4000 नगदी सहित तकरीबन 25 हजार का माल पार कर दिया। वहीं बंगाल जलपान सेंटर से चोरों ने 30000 रुपए की टीवी पार किया है। चोरी की सूचना मिलने पर चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंची।

### निधन

### बृजेश सोनी



**मुंगेली।** सोनार पारा मुंगेली निवासी गोपाला सोनी के कनिष्ठ सुपुत्र बृजेश सोनी ( बब्बू ) का 42 वर्ष की उम्र में कल 5 जून को निधन हो गया था। वे राजेश सोनी ,विनोद सोनी के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार आज 6 जून को बुधवारी बाजार मुंगेली स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# फर्जी मस्टर रोल बना कर गड़बड़ी करने का आरोप, जांच की मांग

- ग्राम पंचायत कोतासुरा के रोजगार सहायक पर लगा आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिले के पुसौर ब्लॉक के अंतर्गत कोतासुरा ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक पर मनरेगा व पीएम आवास के कार्यों में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर लाखों रुपये के गबन का आरोप लग रहा है। खास बात यह है कि पूर्व में ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर जांच अधिकारी ने गड़बड़ी की पुष्टि तो की, लेकिन मात्र 15 हजार रुपए की रिकवरी निकालते हुए रोजगार सहायक के अ%छे कार्यों को देखते हुए उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई न करने की अनुशंसा भी कर दी।

इस बात की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने एक बार फिर सरपंच के माध्यम से जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सीईओ को शिकायत पत्र देकर उसे पदमुक्त करते हुए निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इस संबंध में पुसौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोतासुरा के रोजगार सहायक कालीचरण यादव पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके द्वारा लेबर पेमेंट में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर अपने परिवार के सदस्यों के जॉब कार्ड बना कर राशि का आहरण किया जा रहा है। उसके द्वारा मनरेगा के अलावे पीएम आवास में भी लेबर पेमेंट की राशि अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर निकाल ली है।

यंहा महिला सरपंच है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायक यादव द्वारा मनरेगा व पीएम आवास में लगभग डेढ़ लाख से भी अधिक की गड़बड़ी की गई है। पूर्व में शिकायत करने पर जांच अधिकारी वर्षा वर्मा ने उसका बचाव कर दिया। वर्षा वर्मा ने जांच प्रतिवेदन में गड़बड़ी की पुष्टि तो की लेकिन महज 15 हजार की उससे रिकवरी की बात कहते हुए अच्छे कार्यों के कारण उस पर कोई कार्रवाई नहीं करने की भी अनुशंसा कर दी है। ऐसे में उसके साथ मिलीभगत होने की संभावना ग्रामीण जता रहे हैं। यही वजह है कि ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल व सीईओ ग चा प्रकाश चौधरी को लिखित शिकायत कर रोजगार सहायक कालीचरण यादव को पदमुक्त कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत पर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अभिभावक 1 जुलाई से स्कूल खुलने के पक्ष में नजर नहीं आ रहे

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



- कोरोना के संक्रमण: अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के सदस्यों ने दिए अपने सुझाव

पूरे देश में विगत मार्च माह से चल रहे कोरोना के संक्रमण को देखते हुए लगातार केंद्र एवं राज्य सरकारों ने संक्रमण से निजात पाने रोकथाम की दिशा में लॉक डाउन लगाकर सकारात्मक पहल की, तथा अब लाक डाउन चार समाप्त होने के बाद एवं भारत सरकार के आदेश पर 1 जून से अनलॉक 1 प्रारंभ होने के बाद आने वाले दिनों में पूर्ण रुप से व्यापारिक गतिविधियों सहित शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रारंभ होने की चर्चाएं जोरों से है, तथा भारत सरकार ने राज्य सरकारों को निर्देशित कर अपने-अपने राज्यों में वहां की परिस्थितियों के अनुरूप गतिविधियों के संचालन की बात कही है तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी वर्तमान सरकार द्वारा 1 जुलाई से स्कूलों खोले जाने की बात कही गई है, तथा स्कूल खोलने को लेकर एवं वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ प्रदेश में दिन प्रतिदिन कोरोना पोजेटिव मरीजों की ब?ती संख्या को देखते हुए अभिभावक बेहद चिंतित है, एवं इसी विषय को लेकर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई के अंतर्गत विभिन्न शहरों में स्थापित शाखाओं के पदाधिकारियों द्वारा अपने स्कूली बच्चों को आने वाले दिनों में स्कूल भेजने को लेकर अलग-अलग सुझाव एवं अलग-अलग तर्क दिए जा रहे हैं। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रांत इकाई की अध्यक्ष उषा अग्रवाल शक्ति के प्रयासों एवं पहल पर कुछ सुझाव प्राप्त हुए हैं। जिसमें सर्वप्रथम सरोज सुनालिया कोरबा शाखा अध्यक्ष ने कहा है कि अभी की स्थिति में स्कूलों को प्रारंभ करना उचित नहीं है तथा पहले बड़े लोग इस संक्रमण से बचने के लिए आत्मनिर्भर बने एवं इस स्थिति में स्कूल खोलने से बच्चे अपने आप को सुरक्षित नहीं रख पाएंगे अतः स्कूल खोला जाना किसी भी दृष्टिकोण से जायज नहीं है।

सरोज राजेश अग्रवाल शक्ति ने भी कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्कूल खोला जाना उचित नहीं बताया है एवं बच्चों को घर पर रहकर ही शिक्षा दिए जाने की बात कही है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन नैला जांजगीर शाखा की सचिव श्रीमती एकता गुप्ता ने भी कहा है कि पूरे देश में आज कोरोना का संक्रमण और अधिक तेजी से फैल रहा है तथा ना जाने आने वाले दिनों में यह संक्रमण कहां जाकर रुकेगा हमें पहले अपने आप को सुरक्षित रखना होगा।

# लायनेस क्लब ने पेंड्रा शासकीय कन्या शाला में किया पौधारोपण



- पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : लक्ष्मी गोयल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवगठित राजस्व जिले गौरेला पेंड्रा मरवाही की सक्रिय एवं रचनात्मक कार्य करने वाली संस्था लायनेस क्लब द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लायनेस क्लब की एरिया सचिव लक्ष्मी ?ायल के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक मिश्री देवी कन्या शाला पेंड्रा रोड में एक कदम प्रकृति की ओर बढ़ाते हुए वृक्षारोपण का कार्य किया गया, इस दौरान जहां लायनेस क्लब की सदस्यों ने फलदार वृक्ष, आम,अमरूद, स्ट्रॉबेरी, पपीता, सहित विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाकर ट्री गार्ड भी लगाए एवं वृक्षों को संरक्षित करने का भी संकल्प लिया, साथ ही इस अवसर पर लायनेस क्लब पेंड्रा द्वारा आम लोगों को भी एवं स्कूल परिवार के लोगों को भी आने वाले समय में इन वृक्षों को सुरक्षा देने तथा समय-समय पर पानी एवं खाद देने का भी आग्रह किया गया तथा लायनेस क्लब की एरिया सचिव लक्ष्मी गोयल ने बताया कि हम सभी निरंतर वृक्षारोपण के प्रति सजग एवं जागरूक हैं तथा लोगों को विभिन्न माध्यमों से वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु आग्रह करते रहते हैं।

# कलेक्टर ने क्वारेन्टाइन सेंटर्स का किया निरीक्षण

- सेंटर्स में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने कल सारंगढ़ विकासखंड के ग्रामों टिमरलगा, बंजारी तथा हरदी में बने क्वॅरेंटाइन सेंटर का निरीक्षण किया तथा सारंगढ़ के रक्सा पाली ग्राम में बने कंटेंटमेंट जोन में व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी तथा एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा भी साथ मौजूद रहे।

उन्होंने क्वारेन्टीन सेंटर्स का निरीक्षण कर वहां निवासरत प्रवासियों से उनका हालचाल जाना। वहां मिल रही सुविधाओं के बारे में उन्होंने फीडबैक लिया। उन्होंने प्रत्येक प्रवासी व्यक्ति से उनके काम तथा स्किल के बारे में जाना तथा वहां पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्वारेन्टीन में रह रहे लोगों की स्किल मैपिंग करें तथा क्वारेन्टीन अवधि पूर्ण होने पर उनके लिए रोजगार की व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर ने पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सेंटर्स में रह रहे ऐसे व्यक्ति जिनके मनरेगा जॉब कार्ड नही बने हैं उनके जॉब कार्ड तत्काल बनाकर क्वारेन्टीन तथा होम आइसोलेशन की अवधि के पश्चात तात्कालिक रूप से रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने वापस लौटे लोगों के बच्चों का स्कूलों में दाखिला करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। सेंटर्स में लोगों के मनोरंजन के लिए रेडियो उपलब्ध करवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर भीम सिंह ने लोगों से चर्चा कर कोरोना वायरस से बचाव के लिए शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बारे में बताते हुए लोगों को उसे पालन करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कलेक्टर भीम सिंह ने सारंगढ़ में जोनल अधिकारियों की बैठक ली। जिसमे उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिसको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। किसी प्रकार की लापरवाही किए जाने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने भी कहा कि यह गंभीर और चुनौतीपूर्ण समय है।

# क्वारेन्टाइन सेंटर्स में महिलाओं को बांटे जा रहे सेनिटरी नैपकिन

- महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा का रखा जा रहा है ख्याल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



क्वॅरेंटाइन सेंटर में लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वहां पर निवासरत महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील कदम उठाते हुए रायगढ़ जिले के सभी क्वॅरेंटाइन सेंटर्स में महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

जिला पंचायत रायगढ़ से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी नौ विकास खण्डों में बने क्वारेन्टाइन सेंटर्स में महिलाओं को यह सेनिटरी नेपकिन उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा नेपकिन बनाया जाता है। उन्हीं से इन नैपकिन्स की खरीदी की जाएगी। जिसके बाद महिलाओं को उसका वितरण किया जाएगा। वर्तमान में जिले में गोडम तथा डूमरपाली में स्व-सहायता समूहों द्वारा नेपकिन का निर्माण किया जा रहा है। इन समूहों को नेपकिन निर्माण के आर्डर दे दिए गए हैं। जिले के सभी क्वारेन्टाइन सेंटर्स में निवासरत महिलाओं की संख्या अनुसार नेपकिन की व्यवस्था करने के निर्देश जोनल अधिकारियों को दिए गए हैं। पूर्व में जिला पंचायत सीईओ सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी के पहल पर गोडम की संतोषी स्व-सहायता समूह के साथ जेवरा, बंजारी, गुडेली, ग्वालिनडीह, पिण्डरी के बने क्वारेन्टीन सेंटर्स में महिलाओं को यह नैपकिन उपलब्ध करवाया गया था। अब इस वितरण कार्यक्रम का विस्तार सम्पूर्ण जिले में किया जा रहा है। जिससे इस कठिन समय मे महिलाओं की स्वास्थ्य की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा सके।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने लगाए पौधे

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को चांदमारी स्थित मछली फार्म परिसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलाम रहमान खान का जन्मदिवस भी था। इसके कारण कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ पौधे लगाए और इसके संरक्षण व संवर्धन का भी संकल्प लिया। मोर्चा की महामंत्री मेहरून्निशा ने बताया कि शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के साथ हमारे जिलाध्यक्ष गुलाम रहमान खान का जन्मदिवस था। इसलिए इस दिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए हमने पौधरोपण करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को सुबह गुलाम रहमान खान के साथ मोर्चा के कार्यकर्ता चांदमारी स्थित मछली फार्म परिसर पहुंचे और सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए कटहल, अमरुद, नीम सहित अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए। साथ ही सभी ने लगाए गए पौधों को संरक्षण कर उसे पेड़ बनाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर मो. आवेश, सैय्यद इफ्तिखार साबरी, राजेंद्र बैरागी, प्रदीप खलखो, कल्पना यादव, शरद यादव, गोपाल निषाद, बजरंग बेहरा, गौरहरि बेहरा, भानू सारथी, सतीश बेहरा, विलास सारथी, सैय्यद आफताब साबरी सहित मस्त्य विभाग से डीआर जंघेल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों में बांटे मास्क व दवा

मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलाम रहमान खान ने शुक्रवार को अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाने के साथ ही जरूरतमंदों में मास्क, दवाइयां व आवश्यक सामान भी बांटा। उन्होंने लोगों से कोरोना महामारी से निपटने सरकार द्वारा लागू लॉकडाउन व अन्य का पालन करने की अपील की।

# नटवर स्कूल में सब्जी बेचने वालों से वसूली करने जा पहुंचे निगम अधिकारी

**रायगढ़।** नटवर स्कूल प्रांगण में सब्जी बेचकर जीवन यापन कर रहे लोगों से भी जब नगर निगम के अधिकारी पैसा वसूली करने पहुंच गए तब इसकी तत्काल शिकायत सबसे पहले सभापति से की गई। शिकायत करने वाले ने कहा को ऐसी स्थिति में जब लोगों के जीवन यापन के लिए सरकारें योजना ल रही है हमसे पर्यावरण के नाम पर 200 की वसूली क्यों हो रही है? सभापति ने वहां गए अधिकारी का नाम पूछा और उसे तत्काल फोन लगाकर पूछा कि किसके कहने पर वसूली कर रहे हो ? अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद जब आयुक्त ने दुबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी तब वे वहां से लौट आए। स्थानीय सब्जी विक्रेताओं ने नगर निगम के स्वास्थ अधिकारी द्वारा सब्जी विक्रेताओं से दो-दो सौ गंदगी फैलाने के जुर्माने के बतौर ले रहे थे, लेकिन सब्जी विक्रेताओं ने जब इसका विरोध किया और इसकी शिकायत की तब जाकर मामला शांत हुआ। इन सब्जी विक्रेताओं को संजय मार्केट सब्जी मंडी से हटाकर नटवर स्कूल प्रांगण में इसलिए रखा गया था।

# पर्यावरण दिवस पर लगाए गए फलदार व छायादार पौधे

- सेव फारेस्ट समिति की पहल, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही जिला सेव फारेस्ट समिति व वन मंडल रायगढ़ के संयुक्त तत्वधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें वनमंडलाधिकारी, अतिरिक्त कलेक्टर, सहयोग टीम, सर्प मित्र टीम के अलावा जिले के विभिन्न वन सुरक्षा समितियों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लेते हुए पौधारोपण किया। 20 से अधिक पौधे लगाने के बाद उनके संरक्षण का भी प्रतिज्ञा ली गई। रायगढ़ के पर्यावरण पार्क में कल शाम कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए सादगी के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जहां वन मंडल रायगढ़ व जिला सेव फारेस्ट समिति के द्वारा संयुक्त रूप से 20 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। जिसमें आम, पीपल, आंवला, बरगद के अलावा अन्य प्रजातियों के पौधे रोपण किए।

**कार्यालय जिला पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
दूरभाष नं.-07868 241282, फैक्स नंबर-07868 241482 zp-kanker.cg@nic.in
क्रमांक/2545/जि.पं./स्टोर/2020-21 कांकेर, दिनांक 04.06.2020

जिला पंचायत कार्यालय में पुरानी / अनुपयोगी सामाग्रियों की निलामी किया जाना है इच्छुक फर्म दिनांक 08.06.2020 तक मुहरबंद लिफाफे में सामाग्रियों की दर प्रस्तुत कर इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

जिला पंचायत कार्यालय के कमरा नं. 02 से नियमों/नीलामी से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

## पेज 1 के शेष...

### कोरोना संक्रमित विश्व में भारत ...

जिससे स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या 35156 हो गयी है। कोरोना वायरस से प्रभावित होने के मामले में तमिलनाडु दूसरे नंबर पर है, जहां संक्रमितों की संख्या 28694 पर पहुंच गयी है तथा 232 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 15762 लोगों को उपचार के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है।

### विष्णुदेव साय ने फिर सम्हाला भाजपा...

अवगत कराएंगे।इस कांग्रेस पर कटाक्ष वार्य करते हुवे उन्होंने ने कहा कि जिस उम्मीद व भरोसे से राज्यवासियों ने भारी बहुमत भूपेश सरकार को दिया था,उस पर वे खरा नहीं उतर पा रही है।जिससे राज्य में विकास का पहिया थम गया है चारों तरफ लोग भूपेश सरकार से त्रस्त हो गए हैं।डेढ़ सालों में कांग्रेस की सरकार पूरी तरफ विफल रही है।श्री साय ने कहा कि संगठन को पूरे राज्य में और भी मजबूती प्रदान करते हुवे आगामी चुनाव में जीत दर्ज के लक्ष्य के लिए काम अभी से किया जायेगा।इस अवसर पर डॉ रमन सिंह,सरोज पांडे,धरमलाल कौशिक,संजय श्रीवास्तव, सुनील सोंनी, बृजमोहन अग्रवाल,राजेश मूणत,श्रीमती गोमती साय,प्रबल प्रताप सिंह जूदेव अंजय शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आज विधानसभा चुनाव हुए तो ...

और विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष के दायित्व में अंतर होता है। इसके पूर्व डॉ.रमन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान प्रदेश अध्यक्ष था। अब विपक्ष में होने के बाद अध्यक्ष का चुनौतीपूर्ण दायित्व है इसे प्रदेश के शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन में निभाया जाएगा। भाजपा पूरे देश के दिल में बसी हुई है। साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के कारण कांग्रेस लोगों के दिल से उतर चुकी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के डेढ़ साल में जनता परेशान हो गई है। सभी मुद्दों पर भूपेश सरकार फेल साबित हुई है। कांग्रेस के लोकलुभावन घोषणा पत्र से जनता को गुमराह किया। आज एक भी वादे पूरे नहीं कर पाई। नई कार्यकारिणी के गठन पर साय ने कहा कि भाजपा टीम के रूप में कार्य करती है। इसमें सार्वजनिक निर्णय होते हैं। पार्टी मिलकर यह तय करेगी। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह,सांसद सरोज पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व अध्यक्ष विक्रम उसेंडी मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टोरेट के अधिकारियों कर्मचारियों को पिलाई काढ़ा



**मुंगेली।** वर्तमान में वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव तथा लोगों में इम्न्युनिटी बढाने हेतु जिला प्रशासन लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में जिले मे स्थापित क्वारेंटाइन सेंटर मे अस्थाई रूप से ठहरने वाले प्रवासी श्रमिकों के अलावा अधिकारियो-कर्मचारियो को काली मीर्च ,सोंठ, दाल चीनी, तुलसी पत्ता, हल्दी आदि के संमिश्रण से तैयार काढा पिलाया जा रहा है। इसी तारतम्य मे आज जिला कलेक्टोरेट के अधिकारियो-कर्मचारी को भी आयुर्वेदिक दवाओ का काढा पिलाया गया। कलेक्टर श्री एल्मा ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाओ का काढा का सेवन स्वस्थ के लि, लाभदायक होता ही है साथ ही काढा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने और कोराना वायरस से जंग जीतने मे भी सहायक है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना खण्ड, जगदलपुर (छ.ग.)**
Office Phone No. 07782-221176, Email ID-eeprojag-phe-cg@nic.in
''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना''

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम क्रमांक | निविदा आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 63979 | 01/ 15.05.2020 | तुरपुरा के डिगरापाल एवं जैबेल तक 100 मि.मी. व्यास के कुल लम्बाई 8000 मी. के डी-आई के-7 पाईप प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने का कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 71.43 | 15.06.2020 |
| 63980 | 02/ 15.05.2020 | बेसोली के बाकेल जल टंकी तक ग्रेव्हीटी मेन 100 मि.मी. व्यास के कुल लंम्बाई 3000 मी. डी.आई. के-7 पाईप प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 29.24 | 15.06.2020 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
२लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परि. खण्ड
जगदलपुर (छ.ग.)

जी-81369/4

## ट्रेंड बाजार

### वरुण को सता रही है लोगों की याद



**कोरोना** लॉकडाउन के बीच अभिनेता वरुण धवन को अपने मिलने वालों की याद सता रही है। इंस्टाग्राम पर एक चित्र साझा करते हुए वरुण एक कप लेते हुए दिखाया गया है और पृष्ठभूमि में उनका बगीचा दिख रहा है।

इमेज में एक स्टिकर रखा था जिसपर लिखा था, 'अपने लोगों की याद सता रही है।' वरुण ने इससे पहले कहा था कि उन्हें सेट पर होने की इच्छा कर रही है।


वो शीघ्र ही सारा अली खान के साथ फिल्म कुली नं. 1 के रीमेक में दिखाई देंगे।

### कोरोना वॉरियर्स का रानी ने किया धन्यवाद



**अभिनेत्री** रानी मुखर्जी का कहना है कि 'आज विश्व कोरोना वायरस के विरुद्ध अपनी सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रहा है। हमारे फ्रंट लाइन वर्कर ही सामने से इस संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं इनमें मेडिकल फील्ड के लोग जैसे डॉक्टर, नर्स तथा पुलिस, सेना आदि हमें सुरक्षित रखने के लिए स्वयं को जोखिम में डाल रहे हैं। मुंबई निवासी के रूप में मैं मुंबई पुलिस फाउंडेशन को बहुत बहुत धन्यवाद कहती हूं।

### जेनेलिया ने पुत्र को कहा 'हैप्पी बर्थ डे टू यू'



**अभिनेत्री** जेनेलिया डिसूज़ा का पुत्र राहिल एक साल का हो गया है। इस अवसर पर उन्होंने सोशल मीडिया पर उसे शुभकामना प्रेषित की।

उन्होंने लिखा, 'राहिल...मैं प्यार के बारे में कयास लगा ही रही थी कि ये क्या होता है कि किसी अमूल्य अस्तित्व ने मुझे इसके वृहद होने का अनुभव करा दिया। मैं चाहती हूं कि तुम्हें पता रहे कि तुम्हें चाहा और तुम्हारी प्रतीक्षा की गई थी क्योंकि हर दिन तुम ही मेरे सर्वाधिक प्रिय होते हो।' इसके साथ ही उन्होंने राहिल के साथ अपनी कुछ फोटोज़ भी पोस्ट कीं।

### रॉबर्ट पैटिंसन नहीं समझ सके फिल्म की कहानी



**अंग्रेजी** फिल्मों के अभिनेता रॉबर्ट पैटिंसन को क्रिस्टोफर नोलन्स टेनेट की कहानी को समझने में बहुत कठिनाई का अनुभव हुआ था। उनका कहना था कि फिल्म के दौरान महीनों तक तो उन्हें पता भी नहीं चला कि हो क्या रहा था।

एक साक्षात्कार में उन्होंने इस जटिल फिल्म के बारे में बताया, 'कई महीनो तक तो मुझे समझ ही नहीं आया कि मैं कर क्या रहा था औ हो क्या रहा था।'

आगे उन्होंने बताया, 'अंतिम दिन मैंने सह अभिनेता डेविड जॉन्सन से पूछा कि अमुक सीन में क्या हो रहा है और तब पता चला कि मैं तो बिलकुल गलत समझे बैठा था..।'

# पौराणिक वृतांत बढ़ा रहे हैं लोगों की जानकारी

**पुराणों पर आधारित टीवी शोज़ लोगों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। इसी बात की सत्यता का पता लगाने के लिए पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने बात की अभिनेताओं तथा इंडस्ट्री के विशेषज्ञों से। एक रिपोर्ट-**




सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और लोग अपने अपने घरों में टीवी सेट से चिपके हुए रामायण या महाभारत देखने में इतना खोए हैं कि उन्हें किसी दूसरी बात का कोई ध्यान नहीं। जी हां हम बात कर रहे हैं 1987 में रामानंद सागर कृत रामायण तथा महाभारत जैसे कार्यक्रमों की जो अपने समय में सुपरहिट हुआ करते थे। पूरे भारत में लोग इसे दूरदर्शन पर बड़े चाव व श्रद्धा से देखते थे।

रविवार होने के पश्चात भी लोग प्रातः से ही स्नान-ध्यान आदि करके शो को देखने के लिए तत्पर रहते थे और हों भी क्यों न? उनके आराध्य राम टेलीविजन पर जीवंत जो दिखने वाले थे। वास्तव में तो कई लोग तो कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी कुछ नहीं खाते थे क्योंकि उन्हें अपना दिन प्रारंभ करने से पहले पूजा करके प्रसाद ग्रहण करना होता था।

इसे देखने की लालसा का प्रभाव कुछ ऐसा हुआ कि तभी से हर चैनल पर एक पौराणिक शो अवश्य दिखाया जाता है। कई लोग इसे इसलिये भी देखते थे कि उनके माता-पिता ने उन्हें राम के बारे में वो बताया था जो उनके माता-पिता ने अपने बच्चों अर्थात मेरे माता-पिता को बताया था। कई लोगों के लिए ये अपने बच्चों को अपनी संस्कृति, देवी-देवताओं आदि से परिचित कराने का अवसर होता था।

तरुण खन्ना एक ऐसे ही कलाकार हैं जो धार्मिक शोज़ में आठ बार भगवान महादेव का चरित्र निभा चुके हैं। वर्तमान में वो दंगल टेलीविज़न चैनल पर चलने वाले शो ' देवी अपारशक्ति' में भी वो महादेव की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उनका कहना है कि हमारी पीढ़ी को अपने इतिहास के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। राम और कृष्ण मेरे विचार से वास्तविक व्यक्तित्व थे। यही कारण है कि हम दीपावली का पर्व मनाते हैं। ये वास्तविक घटनाएं थीं लेकिन इनका कोई लिखित विवरण नहीं है। रामायण के कई संस्करण हैं। जब आपको अपना इतिहास नहीं पता होता और आप इस बारे में कुछ जानना चाहते हैं तो ऐसे शोज़ में आपको धर्म और अपने अतीत की एक झलक तो मिल ही जाती है। लोग इन्हें इसलिये देखना चाहते हैं क्योंकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहते हैं। इस पौराणिक कथा में उनके भगवान-विष्णु और उनके अवतार तथा शिव के बारे में जानकारी होती है। लोगों को उनके अवतारों के बारे में जानने की इतनी उत्कटता होती है कि वे इन्हें बार बार देखना चाहते हैं।'

ऐसे शोज़ देखने के पीछे दर्शकों के भी तर्क और उत्सुकता होती है कि कोई अमुक चरित्र अमुक कलाकार कैसे प्रस्तुत करता है और निर्माता उस युग को किस प्रकार निरूपित करते हैं। खन्ना ने आगे बताते हुए कहा, 'जब मैं आपको कोई कहानी सुनाता हूं तो कहानी का कुछ भाग ऐसा होता है जिसे मैं अपनी व्याख्या के आधार पर बताउंगा या करूंगा। इस प्रकार के परिवर्तन ही कथा को रोचक बना देते हैं। लोग ये जानना चाहते हैं कि अमुख कलाकार या निर्माता इसे परदे पर किस रूप में प्रस्तुत करेंगे।' दंगल टीवी पर ही चलने वाले एक अन्य शो 'द्वारकाधीश-भगवान श्री कृष्ण की भूमिका का निर्वहन करने वाले विशाल करवाल का कहना है कि जब वो 90 के दशक में टीवी देखा करते थे तब चलने वाले शोज़ प्रगतिशील और श्रेष्ठ होते थे। लेकिन वर्ष 2000 के बाद से कंटेंट पतनोन्मुख हो चुकी है। उन्होंने बताया, 'अब ऐसे शोज़ कम हैं जिन्हें देखने से आप प्रसन्न का अनुभव करते हुए कुछ सीख सकें। पौराणिक शो में हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और इसके साथ ही ये देखने में भी अच्छे लगते हैं। इन्हें देखने मात्र से ही आपके भीतर एक प्रकार की सकारात्मकता का संचार होने लगता है।



इंटर10 टेलीविजन नेटवर्क के मुख्य विपणन अधिकारी अर्पित मच्चर आपको इतिहास के संदर्भ से समझाते हुए कहते हैं कि पौराणिक शोज़ विशेषकर पौराणिक शो 'रामायण' तो लोगों के बीच एक विशेष आकर्षण रखता है, उन्होंने बताया, 'हम लॉकडाउन के पहले से ही लोकप्रिय पौराणिक कथाओं तथा कास्ट्यूम आधारित शोज़-चंद्रगुप्त मौर्य, महिमा शनिदेव की तथा द्वारकाधीश, देवी अपारशक्ति आदि दिखाते आ रहे हैं। दर्शकों की रुचि और मांग के आधार पर 2008 की रामायण को भी हम लॉकडाउन के दौरान एक घंटे दिखाते रहे हैं। पहले ही सप्ताह में इस स्लॉट में 45 प्रतिशत का उछाल आया जो लोगों का इसके प्रति उत्साह ही प्रदर्शित करता है। हम समझ गए हैं कि पौराणिक कंटेंट लोगों को जंचती है और वे ऐसे शोज़ से एक प्रकार का जुड़ाव का अनुभव करते हैं।'

हमें बताया जाता है कि किसी पौराणिक शो को बनाना दूसरी सामान्य कंटेंट वाले शो की तुलना में अलग प्रकार से बनाए जाते हैं क्योंकि ऐसे शोज़ के पीछे दर्शकों को चरित्र की लुक, सेट सज्जा और वेशभूषा आदि के बारे में पूर्वधारणा होती है। ऐसे में निर्माता का दायित्व हो जाता है कि वो दर्शकों की अभिरुचि का ध्यान और सम्मान करते हुए ही इसका निर्माण करे। उन्होंने आगे बताया, 'पौराणिक कथाओं को पूरे देश में विविध प्रकार के संस्करणों के अनुसार देखा और सुना जाता है। लोग इस दिशा में अत्यंत संवेदशशील भी होते हैं। ऐसे में इस पूरी प्रक्रिया में शोध प्रमुख तत्व बन जाता है। इसके अलावा सेट का आकार, स्थान, वेशभूषा, भव्यता तथा कलाकारों की संख्या तथा निर्माण के बाद की टीम आदि कुछ ऐसे तत्व हैं जिनके बीच समन्वय जरूरी हो जाता है।'

हर पौराणिक कथा रामायण, महाभारत या शिव, कृष्ण पर ही आधारित होने का भी कारण है, 'ये ऐसी कहानियां हैं जिन्हें लोग कम से कम एकादि बार तो सुन ही चुके हैं। वे इस बारे में और अधिक जानकारी करना चाहते हैं।'

इशिता गांगुली स्टार भारत चैनल पर चलने वाले शोज़ जगजननी मां वैष्णों देवी-कहानी मातारानी की, में महाकाली,गॉडेस उमा और पार्वती का चरित्र कर चुकी हैं, वो बताती हैं कि उन्होंने पौराणिक शोज़ में भूमिका निभाना ही क्यों अच्छा समझा? उनका कहना है कि हमारे महाकाव्य में इतना कुछ कहने को है और लोग उनके बारे में और अधिक जानना चाहते हैं। उनका कहना है, 'मैं कोलकाता से हूं और मां काली की भक्त हूं। ये रोल अत्यंत चुनौतीपूर्ण है और इसे करने के दौरान मुझे भी अनेक अनुभव होते हैं। इसे करने के दौरान नाटकीयता, रंगमिश्रण और वेशभूषा कुछ ऐसी जमी कि मैं शोज़ से जुड़ती चली गई।'

वे भी इस बात से सहमत हैं कि दर्शक भी यही सोचते हैं, 'ऐसे शोज़ का चरित्र महामानव होता है बल्कि वे भगवान और देवी होते हैं। इनमें संवादों के साथ ही वीएफएक्स संबंधी प्रयोग तथा कॉस्ट्यूम आदि निर्धारित करने में भी हमें शोधों का ही सहारा होता है। लोग अपने आराध्य देव को देख अभिभूत हो जाते हैं।'

गांगुली बताना जारी रखती हैं, 'बच्चों के लिए ऐसे शोज़ हमारे पुराणों की जानकारी उपलब्ध कराते हैं क्योंकि मां-बाप तो दोनों ही कार्यालय चले जाते हैं। अब दादा-दादी से कहानी सुनना पुरानी बात हो चुकी हैं इस प्रकार के शोज़ आपका मनोरंजन तो करते ही हैं क्योंकि उनमें एक कहानी के पीछे दूसरी कहानी लगी रहती है लेकिन साथ ही आपको जीवन के अनुभव भी मिलते रहते हैं।'

वो एक उदाहरण सुनाती हैं, 'आप जगजननी... को ही लें, हम महिला सशक्तीकरण की बात करते हैं। मां काली एक ऐसा रूप है जो अपनी सशक्त ऊर्जा से नकारात्मकता और झूठे दंभ का दमन करती है। जब आप ये शोज़ देखते हैं तो आपको ये संदेश भी पहुंच रहा होता है कि महिलाएं सशक्त और सकारात्मक होती हैं और पुरुषों को ये अनुभव करना चाहिये।

## मेरे निजी जीवन के राजनीतिक विचार, पात्रों के विचारों का हिस्सा नही हो सकते : अनुराग

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की फिल्म चोक्डः पैसा बोलता है का प्रसारण नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार से शुरू हो गया है और इस फिल्म में नोटबंदी का पहलू भी शामिल है, जिसको लेकर कश्यप का कहना है कि फिल्म उनके निजी जीवन के राजनीतिक विचारों को नहीं बल्कि पात्रों के रोजमर्रा के जीवन को दिखाता है। इस फिल्म में मध्यमवर्ग में शादी और इसके बीच वित्तीय दिक्कतों की कहानी है। फिल्म में बैंक कैशियर सरिता का किरदार सैयामी खेर और उसके बेरोजगार पति सुशांत का किरदार रोशन मैथ्यु ने निभाया है।



सरिता अपने खर्चों के लिए संघर्ष करती रहती है लेकिन उसकी जिंदगी में उस समय एक मोड़ आ जाता है जब उसके घर में बेशुमार धन मिलने लगते हैं।

कश्यप ने कहा कि इस फिल्म को बनाने में कुछ समय लगा क्योंकि वह अन्य कामों में व्यस्त थे और जब 2016 में नोटबंदी की घोषणा हुई तो इसके पटकथा में बदलाव किया गया। फिल्म निर्माता से जब फिल्म की कहानी में नोटबंदी को लाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब आप पैसा और शादी के बारे में फिल्म बना रहे हैं तो नोटबंदी को तो उसका हिस्सा होना ही है। हम इस विषय का इस्तेमाल करना चाहते थे क्योंकि यह मध्यवर्ग के जीवन का हिस्सा है।

उन्होंने कहा, यह बेहद स्पष्ट है कि मेरे निजी जीवन के राजनीतिक विचार जिसे मैं ट्विटर पर पोस्ट करता हूं, वह मेरी फिल्म के पात्रों की राजनीति का हिस्सा नहीं हो सकते हैं। इन पात्रों को उतनी सुविधाएं हासिल नहीं हैं। अगर कोई रोजमर्रा के जीवन की परेशानियों से निपटने में ही लगा हुआ है तो उसे राजनीति के बारे में सोचने का समय नहीं मिलेगा। वे वही करते हैं जिससे उन्हें फायदा होता है। यह फिल्मनिर्मताओं का काम है कि वह उस समय को दिखाएं, शहर को दिखाएं और परिस्थिति को दिखाएं।

**फिल्म में मध्यमवर्ग में शादी और इसके बीच वित्तीय दिक्कतों की कहानी है। फिल्म में बैंक कैशियर सरिता का किरदार सैयामी खेर और उसके बेरोजगार पति सुशांत का किरदार रोशन मैथ्यु ने निभाया है।**

कश्यप ने कहा कि यह फिल्म जल्दी आ जाती लेकिन इसमें कई वास्तविक फुटेज इस्तेमाल किए गए हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फुटेज भी है जिसके लिए अनुमति लेने में कुछ वक्त लगा।

## कोविड-19: स्वस्थ हुए बोनी कपूर के घर में काम करने वाले कर्मी

**मुंबई।** फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने शुक्रवार को कहा कि उनके घर में काम करने वाले जो तीन कर्मी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे, वे अब पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। कपूर ने कहा कि वह और उनकी बेटी जाह्नवी और खुशी भी 14 दिन का पृथकवास पूरा कर चुकी हैं। फिल्म निर्माता ने ट्वीट किया, इस बात को साझा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरी बेटियां और मैं जांच के दौरान कोरोना वायरस निगेटिव आते रहे और हमारे तीन कर्मी जो संक्रमित पाए गए थे, वह भी पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। हमारा 14 दिन का पृथकवास भी खत्म हो गया है और हम भविष्य को लेकर आशान्वित हैं।

## अपने गाँव पहुँचने के बाद गृह पृथकवास में रह रहे हैं बॉलीवुड गीतकार एएम तुराज

**मुजफ्फरनगर।** कोविड-19 महामारी के बीच बॉलीवुड गीतकार एएम तुराज मुंबई से अपने पैतृक गाँव सम्भलहेड़ा पहुँचने के बाद गृह पृथकवास में रह रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुजफ्फरनगर के जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, तुराज बृहस्पतिवार को अपने घर पहुंचे और सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार उन्हें 14 दिनों के लिए खुद को पृथकवास में रहने की सलाह दी गई है। गुजारिश और पद्मावत जैसी फिल्मों में अपने गीतों के लिए जाने जाने वाले तुराज पश्चिमी उत्तर प्रदेश जिले से बॉलीवुड के दूसरे शख्स हैं, जो यहां आए और उन्हें गृह पृथकवास में रहने के लिए रखा गया है।

## बॉलीवुड के जानेमाने प्रोड्यूसर अनिल सूरी की कोविड-19 से मौत

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने प्रोड्यूसर अनिल सूरी की कोरोना वायरस संक्रमण के कारण बृहस्पतिवार को मौत हो गई। वह 77 साल के थे। उन्होंने राज कुमार, रेखा अभिनीत कर्मयोगी और राजतिलक जैसी फिल्मों का निर्माण किया। अनिल के भाई प्रोड्यूसर राजीव सूरी ने बताया कि उन्हें दो जून से बुखार था। उनकी हालत अगले दिन बिगड़ गई और उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। राजीव ने दावा किया, उन्हें बड़े अस्पतालों लीलावती और हिन्दूजा ले जाया गया लेकिन दोनों ने ही उन्हें भर्ती करने से इंकार कर दिया। राजीव ने बताया, फिर उन्हें बुधवार की रात एडवांस मल्टीस्पेशियालिटी अस्पताल ले जाया गया। उन्हें कोविड-19 था। बृहस्पतिवार शाम उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। उनकी शाम करीब सात बजे मृत्यु हो गई। अनिल का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह ओशीवारा शवदाहगृह में किया गया। वहां परिवार के सिर्फ चार लोग मौजूद थे और सभी ने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहने हुए थे। राजीव के अलावा अनिल के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।



## लाइट, कैमरा, एक्शन में अभी समय, तमाम दिशा-निर्देशों के साथ शूटिंग करना मुश्किल : फिल्मकार

**मुम्बई।** महाराष्ट्र सरकार ने भले ही शूटिंग करने की अनुमति दे दी है लेकिन प्रोडक्शन हाउस और फिल्मकार इस बात को लेकर संदेह में हैं कि तमाम दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कैसे वापस काम शुरू किया जाए।

फिल्मकारों का कहना है कि मनोरंजन जगत के एक बार फिर पटरी पर लौटने और लाइट, कैमरा, एक्शन बोलने में समय लग सकता है।

कोरोना वायरस से निपटने के लिए लगे लॉकडाउन की वजह से उद्योग ठप्प सा पड़ गया था, जिसके चलते आर्थिक नुकसान होने के साथ ही लाखों लोगों की नौकरी भी गई।

अब पटकथा को सामाजिक दूरी के नियम के अनुरूप बनाना, आउट डोर शूटिंग के कम कर्मियों को ले जाना, बजट प्रबंधन जैसी कई बड़ी चुनौतियां लोगों के समक्ष है। देश में 24 मार्च से ही जारी लॉकडाउन में निरुद्ध क्षेत्रों को छोड़कर अन्य स्थानों पर कई रियायतें दी गई हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक के सबसे ज्यादा नए 9,851 मामले सामने आए हैं और 273 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमितों की संख्या 2,26,770 और मृतकों की संख्या बढ़कर 6,348 हो गई। फिल्म जगत के वापस पटरी पर लौटने के सवाल पर पीकू के निर्देशक शूजित सरकार ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे मन में कई भय हैं। यह वायरस जा नहीं रहा है। यह ऐसे ही रहने वाला है, इसलिए हमें सतर्क रहना होगा। आने वाले दिनों में, हम छोटी फिल्मों के साथ काम शुरू करेंगे, जिनकी एक या दो दिन में शूटिंग हो जाए और विज्ञापनों की शूटिंग करके देखेंगे कि आगे कैसे काम कर पाते हैं। हमें प्रयोग करते रहना होगा।

फिल्म और टेलीविजन कर्मचारियों के लिए जारी दिशानिर्देशों में, राज्य सरकार ने रविवार को कहा था कि काम गैर-निरुद्ध क्षेत्रों में फिर से शुरू हो सकता है, लेकिन सामान्य 200 से अधिक कर्मियों के केवल 33 प्रतिशत के साथ ही। एक एम्बुलेंस, डॉक्टरों और नर्सों का होना और तापमान की जांच अनिवार्य होगी। इसके अलावा, 65 वर्ष से अधिक के किसी भी अभिनेता या कर्मचारी और बच्चों को सेट पर जाने की अनुमति नहीं है। कई फिल्मकारों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है वहीं कई का कहना है कि प्रतिबंधों से भीड़ वाले दृश्यों या नृत्कों के साथ शूटिंग करना नामुमकिन कर दिया है।

इंडियन फिल्म एंड टेलीविज़न डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक पंडित ने कहा कि निर्माताओं के लिए कुछ नियमों का पालन करना मुश्किल है। उन्होंने पूछा, मुम्बई में रोजाना औसतन 65 से 70 सेट लगते हैं। वहां एम्बुलेंस और डॉक्टर कैसे हो सकते हैं जब उनकी वास्तव में कमी है? उन्होंने यह भी कहा कि उम्र संबंधी पाबंदी कलाकारों और सेट पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ भेदभाव है। पंडित ने कहा, आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? इस तरह, अमिताभ बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती और अनुपम खेर जैसे कलाकार काम नहीं कर सकते। इस उम्र के वरिष्ठ तकनीशियन भी हैं। हर किसी को काम करने का अधिकार है, जबकि हम सभी को अपने स्वास्थ्य की चिंता भी है। यह अव्यावहारिक प्रतित होता है।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन से इस संबध में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिख दिशा-निर्देशों में बदलाव करने की मांग भी की है।

# जिले में कोरोना संक्रमितों का अर्द्धशतक पूरा, सामने आने लगे कम्युनिटी स्प्रेड के मामले तो उठी पूर्ण लॉकडाउन की मांग

## संपर्क में आए लोगों की तेजी से तलाश जरुरी




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के मामले ने शुक्रवार को शहर में दस्तक दे दी। संक्रमित तीन मरीज सामने आए हैं जिनमें से एक मोतीपुर, एक शंकरनगर और एक ठाकुरटोला से हैं। इनमें दो महिलाएं शामिल हैं। शंकरपुर में जिस महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है उसकी कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। सीधे तौर पर उक्त महिला का मामला सामुदायिक संक्रमण (कम्युनिटी स्प्रेड) के चलते संक्रमित होने का है। कम्युनिटी स्प्रेड के खतरे को देखते हुए अब शहरवासी पूरी तरह से लॉक डाउन की मांग कर रहे हैं।

शंकरपुर में संक्रमित मिली महिला सब्जी बेचती थी। लॉकडाउन के दौरान भी वह यही काम करती रही। इस महिला का पॉजिटिव आना एक बड़ी स्वास्थ्य महकमे और प्रशासन के लिए भी एक बड़ी चुनौती साबित होने वाला है। जाहिर है कि महिला किसी संक्रमित के संपर्क में आई और उसे कोरोना हो गया। लेकिन वह कौन था यह पता कर पाना काफी मुश्किल है। इसके अलावा उक्त संक्रमित महिला जितने लोगों के संपर्क में रही है उन सभी पर भी संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। यह पहला ऐसा मामला दिखाई दे रहा है जो शहर को संक्रमण की ओर तेजी से ले जा सकता है।

कम्युनिटी स्प्रेड के इस खतरे के बीच अब शहर को पूरी तरह लॉकडाउन करने की मांग उठ रही है जो कि वाजिब भी है। साफ हो चुका है लॉकडाउन के बीच कुछ संक्रमित ऐसे हैं जो न ही क्वारंटीन किए जा सके हैं और न ही वे स्वास्थ्य अमले के राडार पर हैं। जिस तरह उक्त महिला संक्रमित हुई ऐसा ही कई और के साथ हो सकता है। हालांकि कोरोना संक्रमण को लेकर इतने पेंच भी है कि पुख्ता तौर पर नहीं कहा जा सकता कि संक्रमण फैलने की कितनी फीसद संभावनाएं हैं। संक्रमण के कारण को ढूंढ पाना भी काफी जटिल है।

जो मांग सामने आ रही है उसमें कम से कम 15 दिनों के लिए शहर को लॉकडाउन करने का विषय सामने आ रहा है। मिली हुई छूट के संदर्भ में लोगों का विचार है कि हिदायतों और अपील के बाद भी लोग गैरजरुरी तौर पर घरों से बाहर निकल रहे हैं, घुम रहे हैं। ऐसी गतिविधियों के चलते कोरोना संक्रमण का खतरा और भी बढ़ सकता है। लगभग सभी तरह की दुकानें खुलने लगी हैं जहां सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर लोगों में जागरुकता की कमी दिखाई देती है और यह खतरे को और बढ़ा देता है।

## शहर में उठी पूर्ण लाकडाउन की मांग

राजनाँदगाँव जिले में आसपास के क्षेत्रों के अलावा 05 जून को शहर की दो महिलाओं के कोरोना पोसिटिव मिलने के बाद अब सोशल मीडिया सहित जमीनी स्तर पर शहर को पूर्ण लाकडाउन करने की मांग उठने लगी है . हांलाकि कलेक्टर टोपेश्वर कुमार वर्मा ने कल जारी अपने नए आदेश में दुकानों के खुलने की समय सीमा को कम करते हुए शाम 05 बजे कर दिया है लेकिन शहर में शाम के समय सायकिल चलाने वाले झुण्ड और सेहत बनाने के लिए टहलने वालों सहित बाजार में भीड़ लगाने वालों पर अब अंकुश लगाना जरुरी हो गया है . भाजपा , कांग्रेस व् आम जनता सहित बड़े व्यापारी वर्ग ने अब शहर को पूर्ण तरह से लाकडाउन करने की मांग की है।



■भाजयुमो के जिला महामंत्री किशुन यदु ने कहा कि राजनांदगांव अन्य राज्यो से छत्तीसगढ़ का प्रवेश द्वार है इसलिए अन्य राज्यो के प्रवासी लोगो का आवागमन भी सबसे ज्यादा राजनांदगांव में है जिससे किसी भी प्रवासी के कोरोना जैसे वायरस से संक्रमित होने पर हमारा जिला भी प्रभावित होगा । जब तक कोरोना के केस कंट्रोल में नहीं हो जाते तब तक राजनांदगांव जिले को पूर्ण लॉक डाउन किया जाए और सिर्फ मेडिकल सुविधा ही चालू रहे बाकी सब बन्द .



■भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि शहर में दो कोरोना मरीज मिलने के बाद अब वाकई शहर को पूर्ण लाकडाउन कर दिया जाना चाहिए . शंकरपुर वाली महिला की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है जो और भी खतरनाक है . अब सामुदायिक संक्रमण बढ़ने लगा है . इससे पहले की शहर में कोरोना का ब्लास्ट हो शहर को लाकडाउन करते हुए केवल सुबह 07 से 12 बजे तक ही हफ्ते में 05 दिन खुलने का आदेश जारी होना चाहिए .



■आलू प्याज के थो व्यापारी यश लोहिया ने कहा कि दूकान के खुलने का समय सुबह 4 घंटे कर दिया जाना चाहिए और अब शहर में पूरी तरह से सख्त लाकडाउन कर दिया जाना चाहिए . छूट मिलने की वजह से लोग बिना वजह के बाहर घूम रहे हैं जिससे ख़तरा बढ़ने लगा है .



■सामुदायिक संक्रमण बुरी तरह से फैले इससे पहले ही शहर को लाकडाउन करना चाहिए . भाजयुमो के सुमीत सिंह भाटिया ने भी मांग की है कि अब शहर को सुरक्षित रखने के लिए पूर्ण लाकडाउन जरुरी है ताकि लोगों का एक दुसरे से मिलना जुलना बंद हो .



■एलआईसी एजेंट युवक अभीर ऐश्वर्य रायज़ादा ने कहा कि ज्यादातर आवश्यक काम सुबह 04 घंटे में निपट जाते हैं लेकिन बिना वजह घूमने वालों की शहर में भरमार है . पुलिस प्रशासन को कड़ाई करनी चाहिए और प्रशासन को भी अब पूरी तरह से शहर को लाकडाउन कर दिया जाना चाहिए . यही हम सबके लिए सुरक्षित होगा.



युवा ट्रांसपोटर ममनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि सामुदायिक संक्रमण का फैलना बहुत ही चिंता का विषय है . आम जनता को मालुम भी नहीं है कि संक्रमित महिलायें किससे किससे मिली हैं . इसलिए सभी की सुरक्षा के लिए सब लोगों का घर में बंद हो जाना ही ठीक है . अब पूर्ण लाकडाउन होना ही चाहिए .



■कांग्रेसी नेता व् समाजसेवी संजय बहादुर ने कहा कि अब कोरोना पैर पसारने लगा है और सामुदायिक संक्रमण का ये स्टेज सबसे ज्यादा खतरनाक है . प्रशासन को अब शहर को पूरी तरह से लाकडाउन कर दिया जाना चाहिए और बहुत ही सिमित समय के लिए दुकानों को खोलने का समय दिया जाना चाहिए .



■बाहर से आये श्रमिकों के अलावा अब शहर में भी कोरोना पोसिटिव का मिलना दुःख का विषय है . इफरा इंटरप्राइजेस के संचालक आसिफ खान ने कहा कि अब शहर को पूरी तरह से लाकडाउन करते हुए दूकान खुलने के समय को बहुत कम कर दिया जाना चाहिए जिससे लोग सुरक्षित हो सकें .



■युवक कांग्रेस के नेता चेतन भानुशाली ने कहा कि अब हम सबको बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरुरत है लेकिन बिना वजह बाजार घूमने वालों पर अब नकेल कसना जरुरी है . प्रशासन को अब शहर को पूर्ण लाकडाउन कर दिया जाना चाहिए ताकि ये संक्रमण यहीं रोका जा सके .



■वरिष्ठ भाजपा नेता व् बिल्डर सुरेश डुलानी ने कहा कि अब पूरे शहर को वास्तव में बहुत कड़ाई से लाकडाउन करने का समय आ गया है . लोगों को अब घर पर ही रहना चाहिए ताकि सामुदायिक संक्रमण ज्यादा ना फ़ैल सके लेकिन जब तक प्रशासन की तरफ से पूर्ण लाकडाउन नहीं होगा तब तक लोग बाहर निकलते ही रहेंगे . इसलिए अब सख्ती की जरुरत है .

## पांगरी में मिला ऐसा एक और मरीज

विकासखंड छुरिया के ग्राम पांगरी में भी कम्युनिटी स्प्रेड का मामला सामने आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने पुष्टि करते हुए कहा कि, जिले में कम्युनिटी स्प्रेड के दो मामले राडार पर आए हैं। दोनों की ही कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। तय है कि यह किसी संक्रमित के संपर्क में आए हैं। इसलिए अब उन्हें भी ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। हम पता लगा रहे हैं कि इस बीच वे किस-किस के संपर्क में आए हैं।

## आदेश जारी, 5 बजे तक ही खुलेगा बाजार

मोतीपुर, शंकरपुर में कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने बाजार खुलने के समय में कटौती कर दी है। अब बाजार सुबह सात से 5 बजे तक ही खुलेगा। साप्ताहिक अवकाश व अन्य आदेशों का पालन करने की हिदायत भी दी गई है। दरअसल लॉकडाउन के पांचवे चरण में काफी छूट मिली थी। बाजार भी सुबह सात से शाम 7 बजे तक खुल रहा था। लेकिन संक्रमण के नए मामलों के बाद छूट घटा दी गई है।

## कलेक्टर ने शंकरपुर क्षेत्र का किया निरीक्षण



कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने राजनांदगांव शहर के शंकरपुर वार्ड में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद इस क्षेत्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शंकरपुर क्षेत्र को कन्टेंटमेंट जोन घोषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अंदर आने और बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। कन्टेंटमेंट जोन में सब्जी, दूध और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में जिन परिवारों को पीडीएस से राशन नहीं मिला है उन्हें प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं। उन्होंने ने कहा कि कोई भी बिना कारण घर से बाहर न निकले। इस क्षेत्र में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए और कहा कि जोन में सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी रखे। मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, आयुक्त नगर निगम चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य केन्द्र भी पहुंचे

कलेक्टर ने शंकरपुर वार्ड में स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। वर्मा ने कहा कि इस वार्ड के निवासी सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए क्षेत्र से बाहर न जाए। शंकरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही इलाज करवाएं। उन्होंने यहां पर्याप्त डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी को दिए। वर्मा ने कहा कि एक्टिव सर्विलेंस टीम द्वारा इस क्षेत्र में मॉनिटरिंग कराएं।

## कब-कब कहां मिले संक्रमित

| | |
|---|---|
| 25 मार्च - भरकापारा - 01 | 26 मई - हरणसिंगी - 03 |
| 19 मई - करमोता (मोहला) - 04 | 26 मई - डोंगरगढ़ - 03 |
| 20 मई - डोंगरगढ़ - 01 | 31 मई - हरणसिंगी - 01 |
| 21 मई - ईरा व जंतर - 03-1 | 31 मई - खुज्जी - 01 |
| 22 मई - सागर (छुरिया) - 02 | 4 जून - बिटाल - 01 |
| 23 मई - आमगांव(छुरिया) - 10 | 4 जून - टोहे, सरोली - 03-03 |
| 25 मई - आतरगांव(चौकी) - 01 | 5 जून - पांगरी,मोहला (चौकी) - 1-1 |
| 26 मई - पिनकापार, कोसाटोला - 03 | 5 जून - शंकरपुर-मोतीपुर - 01 - 01 |
| 26 मई - आमगांव (छुरिया) - 03 | 5 जून - ठाकुरटोला - 01 |

## डोंगरगांव से राजनांदगांव के मध्य चले सिटी बस

### किसानों व आमजनों को मिले सिटी बस सुविधा- गांधी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर से जिला मुख्यालय के मध्य सिटी बस सेवा की मांग उठने लगी है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश गांधी ने लोगों को आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए ब्लाक मुख्यालय से जिला मुख्यालय के लिए सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग की है। गांधी ने विज्ञप्ति में कहा कि 22 मार्च के बाद से बस सेवा बन्द है। बसों का परिचालन बंद होने से आम लोगो को आवाजाही में परेशानी तो रही है साथ ही विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोग काम पर नहीं जा पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। इससे सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं हो रही है क्योंकि निजी वाहन आदि के नहीं होने और सुरक्षा को देखते हुए अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंच पा रही है और उनकी नौकरी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। गांधी के मुताबिक इन दिनों खेती का काम भी आरम्भ हो गया है, किसानों को खाद बीज दवाई आदि लेने जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में सिटी बसों का संचालन जरूरी हो गया हैं। उन्होंने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन से त्वरित निर्णय लेते हुए सिटी बसों का परिचालन ब्लाक से जिला मुख्यालय के लिए आरम्भ करने की मांग की है।

## जयप्रकाश सिन्हा बनाए गए गायत्री परिवार के उपजोन सह समन्वयक

### कवर्धा के रविशंकर गुप्ता उपजोन समन्वयक नियुक्त

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव
www.dailypioneer.com

अखिल विश्व गायत्री परिवार के संगठन की गतिविधियों के सुचारू और सुव्यवस्थित संचालन की दृष्टि से राजनांदगांव उपजोन क्षेत्र में शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा नई नियुक्तियां की गई है। इसके तहत् कवर्धा के वरिष्ठ परिजन रविशंकर गुप्ता को उपजोन समन्वयक तथा डोंगरगांव के वरिष्ठ जयप्रकाश सिन्हा को सह समन्वयक बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि युगऋषि की निर्धारित योजना, मिशन की गरिमा एवं मयार्दा की परिधि में संगठन की गतिविधियों के सुसंचालन के लिए पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश को अलग - अलग जोन तथा उपजोन में बांटकर संगठन का संचालन



किया जाता है। इससे पूर्व राजनांदगांव उपजोन के समन्वयक का कार्यदायित्व जयंती भाई पटेल राजनांदगांव संभाल रहे थे। अब शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा नई नियुक्ति के तहत् राजनांदगांव उपजोन, जिसके अंतर्गत कवर्धा और राजनांदगांव जिला आता है, में



उपजोन समन्वयक के रूप में कवर्धा के रविशंकर गुप्ता तथा सह समन्वयक के रूप में डोंगरगांव के जयप्रकाश सिन्हा की नियुक्ति की गई है।

नवीन कार्यदायित्व सौंपे जाने पर गायत्री परिवार के जयंती भाई पटेल, मुरलीधर साहू, गायत्री परिवार ट्रस्ट डोंगरगांव के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा, रामकुमार दीक्षित, अजय गुप्ता, राधेश्याम देवांगन, गिरधर साहू, कौशल कुमार साहू, बिसेलाल यादव, बिसनाथ साहू, जगदीश गांधी, ललित खरे, नरहरि पटेल, नौमेश साहू, दुष्यंत पटेल, सुरेश गुप्ता, यशवंत साहू, यीवराज किशोर पटेल, रोहित पटेल, चंद्रकांति साहू, विभा साहू, प्रिया सिन्हा, सीता गुप्ता, उत्तरा ठाकुर, भामादेवी साहू, हेमा राठौर, ममता मुटकुरे, इंदू साहू, पूनम दवे, भेषकुमार साहू, मालती यादव, प्रीतम साहू कोकपुर, धांधूराम नायक मुचेदण्ड, भोगराज चंद्रवंशी, महेश कुंभकार अड़ाम, कमलेश पटेल जंतर सहित अन्य परिजनों ने बधाई दी है।

## कल्लूबंजारी के ऑन लाइन वर्चुअल क्लास से बाइस छात्र लाभांवित

### संकुल समन्वयक का मार्गदर्शन रहा सार्थक

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम के सेक्टर प्रभारी एवं कल्लूबंजारी संकुल समन्वयक दिनेश कुरेटी के मार्गदर्शन एवं सतत प्रेरणा से प्रेरित होकर कल्लूबंजारी हायर सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याता श्रीमती पूजा ध्रुवे ने गत 5 जून शुक्रवार को ऑन लाइन वर्चुअल क्लास के माध्यम से अध्यापन कार्य करके कल्लूबंजारी एवं बखरूटोला हायर सेकेण्ड्री स्कूल के 22 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया।

पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु छुरिया ब्लाक को पांच सेक्टर में बांटकर जोब, खोभा, बम्हनी चारभांठा एवं कल्लूबंजारी चारों संकुल को एक सेक्टर बनाकर कल्लूबंजारी संकुल समन्वयक दिनेश कुरेटी को कल्लूबंजारी सेक्टर प्रभारी का जिम्मेदारी सौंपा गया है। तब से कुरेटी चारों संकुल के संकुल समन्वयकों के सहयोग से शिक्षकों



को ऑन लाइन वर्चुअल क्लास लेंने हेतु सतत मार्गदर्शन कर प्रेरित कर रहे है। इसी का सार्थक एवं सकारात्मक परिणाम है कि कल्लूबंजारी हायर सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याता श्रीमती पूजा ध्रुवे द्वारा ली गई ऑन लाइन वर्चुअल क्लास में 22 छात्र-छात्राएँ जुड़कर कक्षा नवमीं के अंग्रेजी विषय के ग्रामर पाठ्यक्रम से लाभान्वित हुए । ऑनलाइन वर्चुअल क्लास से 22 छात्र-छात्राओं के साथ 42 लोगों ने जुड़कर सहभागिता निभाई जिनमें शिक्षक, पालक एवं बालक सामिल है।

## क्विक न्यूज

### विनोबा नगर में पुलिस ने कराई नाकेबंदी



**बिलासपुर।** यहाँ के विनोबा नगर इलाके में कल एक पॉजिटिव केस मिलने के बाद भी निगम ने इस इलाके को सील नहीं किया था। आज सुबह मरीज के घर के आसपास की सभी दुकाने खुली थीं और सामान्य चहल पहल दिखायी दे रही थी। उसी समय पुलिस महानिरीक्षक यहाँ का जायजा लेने आये और उन्होंने टी आई, तारबाहर को कहा कि अगर निगम ने अभी तक बेरिकेटिंग नहीं कि है तो आप कीजिये । तब तारबाहर पुलिस ने गायत्री मंदिर से मैग्नेटो मॉल जाने वाले रास्ते को तनखा मेमोरियल स्कूल के पहले शिशु मंदिर तक के रास्ते की सारी दुकाने बंद कराई।

### टोटल लॉकडाउन, जरूरी सेवाओं की होगी छूट

**बिलासपुर।** जिले में कोरोना पॉजीटिव मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते



कलेक्टर सारांश मित्तल ने इस शनिवार और रविवार को भी पूर्ण लॉक डाउन रखने का निर्णय लिया है। पूर्व आदेश के अनुसार ही इस शनिवार और रविवार को बिलासपुर में टोटल लॉकडाउन रहेगा। दरअसल, मई महीने के हर शनि-रविवार को टोटल लॉकडाउन की घोषणा राज्य सरकार ने की थी। जिसके बाद इस शनिवार-रविवार को पूर्ण लॉक डाउन को लेकर शहर के व्यापारियों, कार्यालयों में संशय बना हुआ था, कि इस शनिवार-रविवार को पूर्ण लॉक डाउन रहेगा, कि छूट दी जा रही है। कलेक्टर सारांश मित्तर ने कहा, कि जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या को देखते हुए, शनि-रविवार को टोटल लॉकडाउन रहेगा, केवल आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली रहेंगी। यानी इस शनिवार और रविवार को भी पूर्व आदेशानुसार पूर्ण लॉकडाउन रखने का फैसला जारी रखा गया है।

### सर्वश्रेष्ठ वृक्षारोपण प्रतिभागी को पुरस्कृत किया जाएगा

**बिलासपुर।** वृक्षारोपण के फोटोग्राफ को नाम, पदनाम एवं घर के पते सहित नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी को भेजना है । भेजे गए फोटोग्राफ के आधार पर नामित अधिकारियों की टीम द्वारा 3 महीने पश्चात वृक्षारोपण के वास्तविक निरीक्षण किए जाएँगे एवं सर्वश्रेष्ठ वृक्षारोपण कार्य को अंजाम देने वाले प्रतिभागियों को आगे कोरोना काल की समाप्ति पश्चात आयोजित होने वाले किसी भी कार्यक्रम में पुरस्कृत किए जाएंगे । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ना सिर्फ विश्व पर्यावारण दिवस के अवसर पर बल्कि पूरे वर्ष जल, पर्यावरण एवं वातावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है ।

# इमलीभाठा से हटाए कब्जाधारियों ने किया अटल आवास पर कब्जा

## हटाने पहुंची पुलिस टीम पर कर दिया पथराव, गाड़ियों में की तोड़फोड़

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चार दिन पहले इमली भाटा के सरकारी आवास में अवैध कब्जा कर रहे रहे लोगों को नगर निगम ने वहां से खदेड़ा था, जिसके बाद इन लोगों ने सरकंडा गीतांजलि सिटी के पास मौजूद अटल आवास पर अवैध कब्जा कर लिया। आज नगर निगम अतिक्रमण दस्ते की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची तो यह लोग बेकाबू हो गए और पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया।

बिलासपुर के अलग-अलग स्थानों पर निर्माण कार्यों के चलते जिन परिवारों को आवास बनाकर विस्थापित किया जाता है, उनके पुनर्वास के लिए अटल आवास की व्यवस्था की गई है लेकिन इमली भाटा में ऐसे ही खाली पड़े मकानों में करीब 200 परिवारों ने अवैध कब्जा जमा लिया था, जिन्हें इसी सप्ताह में नगर निगम ने खाली कराया था। जिसके बाद इन लोगों ने कलेक्ट्रेट के सामने चक्का जाम किया और फिर बिलासपुर विधायक से मिलकर कोई व्यवस्था होने तक मकान में रहने देने की मांग की थी, लेकिन विधायक ने भी दो टूक कह दिया था की नियम विरुद्ध कोई भी कार्य ना करें। लेकिन सरकारी आदेश को दरकिनार करते हुए इन लोगों ने सरकंडा क्षेत्र के ही गीतांजलि सिटी के पास मौजूद दूसरे नए बने अटल आवास पर कब्जा कर लिया। शनिवार को जब पुलिस के साथ निगम की टीम उन्हें खाली कराने पहुंची तो बेकाबू भीड़ ने पुलिस पर ही हमला कर दिया।

बेजा कब्जा करने वालों ने सीएसपी निमिषा पांडे के वाहन में भी तोड़फोड़ की और पुलिस पर भी हमला कर दिया, तो वही निगम अधिकारियों और पुलिस ने स्पष्ट कह दिया है कि नियम विरुद्ध कोई भी कार्य करने की छूट इन लोगों को नहीं दी जाएगी। गरीबी का विक्टिम कार्ड हर बार नहीं चलेगा। असल में अरपा नदी के दोनों किनारों पर नाला निर्माण होना है। इस कार्य के दौरान करीब 500 परिवार विस्थापित होंगे। जिनके पुनर्वास के लिए ही नगर निगम को मकानों की व्यवस्था करनी पड़ रही है।



### दर्जनभर लोगों की हुई गिरफ्तारी

ऐसे में सरकारी आवास पर अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे लोगों को वहां से निकालना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। बताया जाता है कि इनमें से अधिकांश परिवारों के पास अपना मकान, झुग्गी झोपड़ी या अटल आवास भी है, जिसे वे किराए पर देकर इस तरह से दूसरे मकानों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, तो वहीं अवैध कब्जा धारी यह दलील भी दे रहे हैं कि कोरोना संकट काल में उन्हें बेघर किया जा रहा है । लेकिन इस कारण से पुलिस और नगर निगम की टीम पर किए गए पथराव का समर्थन नहीं किया जा सकता । शनिवार को जहां पुलिस ने बेजा कब्जा धारियों को मकान के बाहर निकालकर ताला जड़ा तो वहीं पुलिस पर हमला करने वाले करीब दर्जन भर लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। शायद इसे ही कहते हैं चोरी और सीनाजोरी । इन्होंने पहले तो अवैध रूप से कब्जा किया और फिर जब उन्हें हटाया गया तो फिर पुलिस और निगम अधिकारियों पर ही हमला कर दिया।

# दुष्कर्म के कथित आरोपी की नहीं हो पाई शिनाख्त

- परिजनों ने युवती के स्वास्थ्य खराब होने का हवाला दे अपोलो से पुलिस को लौटाया



पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

श्री राम केयर के 3 संदिग्ध वार्ड बॉयो को ले कर शिनाख्त परेड करवाने अपोलो पहुँची पुलिस को युवती के परिजनों ने युवती के स्वास्थ्य खराब होने का हवाला दे वापस लौटा दिया है । अब शिनाख्त परेड अगले हफ्ते होने की संभावना है ।इस तरह इलाज के लिए भर्ती युवती के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किये जाने का मामला अब और उलझ गया है ।उल्लेखनीय है कि श्री राम केअर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती होने पर वहां के वार्ड बॉय लोगो पर गैंग रेप का आरोप लगाने वाली ल?की के सामने मुल्जिमों का शिना?त परेड करवाने पुलिस आज संदिग्धों को ले कर श्रीराम केयर पहुँची,पर तबियत खराब होने का हवाला दे कर घर वालो ने शिनाख्ती करवाने से मना कर दिया।

गौरतलब हैं कि कोनी थाना क्षेत्र में रहने वाली इंजीनियरिंग की छात्रा ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया था जिसको इलाज के लिए कुछ निजी अस्पतालों के बाद श्रीराम केयर में भर्ती कराया गया था । 21 - 22 मई की दरमियानी रात को आईसीयू में युवती ने अस्पताल के कुछ वार्डबॉय पर रेप का आरोप लगाया था।

इसके बाद स्वतंत्र जांच के लिए लड़की को अपोलो में भर्ती करवाया गया था ताकि जांच किसी भी किस्म से प्रभावित न होने पाए। इस मामले में विधायक शैलेश पांडेय ने भी अस्पताल पहुंच कर युवती के परिजनों से बातचीत के बाद युवती को न केवल अपोलो अस्पताल में भिजवाया बल्कि पूरे घटनाक्रम और आरोपों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का भी आश्वासन दिया था । युवती को वहां वेंटिलेटर पर रखा गया था ,हालत में सुधार आने पर वेंटिलेटर हटाया गया और कल नायब तहसीलदार के सामने मजिस्ट्रियल बयान दर्ज करवाया गया जिसमें युवती ने अपने साथ गैंगरेप होने की पुष्टि की।युवती के बयान में रेप की पुष्टि होने के बाद आज पुलिस उस रात श्रीराम केयर अस्पताल में ड्यूटी में तैनात तीनो वार्डबॉय को ले कर अपोलो पहुँची,ताकि युवती के सामने संदिग्धों का शिनाख्तपरेड करवाई जा सके,पर युवती के घर वालो ने युवती की तबियत खराब होने और अभी बयान देने की हालत में नही होने की बात कह कर अगले हफ्ते बयान दिलवाने की बात कही। लड़की और उसके घर वालो के मना करने के बाद पुलिस की सारी तैयारिया धरी की धरी रह गयी।

> पुलिस की पूरी तैयारी पहचान परेड करवाने की थी पर लड़की और उसके घर वालों ने अभी तबियत खराब होने का हवाला दे कर अगले हफ्ते करवाने को कहा है। इस वजह से आज शिनाख्ती की कार्यवाही नहीं हो पाई हैं।
> **-प्रशांत अग्रवाल,** पुलिस अधीक्षक

# कर्मचारियों का कोरोना पॉजीटिव जिले के लिए बना सरदर्दी

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण के कहर से अब कोरोना वारियर्स भी अपन को असुरक्षित महसूस करने लगे है, ऐसे में फास्टरपुर थाना में पदस्थ आरक्षक सहित कुछ अन्य विभाग के कर्मचारियों का कोरोना पॉजीटिव होना भी जिले के लिए बड़ी सरदर्दी का सबब बनता जा रहा है, जिले में लगभग 84 पाजिटिव केस पाये गये थे जिनमें से लगभग 45 लोगों के स्वस्थ होने की पुष्टी एम्स ने कर दी है, बाकी बचे पाजिटिव केसों का इलाज जारी है, वही नगर के कुछ ऐसे क्षेत्र जो कोरोना हाटस्पाट बने हुए है, वहा के लोगो का लापरवाही पूर्ण रैवया जिले को कही और भी बडे संकट में न डाल दे,

**पुलिस थाने होने लगे असुरक्षित** - लगातार लोगो के सेवा मे लगे कोरोना वार्रियर्स एक पुलिस आरक्षक को पाजेटीव पाये जाने से हडकंप मंच गया जिसको देखते हुए विभाग ने आम जनता के लिए थाना क्षेत्र को सील कर दिया, जगह बदल कर ओपन थाने का संचालन किया जा रहा है ताकि लोगो को परेशानी ना हो, फास्टरपुर की घटना के बाद सिटी कोतवाली थाने के मेन गेट को भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है यहां से सिर्फ पुलिस कर्मियों का आना जाना हो रहा है जबकि फरियाद लेकर पहुंचने वालों की शिकायत खिड़की पर बने अस्थायी काउंटर से फरियादी सुनी जा रही है।



# 21 स्टेशनों के आरक्षण काउंटरों से 3.83 करोड़ रिफंड किये

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशनुसार यात्रियों की सुविधा हेतु 22 मई से मंडल के बिलासपुर, रायगढ़, चाम्पा, कोरबा, शहडोल अनूपपुर, अम्बिकापुर, पेण्ड्रा रोड, उमरिया, खरसिया, सक्ती, अकलतरा, नैला, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, उसलापुर, कोतमा, बाराद्वार, मनेन्द्रगढ़ सहित कुल 19 आरक्षण काउंटर खोले गए हैं । यात्रियों की बेहतर सुविधा हेतु आरक्षण केंद्र की संख्या योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाई जा रही है । 26 मई से विश्रामपुर व बैकुंठपुर के आरक्षण केंद्र भी खोल दिये गए हैं । स्पेशल गाड़ियों के आरक्षण तथा रद्दीकरण दोनों कार्य किए जा रहे है 7 सभी काउंटरों में कोविड-19 के प्रोटोकाल के तहत मास्क पहनने व सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्य संचालित किए जा रहे हैं । साथ ही सभी को आरोग्य सेतु एप का प्रयोग करने की सलाह भी दी जा रही है ।



सभी आरक्षण केंद्रों से यात्रियों द्वारा आरक्षण तथा बहुतायत संख्या में टिकटों का रद्दीकरण कराया जा रहा है । मंडल के सभी आरक्षण केंद्रों से दिनांक 22 मई से 4 जून तक 2804 यात्रियों ने आरक्षित टिकट बुकिंग कराई जिससे 14 लाख 26 हजार 53 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ एवं 56,810 यात्रियों ने टिकट रद्द कराये जिसके एवज में यात्रियों को 03 करोड़ 83 लाख 10 हजार 152 रुपए रिफंड किए गए।

बिलासपुर स्टेशन से दिनांक 22 मई से 4 जून तक 819 यात्रियों द्वारा आरक्षित टिकट बुकिंग कराई गई जिससे 04 लाख 21 हजार 785 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ एवं 16,464 यात्रियों ने टिकट रद्द कराये जिसके एवज में यात्रियों को 1 करो? 20 लाख 24 हजार 899 रुपए रिफंड किए गए । इसीप्रकार उसलापुर स्टेशन से दिनांक 22 मई से 4 जून तक 132 यात्रियों द्वारा आरक्षित टिकट बुकिंग कराई गई जिससे 91 हजार 270 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ एवं 5,125 यात्रियों ने टिकट रद्द कराये जिसके एवज में यात्रियों को 39 लाख 90 हजार 745 रुपए रिफंड किए गए।

# अब बिना अनुमति के नहीं बेच सकेंगे श्वान या पक्षी

- अपंजीकृत पेटशॉप के विरूद्ध होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर में संचालित डॉग ब्रीडिंग सेंटर व पेट शॉप का संचालन राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड में पंजीयन उपरांत ही किया जा सकेगा। अपंजीकृत संस्थाओं के विरूद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के अंतर्गत सख्त कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, जीव जंतु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार ने प्रदेशों को अपंजीकृत डॉग ब्रीडिंग सेंटर व पेट शॉप खोलने की अनुमति न देने के संबंध में विभागाध्यक्ष को पत्र लिखा है। जिसके तहत सचिव, कृषि विकास ने सभी जिला कलेक्टर को इस संबंध में निर्देश दिया गया है। जारी निर्देश के तहत लॉकडाउन के बाद अपंजीकृत डॉग ब्रीडिंग सेंटर व पेट शॉप के विरूद्ध पुलिस प्रशासन व पशुधन विकास विभाग का संयुक्त दल कानूनी कार्यवाही की जायेगी। संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग बिलासपुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 अंतर्गत बनाए गये डॉग ब्रीडिंग एण्ड मार्केटिंग रूल 2017, केयर एण्ड मेन्टेनेंस ऑफ एनिमल रूल 2017 तथा पेट शॉप रूल्स 2018 प्रभावशील है। पेट शॉप रूल्स 2018 के अनुसार पेट शॉप का छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड में पंजीयन अनिवार्य है। इस प्रकार के संस्थानों में कई प्रजाति के पशु पक्षी रखे जाते हैं, जिनके उचित रखरखाव व जूनोटिक बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिये इनका पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है।

## चिंगराजपारा में 74 लाख में बनेगा स्कूल का नया भवन, 74 छात्राओं को बांटी

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस पर महापौर रामशरण यादव ने पांच जगह अलग-अगल कार्यक्रम में शामिल हुए चिंगराजपारा स्कूल में 74 छात्राओं को सायकल विरतण किया वहीं जर्जर भवन को नए बनाने के लिए 74 लाख रुपए के लागत से भूमिपूजन किया 27 खोली में वृक्षारोपण के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद चिंगराजपारा में जरुरत मंदो को राशन किट का वितरण किया गया। महापौर रामशरण यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज चिंगराज पारा स्कूल पहुंच शिक्षक, स्कूली बच्चों और नागरिको के साथ पौध रोपण किया। इसके बाद 74 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव ने कहा कि अब बेटियों को स्कूल तक पहुंचे के लिए पैदल आना नहीं प?गा सायकल से स्कूल जाने की राह आसान होगी वहीं स्कूल के जर्जर भवन को तो?कर नए भवन बनाने के लिए भूमिपूजन किया गया महापौर ने बताया कि यहां लोक निर्माण विभाग के द्वारा 74 लाख रुपए की लागत से नए भवन का निर्माण किया जाएगा।



## हाईकोर्ट बार अध्यक्ष केशरवानी का चुनाव निरस्त, नया चुनाव होगा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसियेशन का निर्वाचन मतदाता सूची और उसके प्रकाशन में अनियमितता पाये जाने के कारण निरस्त कर दिया गया है। कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचन को भी अवैध ठहराते हुए दूसरे क्रम के प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया है। अधिवक्ता के ए अंसारी, योगेश चंद्र शर्मा और रणबीर सिंह मरहास की अपील कमेटी द्वारा 5 जून को दिये गये इस फैसले से वर्तमान अध्यक्ष सी.के. केशरवानी का निर्वाचन निरस्त हो गया है और उनकी जगह पर नया चुनाव कराया जायेगा। कोषाध्यक्ष पद पर अनिल त्रिपाठी का निर्वाचन रद्द करते हुए उनके स्थान पर पवन श्रीवास्तव को निर्वाचित घोषित किया गया है।



## तिलक नगर में रिवर व्यू सड़क के लिए बेदखल किए परिवारों को नोटिस तामील कराने पुलिस मैदान में

**बिलासपुर।** शहर में अरपा नदी के किनारे प्रस्तावित रिवर व्यू सड़क के निर्माण के लिए शहर के तिलक नगर, सरकंडा और गोंडपारा समेत कुछ और मोहल्लों के नदी किनारे बसे छह-सात सौ से अधिक लोगों को बेदखल करने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इस समय रिव्हर व्यू का निर्माण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसलिए कोरोना महामारी के संकट और सर पर आई बारिश को नजरअंदाज करते हुए नदी किनारे बसे 700 परिवारों को बेदखल करने की तैयारी है। आज इसी क्रम में पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग के लोग तिलक नगर में नदी किनारे रहने वाले लोगों के घरों में नोटिस तामील करा रहे हैं। कल बहुत से लोगों ने नोटिस देने से इनकार कर दिया था।इसे देखते हुए प्रशासन ने आज इस काम में पुलिस बल की मदद भी ले ली है। आज सुबह से राजस्व विभाग और पुलिस बल के लोग तिलक नगर में घरों-घर जाकर नोटिस तामील करा रहे हैं।



## प्रवासी श्रमिकों को 5 किलो चावल और 1 किलो चना मिलेगा

**बिलासपुर।** आत्म निर्भर भारत योजना अंतर्गत अन्य राज्यों से वापस आये प्रवासी व्यक्तियों एवं श्रमिकों जिसके पास किसी भी योजना अंतर्गत राशनकार्ड नहीं है उन्हें माह मई एवं जून 2020 में प्रति सदस्य 5 किलो चांवल एवं 1 किलो चना प्रति परिवार निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। जिसके लिये श्रमिक खाद्य विभाग की जनभागीदारी विभागीय वेबसाईट में ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। जिला खाद्य नियंत्रक ने बताया कि यदि प्रवासी व्यक्तियों, श्रमिकों के पास आधार नंबर उपलब्ध नहीं है तो फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर उनका पंजीयन किया जाएगा।

**75 बिस्तरों के कोविड हॉस्पिटल में तैयार करने का प्रस्ताव रखा है**

# जिले में दूसरा कोविड-19 अस्पताल बनाने स्वास्थ्य विभाग ने रेलवे प्रबंधन को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में दूसरा कोविड-19 अस्पताल बनाने स्वास्थ्य विभाग ने रेलवे प्रबंधन को पत्र लिखा है साथ निजी अस्पतालों को भी अधिग्रहित करने की आवश्यकता बताई है । देश सहित प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है जिससे अब बिलासपुर भी अछूता नहीं है वही जिले में कोरोना के बढ़ते मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग को चिंता में डाल दिया है। एक ओर संभाग के कोविड 19 हॉस्पिटल में एडमिट मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है। तो वही दूसरी ओर जिले में दूसरे कोविड हॉस्पिटल की सुविधा उपलब्ध नही है। पर जब जागो तब सवेरा की तर्ज पर अब जिले में एक और कोविड 19 अस्पताल की दरकार महसूस के8 जा रही है। ऐसे में रेल्वे हॉस्पिटल को दूसरे कोविड हॉस्पिटल बनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिसको लेकर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रमोद महाजन ने स्वास्थ्य संचालनाय को पत्र लिख केंद्रीय चिक्तिसालय द.पू.म.रेलवे के अस्पताल को 75 बिस्तरों के कोविड हॉस्पिटल में तैयार करने का प्रस्ताव रखा है। इस मामले में सीएमएचओं महाजन ने बताया कि जिले में लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इस लिहाज से संभागीय कोविड अस्पताल के 100 बिस्तर की क्षमता भी कम पड़ रही है। वर्तमान में यहां 81 मरीज भर्ती है। ऐसे में यहां मात्र 19 बिस्तर ही शेष है। जिसके मद्देनज़र 150 बिस्तर वाले रेलवे हॉस्पिटल में से 75 बिस्तर को कोविड हॉस्टिल के रुप में विस्तार करने के लिए तैयारी किया जा रहा है। रेलवे हॉस्पिटल के शेष 75 बिस्तरों में रेलवे के 43000 कर्मचारीयों का इलाज हो सकेगा।



### डायलिसिस के लिए अलग कक्ष आरक्षित..

कोरोना काल के लिए रेल्वे हॉस्पिटल को विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसमे किडनी की बीमारी से ग्रसित मरीजों के डायलिसिस करने की व्यवस्था भी की जा रही है। जिसको लेकर हॉस्पिटल में दो अलग रुम को आरक्षित किया गया है। जहां गंभीर मरीजों के डायलेसिस की सुविधा अलग से रहेगी ताकि मरीजों को डायलेसिस के लिए परेशान न होना पड़े।

### निजी हॉस्पिटलों को भी किया जा सकता है अधिग्रहित

जिले में कोरोना मरीजो के हो रही बेतहाशा वृद्धि से कयास तो यही लगाया जा रहा है। कि जल्द ही कोविड और निर्माणधिन रेल्वे हॉस्पिटल के बिस्तर भी फूल हो जायँगे। ऐसे में विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के निजी हॉस्पिटलों को भी अधिग्रहित करने की तैयारी कि जा रही है। इसके लिए सीएमएचओ ने शासन से मार्गदर्शन मागा है। किन शर्तों के तहत ऐसे निजी अस्पतालों को अधिग्रहित किया जाएगा। जहां कोरोना के संदेही मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा सकें। सीएमएचओं ने शासन से निर्देश मिलने के बाद निजी हॉस्पिटल को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरु करने की बात कही है।

# गर्भवती महिलाओं की देखभाल के साथ स्वच्छता, हाईजिन के लिये किया प्रेरित

- ग्राम केसला में बनाया गया है गर्भवती महिलाओं के लिये क्वारेंटाईन सेंटर



पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य के बाहर से वापस आने वाले प्रवासी मजदूरों में गर्भवती महिलाएं भी हैं। इन महिलाओं की देखभाल के लिये जिले के विकासखंड बिल्हा के ग्राम केसला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा के अधीन पृथक क्वारेंटाईन सेंटर बनाया गया है। जहां गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल के साथ-साथ उन्हें स्वच्छता और हाईजिन के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम केसला का क्वारेंटाईन सेंटर प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां केवल ऐसी प्रवासी मजदूर महिलाएं रखी गयी हैं जो गर्भवती हैं। वर्तमान में इस सेंटर में 8 महिलाएं रूकी हुई हैं। जिनके लिये चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। इस क्वारेंटाईन सेंटर में महिला डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स सोषल डिस्टेंसिंग के साथ मास्क, फेसशील्ड पहनकर तैनात हैं। जो आवश्यकता होने पर इन महिलाओं को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही हैं।

सभी महिलाओं का स्वास्थ्य जांच और कोरोना जांच के लिये सैम्पल लिया गया है। उन्हें दो टाईम पौष्टिक भोजन, चाय, नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। संक्रमण से दूर रखने के लिये क्वारेंटाईन सेंटर में 24 घंटे में तीन बार साफ-सफाई करायी जाती है। यहां आने वाले सभी महिलाओं की कांटेक्ट हिस्ट्री तथा ट्रेवल हिस्ट्री तैयार की जा रही है, ताकि भविष्य में कोई महिला कोरोना पॉजिटिव होती है तो उन्हें उचित इलाज मिल सके एवं उनके संपर्क में आये हुए व्यक्ति को ढूंढा जा सके। क्वारेंटाईन सेंटर की प्रभारी डॉ.प्रिया रावत ने बताया कि गर्भवती माताओं को मास्क की उपयोगिता तथा गर्भ में पल रहे शिशुओं की समुचित देखभाल हेतु और स्वयं के देखभाल हेतु जरूरी सलाह दी जाती है।

# पर्यटन मंत्री ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ के चयनित स्थल चंदखुरी की विस्तृत परियोजना का देखा प्रस्तुतीकरण

- जैव विविधता एवं पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता को ध्यान में रखकर तैयार करें ड्राइंग और डिजाईन
- पर्यटन और धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास विभाग के काम-काज की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पर्यटन और धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ के पहले चरण में चयनित 9 स्थलों में से चंदखुरी के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। उन्होंने चंदखुरी में माता कौशल्या की मंदिर और वहां के तालाबों और घाटों की नैसर्गिक सुंदरता को ध्यान में रखकर सौंदर्यीकरण का कार्य कराए जाने, ज्योति कलश कक्ष को एक विशेष आकार देकर आकर्षक बनाने, ताकि कम स्थान में अधिक से अधिक दीप प्रज्वलित किए जा सके, मंदिर परिसर में चारों ओर औषधीय और फलदार पौधे लगाने, घाट के आसपास समतली करण और मंदिर परिसर के पुल का चौड़ीकरण के निर्देश दिए। साहू ने राजिम में किए जाने वाले पर्यटन विकास के कार्यो का स्वयं स्थल निरीक्षण करने को कहा।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन पर्यटन स्थलों में विकास कार्य किए जाने हैं उन स्थलों का निरीक्षण करने के बाद ही वहां की विशेषता, महत्ता और आवश्यकता को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य किए जाए, ताकि धन का अपव्यय न हो और कम लागत में महत्वपूर्ण सुविधाओं का विस्तार हो सके।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पर्यटन परिपथ विकसित करने के लिए प्रदेश के 9 स्थलों का चयन करते हुए 137 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत का एक कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है। इन स्थलों को केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटकों की सुविधा के लिए विश्वस्तरीय अधोसंरचनाएं विकसित करने का प्रावधान है। चयनित स्थलों में सीतामढ़ी-हरचौका जिला कोरिया, रामगढ़ जिला सरगुजा, शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा, तुरतुरिया जिला बलौदाबाजार, चंदखुरी जिला रायपुर, राजिम जिला गरियाबंद, सिहावा-सप्तऋषि आश्रम जिला धमतरी, जगदलपुर जिला बस्तर और रामाराम जिला सुकमा शामिल हैं। राम वन गमन पर्यटन परिपथ के लिए राज्य शासन द्वारा गत वित्तिय वर्ष 2019-20 में 5 करोड़ और चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में 10 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है।

मंत्री साहू ने बुधवार को अपने रायपुर निवास कार्यालय में पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के काम-काज की समीक्षी की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी धार्मिक स्थलों और उन स्थानों में लगने वाले मेले-मड़ई की सूची एकत्रित करने को कहा, ताकि विभिन्न अवसर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों, मेले-मड़ई, महोत्सव आदि को ध्यान में रखते हुए उन स्थानों का आवश्यक मरम्मत के साथ ही वहां पर धर्मशाला, मंदिरों में प्रसाद वितरण काउंटर एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों के लिए अनुदान राशि स्वीकृत करने के लिए वार्षिक कार्य-योजना बनाई जा सके। बैठक में सचिव पर्यटन पी.अन्बलगन एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की प्रबंध संचालक सु इफ्फत आरा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री साहू ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित पर्यटन स्थलों-पहाड़ों, झरनों, जलाशयों, एतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों के आसपास पर्यटकों खास कर बच्चों के लिए गार्डन एवं झूले तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए पाथ आदि निर्माण कर प्रारंभिक स्तर पर कराने को कहा।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता एवं उन पर्यटन स्थल की प्राकृतिक सुंदरता को ध्यान में रखकर ड्राइंग और डिजाइन तैयार करें, ताकि वे अपने वास्तविक रूप में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ पर्यटकों को आकर्षित कर सकें।

# उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स ने किया थाना विश्रामपुरी और चौकी बांसकोट का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के थाना विश्रामपुरी और चौकी बांसकोट का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव बालाजी राव के निर्देश पर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार साहू के मार्गदर्शन पर उप पुलिस अधीक्षक (आप्स) दीपक मिश्रा द्वारा थाना विश्रामपुरी व पुलिस चौकी बांसकोट का अर्धवार्षिक निरीक्षण कोरोना संक्रमण के खतरे को ध्यान में रखकर फिजिकल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को छोड़कर शेष सभी कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा कर मौके पर उनकी समस्याओं के निराकरण संबंधित प्रस्ताव तैयार किया गया।

उनके द्वारा अच्छी गणवेश और अच्छे कानूनी जानकारी रखने वाले कर्मचारियों के लिये ईनाम प्रतिवेदन तैयार किया गया और उन्हे कोरोना वायरस से संक्रमण से खुद का बचाव करते हुए डुयुटी करने का उपाय बताया गया। तथा तनाव दूर करने के लिये नियमित तौर पर योगा व खेल खेलने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा सभी कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनके व्यावसायिक और निजी जीवन की समस्याएं सुनी। उप पुलिस अधीक्षक (आप्स) द्वारा थाना व चौकी के सभी रजिस्टरों का निरीक्षण कर आर्म्स एम्युनेशन का भौतिक सत्यापन किया गया।

# जिला बेमेतरा की क्वारेंटाइन सेन्टरों में गर्भवती माताओं को दी गई पौष्टिक किट

**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री शिव अंनत तायल के नेतृत्व में एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. रीता यादव व जिला कार्य म अधिकारी श्री राजकुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में 188 क्वारेंटाइन सेन्टर के 311 गर्भवती माताओं को पौष्टिक किट स्वं-सहायता समूह व जनसहभागिता के माध्यम से स्वेच्छा से लॉकडॉउन जैसी विपरीत परिस्थितियों में संवेदनशीलता को समझतें हुए सकारात्मक पहल करते हुए क्वारेंटाइन सेन्टर में रूकी हुई महिला श्रमिक जो गर्भवती है उन्हे प्रदाय किया गया। प्रवासी मजदूर जिसमे गर्भवती महिला जो क्वारेंटाइन सेन्टर मे रुके हैं, उनकी बेहतर देखभाल के लिए जिला प्रशासन की पहल पर सुपोषण किट का वितरण किया जा रहा है।

# धान के समर्थन मूल्य में अपर्याप्त मूल्य वृद्धि



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने पीएम के नाम सूरजपुर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सूरजपुर . धान के समर्थन मूल्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देश के किसानों के हित में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं सहित मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सूरजपुर को जिला कांग्रेस द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया गया था जिस वादे को केन्द्र की मोदी सरकार ने भूला कर किसानों के धान के समर्थन मूल्य में मात्र 53 रु की वृद्धि की गयी है जिससे किसानों के साथ छल किया गया है इस ज्ञापन के माध्यम से जिला कांगेस ने मांग की है कि किसानों के धान का समर्थन मूल्य 2500 रु क्विंटल किया जाए साथ ही कृषि के उपकरणों,खाद,कीटनाशक दवा व कृषि के सभी सामग्रियों को जीएसटी मुक्त करने की मांग की गयी है।

इस दौरान भटगांव विधायक पारस नाथ राजवाड़े,जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े,जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह,शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजय डोसी, एल्डरमेन मनोज डालमिया,यादव,गैबीनाथ साहू,मुकेश अग्रवाल,दीप्ति स्वाई,आनंद कुंवर,विष्णु कसेरा,कुसुमलता राजवाड़े,शान्तु डोसी,आकाश साहू उपस्थित थे।

# आदेश्वर पब्लिक स्कूल संचालक ने पत्रकारों से किया दुर्व्यवहार

**स्कूल बिल्डिंग में कार्यरत्त कर्मचारियों को भी उकसाया बदतमीजी करने के लिए**

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विगत दिनों फरसगांव आदेश्वर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सोनाली पाण्डे तथा कर्मचारियों द्वारा पत्रकार से समाचार संकलन के दौरान देख लेंगे, उठवा लेंगे,जान से जाओगे जैसे शब्दों का उपयोग करते हुए धमकाने बतमीजी करने संबंधी प्राथमिक सूचना थाना फरसगांव में देते हुए कार्यवाही की माँग की थी।

बदतमीज स्कूल प्रबंधक के बिगड़े बोल धौंस दिखाते अपने कर्मचारियों को उकसाया हमला करने के लिए मामले पर जब पत्रकार प्रकाश नाग ने स्कूल प्रबंधक से फोन पर मामले पर जानकारी व उनका पक्ष जानना चाहा तो सीधे स्कूल प्रबंधक



बसंत पारख ने मीडिया कर्मी को कहा कि फरसगॉव का वह पत्रकार ब्लेक मेलर है। जिस पर मीडिया कर्मी ने उनसे आरोप पर अपना वर्जन देने की बात कही जिस पर पहले तो उन्होने अपने कोंडागॉव संचालित स्कूल पर बुलवाया, जब मीडिया कर्मी आदेश्वर पब्लिक स्कूल कोण्डागांव(चिखलपुटी)पहुचे तो संचालक द्वारा पूर्व नियोजित षड्यंत्र अनुसार शाला परिसर में मीडियाकर्मियों से ऊंची आवाज में चिल्लाते अभद्रता करते उन्हें डराने धमकाने की कोशिश करने लगा, साथ ही योजनाबद्ध तरीके से बिल्डिंग में कार्यरत अपने मजदूरों व कर्मचारियों को पत्रकारो पर हमला करने के लिए उकसाने लगा।

**स्कूल प्रबंधक व प्राचार्य पर पालक व छात्र-छात्राएं भी आरोप लगाते रहे है दुर्व्यवहार की**

आदेश्वर पब्लिक स्कूल प्रबंधन पर पहले भी कई दफे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व उनके पालको ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है, जिसमे स्कूल फीस में अनियमितता से लेकर बदतमीजी तक के आरोप लगते रहे हैं। लेकिन किसी प्रकार की आज तक कार्यवाही न होने के चलते प्रबंधन के हौसले दुर्व्यवहार व अनियमितता करने और बुलंद होने लगे हैं।

# एसीसी ट्रस्ट ने शुरू किया वृक्षारोपण अभियान



पायनियर संवाददाता ◂ जामुल
www.dailypioneer.com

वृक्ष इस संसार की अनमोल धरोहर है। वृक्ष हमारे द्वारा निष्काषित किये गए कार्बनडाई ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों को अवशोषित कर हमे जीवनोपयोगी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, ताकि हम जीवित रह सके। वृक्ष के बगैर इस संसार की कल्पना करना एक मिथ्या मात्र है। इस उपयोगिता को संज्ञान में लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एसीसी प्रबंधक वैभव दीक्षित के दिशा निर्देश एवं मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार के मार्गदर्शन में जामुल परिक्षेत्र में 150 पौधरोपण का कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमे वृक्षारोपण हेतु इच्छुक जामुल वासियों ने खुद से गड्ढा कर एसीसी ट्रस्ट द्वारा दिए गए पौधों को रोपित किया एवं सदैव उसकी देखभाल करने का वचन लिया।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सरोजनी चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक एवं उपाध्यक्ष हरीश वर्मा के करकमलो से किया गया। समस्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षदगण एवं पालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# तीन नए कोरोना पाजिटिव मरीज मिलने के बाद तेतलखुंटी, खजूरपदर और मुचबहाल कंटेनमेंट जोन घोषित

**कलेक्टर ने तीन किमी की परिधि बफर जोन घोषित किया**

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के मैनपुर ब्लाक के ग्राम तेतलखुंटी ,खजूरपदर और मुचबहाल में तीन नये पाजिटिव कोरोना मरीज मिलने के बाद जिला दंडाधिकारी द्वारा तेतलखुंटी ,खजूरपदर और मुचबहाल के चिन्हित क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर तीन किलोमीटर की परीधि बफर जोन घोषित कर दिया गया है।

वर्तमान में वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु युद्धस्तर पर प्रयास किया जा रहे है। जिले के संदिग्ध मरीजों का सेम्पल जाँच हेतु लगातार प्रेषित किया जा रहा है। एम्स रायपुर द्वारा जिले में 3 नए धनात्मक कोरोना मरीज मिलने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा सम्बंधित क्षेत्र को कंटेटमेंट जोन घोषित किया गया है। वही 3 किमी के दायरे को बफर जोन घोषित किया गया है। कल पाए गए सभी मरीज विकासखंड मैंनपुर के है। ग्राम तेतलखूंटी, खजूरपदर और मुचबहाल में यह कार्रवाई की गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण के उपाय को दृष्टिगत रखते हुए उक्त ग्रामों के एक किलोमीटर के चिन्हित चौहद्दी को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है तथा उक्त केन्टेनमेंट जोन के अतिरिक्त 03 किलोमीटर की परिधि को बफर जोन घोषित किया गया है। इन ग्रामों के पूर्व दिशा, पश्चिम दिशा, उत्तर दिशा और दक्षिण दिशा के चिन्हित क्षेत्र को कंटेटमेंट जोन घोषित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कन्टेमेट जोन में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।उक्त चिन्हित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बन्द रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जायेगी। सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। मेडिकल इमरजेसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारणों से घर के बाहर निकलना प्रतिबंधित स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था हेतु पुलिस पैट्रोलिंग सुनिश्चित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के निदेशनुसार आपातकालीन सर्विलांस ,कान्टेक्ट ,ट्रेसिंग एवं सैम्पल जांच आदि की कार्यवाही की जायेगी। कन्टेंटमेंट जोन में कार्यवाही हेतु दायित्व सौंपा गया है । केवल एक प्रवेश एवं निकास हेतु वैरिकटिंग हेतु अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति एवं सेनेटाईज व्यवस्था हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मैंनपुर एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।




# 4 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

**बाइक से गांजा परिवहन की नई तकनीक से पुलिस भी हैरान**

जिला में पुलिस कप्तान एम.आर.अहीरे के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थ गांजा, अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध थाना कांकेर प्रभारी मोरध्वज देशमुख को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के दिशा निर्देश एवं एसडीओपी. तस्लीम आरिफ के मार्गदर्शन में थाना कांकेर प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख के द्वारा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ गांजा एवं अवैध शराब तस्करों के धरपकड़ एवं कार्यवाही हेतु-थाना कांकेर में पदस्थ उपनिरीक्षक विमल वट्टी, उपनिरीक्षक सत्यम साहू, के नेतृत्व में आरक्षक अरविंद राठौर, मुरली मनोहर यादव, शैलेन्द्र सोरी मौर्य की विशेष टीम तैयार किया गया, जिनके द्वारा उपरोक्त मादक पदार्थ गांजा एवं शराब की अवैध तस्करी की जानकारी के लिए मुखबिर तैयार कर काम में लगाया गया था। 5 जून को दोपहर करीबन 12 बजे मुखबिर से सूचना मिला कि केशकाल तरफ से एक व्यक्ति एक लाल रंग की मोटर सायकल हिरो एच.एफ.डिलक्स क्रमांक सीजी 27 ए 8028 को चलाते हुए आता दिखाई दिया, जो एक लाल काला बोरी में अपने मोटर सायकल के पेट्रोल टंकी के उपर रख मोटर सायकल चला रहा था। पुलिस द्वारा उक्त मोटर सायकल को रोककर, चला रहे, व्यक्ति से पुछताछ किया गया, आरोपी ने अपना नाम रोहित गुप्ता पिता स्व.शिवशंकर गुप्ता उम्र-30 साल, निवासी जैन मंदिर के सामने केशकाल थाना केशकाल, जिला-कोण्डागांव का रहने वाला बताया। जिनसे पुलिस द्वारा उनके मोटर सायकल में गांजा परिवहन होने की मुखबिर की सूचना की तस्दीकी हेतु मोटर सायकल तथा उसमें रखे एक लाल काला रंग की प्लास्टिक बोरी की तलाशी हेतु लिखित मे लिया गया, पुलिस ने आरोपी कि मोटरसाइकल क्रमांक सीजी 27 ए 8028 का तलाशी के दौरान पेट्रोल टंकी के उपर लाल काला रंग के प्लास्टिक बोरी जिसमें अंग्रेजी में मेरी पसंद मसुर दाल लिखा हुआ के अंदर गांजा जैसा मादक पदार्थ भरा हुआ बरामद कर पंचनामा तैयार किया। जिसको पुलिस ने निकालकर चेक किया तो गांजा होना पाया गया। पुलिस द्वारा कुल वजन 04 किलोग्राम, 01 मोटर सायकल, 02 मोबाईल, को कार्यवाही कर जप्त कर लिया हैं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी रोहित गुप्ता को जुटिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है।

NABH द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान
मध्यभारत का 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
• कैंसर सर्जरी • कीमोथैरेपी
• रेडियोथैरेपी • पेट स्कैन
• रक्त रोग • ब्लड कैंसर
• ब्लड बैंक • PSMA स्कैन
• फ्रोजन सेक्शन
• सभी न्यूक्लियर मेडिसीन स्कैन
• बोन मैरो ट्रांस्प्लांट यूनिट
दावड़ा कॉलोनी पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4061010, 4081010
मो. 73899-04010, 73899-05010
info@scch.co.in, www.scch.co.in

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403